आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 30 नवंबर 2024 ■ मार्गशीर्ष पक्ष-15 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-240 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 01 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

फ्लोरा मैक्स कम्पनी के खिलाफ जाँच टीम गठित

कोरबा,30 नवंबर। कोरबा जिले की महिलाओं से ठगी के बड़े मामले की गूंज रायपुर तक सुनाई देने के बाद अब छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया है. आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक के साथ अन्य सदस्यों ने कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें ऑर्डर शीट की कॉपी सौंपी. दरअसल, फ्लोरा मैक्स नाम की कंपनी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का झांसा देकर उलटे उन्हें कर्जदार बना दिया. महिला आयोग के ऑर्डर शीट में कंपनी, कर्मचारी और अन्य दोषियों के खिलाफ महिलाओं की शिकायत दर्ज करने का उल्लेख किया गया है. इसके साथ ही मामले की गहराई से जांच के लिए आयोग ने एक टीम का गठन किया है. टीम कोरबा में कैंप लगाकर पीड़ित महिलाओं से आवेदन और शिकायतें एकत्र करेगी. जनसुनवाई के दौरान आयोग की टीम जिला पंचायत सभागार में पहुंची, जहां उन्होंने महिलाओं की समस्याओं को सुना और समाधान का भरोसा दिलाया. राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने लल्लूराम डॉट कॉम से चर्चा में कहा कि महिलाओं से ठगी का यह मामला गंभीर है. इसमें दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.

एयरपोर्ट की तर्ज पर बनेगा रायपुर रेलवे स्टेशन

रायपुर,30 नवंबर। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना छत्तीसगढ़ प्रवास पर रायपुर पहुंचे। इस दौरान मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि साल 2027 तक रायपुर रेलवे स्टेशन के नए मॉडल स्टेशन का निर्माण हो जाएगा। इसे लेकर रेलवे के अधिकारी तीव्र गति से कार्य कराएंगे। छत्तीसगढ़ में मॉडल रेलवे स्टेशनों के विकास को लेकर रेलवे सक्रिय है। इसके तहत दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर के रेलवे स्टेशन को मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। एयरपोर्ट के तर्ज पर नई रेलवे स्टेशनों के निर्माण कार्य किए जाएंगे।

कार और पिकअप वाहन में टक्कर

कांकेर,30 नवंबर। बाईपास मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जंहा कार और पिकअप वाहन में भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहन सड़क किनारे पलट गए। इस हादसे में चार लोग घायल हो गए हैं। घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया हैं। यह मामला कोतवाली थानाक्षेत्र का बताया जा रहा हैं।

ट्रेलर की चपेट में आकर युवक की मौत

कोरबा,30 नवंबर। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मामला पाली थाना क्षेत्र का है जहां पाली रोड पर यह हादसा हुआ है। मृतक का नाम 28 वर्षीय दीपक लाल था,जो बांकीमोंगरा के के डांगनिया का निवासी था। दीपक अपनी बाइक में सवार होकर रतनपुर स्थित ससुराल जा रहा था। जैसे ही वह पाली मोड़ के पास पहुंचा वैसे ही ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

केंद्रीय कर्मियों के अधिकारों का हनन करने वाली कार्रवाई पुलिस न करे : सुको

नई दिल्ली,30 नवंबर। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य पुलिस द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियों के कर्मचारियों की गिरफ्तारी पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में उचित बैलेंस बहुत महत्वपूर्ण है और कोई ऐसा ऐक्शन नहीं होना चाहिए जो केंद्रीय कर्मचारियों के अधिकारों को हनन करे. साथ ही, जस्टिस सूर्यकांत और उज्जल भुयान ने तमिलनाडु पुलिस द्वारा ईडी अधिकारी को गिरफ्तार करने के मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि राज्य पुलिस के अधिकारों पर भी कोई आंच नहीं आनी चाहिए. ईडी अधिकारी को भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है, कोर्ट ने कहा कि आरोपी को भी निष्पक्ष जांच का अधिकार है. कोर्ट ने कहा कि यह एक प्रमुख केंद्र बनाम राज्य मामला है, जिसमें संघीय ढांचे को व्यापक रूप से देखा जाएगा और फिर ऐसे मामलों की जांच के लिए एक प्रणाली बनाई जाएगी. इसके बाद कोर्ट ने अगले आदेश तक

गिरफ्तार ईडी अफसर को अंतरिम जमानत दे दी. यह मामला तमिलनाडु का है, जहां एक ईडी अफसर 20 लाख रुपए घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था. तमिलनाडु के एडिशनल एडवोकेट जनरल अमित आनंद तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मामले की जांच भी भ्रष्टाचार रोधी कानून के तहत की जाएगी. ईडी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख करने के चलते राज्य पुलिस चार्जशीट फाइल करने के लिए इंतजार कर रही है, लेकिन तिवारी ने आरोपी अधिकारी के वकील को रोकते हुए कहा कि आरोपी यह तय नहीं करेगा कि कौन सी जांच एजेंसी मामले की जांच करेगी. बेंच ने कहा कि आरोपी भले ही ऐसा नहीं कर सकता, लेकिन उसे निष्पक्ष जांच करने का पूरा अधिकार है.मामले में बहस की ओर इशारा करते हुए, बेंच ने कहा कि संघीय ढांचे में सभी को अपने विशेष न्यायक्षेत्र का अधिकार है. कोर्ट ने कहा कि मान लीजिए कि किसी राज्य की पुलिस ने गुस्से में किसी केंद्रीय कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया तो इससे संवैधानिक खतरा पैदा होगा.

संभल में सिक्योरिटी हाई, सपा नेताओं को नहीं मिली जाने की इजाजत

नई दिल्ली,30 नवंबर। शाही जामा मस्जिद सर्वे को लेकर 24 नवंबर को पथराव की घटना के बाद यूपी के संभल में सुरक्षा तैनात की गई है। समाजवादी पार्टी (सपा) का एक प्रतिनिधिमंडल आज संभल आ सकता है। हालांकि, उन्हें जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है। पुलिस ने माता प्रसाद पांडे को लखनऊ स्थित उनके आवास के बाहर ही रोक लिया है। उन्होंने कहा कि डीएम संभल ने भी मुझे फोन करके बताया था कि बाहरी लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध 10 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है। इसलिए मैं अब पार्टी कार्यालय जाऊंगा और अपनी अगली कार्रवाई पर निर्णय लेने से पहले इस मुद्दे पर चर्चा करूंगा। दिल्ली-गाजियाबाद बॉर्डर पर पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद समाजवादी पार्टी के सांसद हरेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि उन्होंने हमें रोका है और कह रहे हैं कि अधिकारी हमसे बात करेंगे। प्रोटोकॉल के अनुसार, संसद सदस्य को भारत सरकार के कैबिनेट सचिव से ऊपर माना जाना चाहिए। दुर्भाग्य से, हमें एसीपी के साथ बातचीत करने से रोक दिया गया है। हम एसीपी के आने का इंतजार कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि पुलिस ने हमें रोका है। जब सर्वेक्षण (शाही जामा मस्जिद पर) किया जा रहा था तो यूपी पुलिस को धैर्य रखना चाहिए था। अब जब हम शांति की अपील करने के लिए (संभल) जा रहे हैं और लोगों का हालचाल पूछते हैं तो वो हमें रोक रहे हैं। समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर रहमान बर्क ने कहा कि दुर्भाग्य से, पुलिस ने हमें रोक दिया। मैं इसकी निंदा करता हूं। जनता की आवाज कौन उठाएगा? अगर पुलिस, प्रशासन लोगों के खिलाफ खड़ा है तो विपक्ष की जिम्मेदारी है कि वह उनकी मदद करे। उन्होंने कहा कि हम घटना (संभल) की रिपोर्ट सपा मुखिया अखिलेश यादव को देना चाहते हैं। लेकिन, सरकार पुलिस की करतूतों को छिपाने के लिए यह सब कर रही है। बर्क ने आगे कहा कि उन्होंने (यूपी पुलिस) हमें जबरन रोका और जाने नहीं दे रहे हैं।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पुलिस को लगाई फटकार

बिलासपुर,30 नवंबर। हाईकोर्ट ने सक्ती जिले के डभरा थाना में दर्ज एक मामले की जांच में 8 माह की देरी और एफआईआर को चुनौती देने के मामले में पुलिस अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई है. मामले की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा, ÷अधिकारियों की रोज फोटो छप रही है, लेकिन वे अपने काम में लापरवाही बरत रहे हैं. अधिकारी बॉलीवुड स्टार नहीं हैं.÷ मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस एक प्रसाद की डिवीजन बेंच में हुई. डभरा थाने में 25 अप्रैल 2024 को भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 408 और 420 के तहत मामला दर्ज किया गया था. एफआईआर को चुनौती देते हुए एक आरोपी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की. मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी ने उपस्थित होकर कोर्ट को बताया कि एफआईआर दर्ज होने के 8 माह बाद भी इसे उजागर नहीं किया गया और जांच में कोई प्रगति नहीं हुई है. चीफ जस्टिस ने इस लापरवाही के लिए अफसरों को जमकर फटकार लगाई. चीफ जस्टिस सिन्हा ने कहा कि अफसरों की रोज मीडिया में फोटो छप रही है. जो काम उनकी ड्यूटी में शामिल है वही नहीं कर रहे हैं. चीफ जस्टिस की नाराजगी यहीं पर कम नहीं हुई, उन्होंने कहा कि अफसर अपने आपको बॉलीवुड स्टार समझते हैं क्या. वे कोई बालीवुड स्टार नहीं है जो पलक झपकते काम पूरा कर लेंगे. पेंडेंसी को लेकर उनकी नाराजगी सामने आई है. इसी तरह के एक अन्य प्रकरण के साथ इस मामले को मर्ज करने व दोनों मामलों की एक साथ दो दिसंबर को सुनवाई करने का निर्देश दिया है

अफसर बॉलीवुड स्टार नहीं हैं

पांच हजार शिक्षकों की अब जाएगी नौकरी

बिलासपुर,30 नवंबर। छत्तीसगढ़ के प्राइमरी स्कूलों में डीएलएड डिप्लोमाधारकों को शिक्षक के पद पर नियुक्त करने के लिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद वर्मा की बेंच ने राज्य शासन को निर्देश जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि सात दिनों के भीतर डिप्लोमाधारकों की चयन सूची जारी की जाए, जिन्हे प्राइमरी स्कूलों में शिक्षक के पद पर नियुक्ति दी जानी है। डीएलएड डिप्लोमाधारकों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में चौथी बार अवमानना याचिका दायर की है। इस अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए सिंगल बेंच ने राज्य सरकार के रवैये को लेकर जमकर नाराजगी जताई है। चीफ जस्टिस ने दो टूक कहा कि सुप्रीम कोर्ट और उसके बाद हाईकोर्ट के फैसले के बाद भी राज्य सरकार आदेश का परिपालन करने के बजाय लगातार अवहेलना कर रही है। याचिकाकर्ताओं द्वारा लगातार न्यायालयीन आदेश की अवहेलना के आरोप में अवमानना याचिका दायर की जा रही है। बता दें कि अवमानना याचिका की पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट ने शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जोड़कर उनकी बातें सुनी थी। विभागीय अधिकारियों के जवाब सुनने के बाद कोर्ट ने 21 दिनों के भीतर प्राइमरी स्कूलों में नौकरी कर रहे बीएड डिग्रीधारकों को बाहर निकालने और उनकी जगह मेरिट के आधार पर डीएलएड डिप्लोमाधारकों को नियुक्ति देने के लिए सूची जारी करने का निर्देश दिया था। वहीं हाई कोर्ट द्वारा तय की गई समय सीमा बीते जाने के बाद भी जब राज्य शासन की ओर से नियुक्ति देने के संबंध में प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई, तब डिप्लोमाधारकों ने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालीयन आदेश की अवहलेना का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की है। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के रवैये को लेकर नाराजगी जाहिर की है। वहीं राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के ला अफसर ने बताया कि डीएलएड डिप्लोमाधारकों की मेरिट के आधार पर सूची बनाने और जारी करने की जिम्मेदारी व्यापमं को दी गई है। व्यापमं की ओर से इस संबंध में विलंब किया जा रहा है। वहीं कई बार निर्देश के बाद भी राज्य सरकार द्वारा प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाए जाने को लेकर कोर्ट की तल्खी सामने आई है। नाराज कोर्ट ने कहा कि इस पूरे मामले में जानबूझकर न्यायालय का समय बर्बाद किया जा रहा है। आदेश के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है और ना ही भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है। कोर्ट ने राज्य शासन को अंतिम अवसर देते हुए सात दिनों के भीतर मेरिट के आधार पर डीएलएल अभ्यर्थियों की सूची जारी करने और नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश दिया है। अवमानना याचिका पर अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 10 दिसंबर की तारीख तय की है।

चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी अन्यायपूर्ण: भागवत

नागपुर,30 नवंबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने शनिवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि हिंदुओं पर अत्याचार बंद हों और इस्कॉन भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास को तुरंत जेल से रिहा किया जाए। आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबले ने एक बयान में भारत सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर अत्याचार रोकने के अपने प्रयास जारी रखने और ÷जितनी जल्दी हो सके÷ इसके समर्थन में वैश्विक राय बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की। होसबले ने एक बयान में साफ तौर पर कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हों। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को अन्यायपूर्ण कारावास से मुक्त करें। बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत सरकार से भी यह आवाहन करता है कि वह बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के प्रयासों को हरसंभव जारी रखे तथा इस के समर्थन में वैश्विक अभिमत बनाने हेतु यथाशीघ्र आवश्यक कदम उठायें। आरएसएस नेता ने कहा

कि इस महत्वपूर्ण समय में भारत तथा वैश्विक समुदाय एवं संस्थाएँ बांग्लादेश के पीड़ितों के साथ खड़े होकर अपना समर्थन प्रकट करना चाहिए तथा अपनी-अपनी सरकारों से इस हेतु हरसंभव प्रयासों की माँग करना विश्व शांति एवं भाईचारे हेतु आवश्यक है। आपको बता दें कि बांग्लादेश पुलिस ने इससे पहले सोमवार को इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) के भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे क्षेत्र से गिरफ्तार किया था, जब वह चटगांव की यात्रा कर रहे थे। आरएसएस के बयान में यह भी कहा गया है कि बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगज़नी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार अत्यंत चिंताजनक हैं तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस की भर्त्सना करता है। वर्तमान की बांग्लादेश सरकार तथा अन्य एजेंसियां इसे रोकने के जगह केवल मूकदर्शक बनी हुई है। विवशतावश बांग्लादेश के हिन्दुओं द्वारा स्वरक्षण हेतु लोकतांत्रिक पद्धति से उठायी गई आवाज़ को दबाने हेतु उन्हीं पर अन्याय व अत्याचार का नया दौर उभरता दिख रहा है।

अतिक्रमण हटाने के विरोध में शहर बंद

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर,30 नवंबर। छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में बीते दिन व्यापारी-तहसीलदार विवाद में व्यापारी की गिरफ्तारी के बाद आज चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने व्यापारी के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया है. व्यापारी संघ ने प्रशासन की तरफ से जारी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के खिलाफ शहर बंद का आह्वान कर दिया है. इसके चलते आज मनेन्द्रगढ़ में सभी व्यापारी अपनी दुकानें बंद रखेंगे. चेंबर ऑफ कॉमर्स का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारी अतिक्रमण हटाने के नाम पर गलत तरीके से कार्रवाई कर रहे हैं, इसके विरोध में उन्होंने आज बंद का आह्वान किया है. बता दें बीते दिन शुक्रवार को मनेंद्रगढ़ में अतिक्रमण हटाने के दौरान आज एक व्यापारी ने तहसीलदार को थप्पड़ जड़ दिया. तहसीलदार यादवेंद्र कैवर्त मौहरपारा इलाके में गोपाल शीत गृह के पास अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे. इस दौरान अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान उनकी एक युवा व्यापारी से बहस हो गई, जिससे आवेश में आकर व्यवसायी नितिन अग्रवाल ने उन्हें थप्पड़ मार दी. घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी नितिन अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया गया. युवा व्यापारी के गिरफ्तारी के बाद नाराज चेंबर ऑफ कॉमर्स ने इस कार्रवाई को गलत बताते हुए शहर बंद कर विरोध प्रदर्शन कर रहा है. वहीं इस मामले को लेकर चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष पंकज संचेती ने कहा कि अगर प्रशासन नियम पूर्वक कार्रवाई करती तो हमें कोई आपत्ति नहीं थी. इसके अलावा हमने मीटिंग में भी कहा था कि आप अतिक्रमण हटाने से पहले मुनादी करवा दीजिए. लेकिन उन्होंने मुनादी नहीं की और सीधे बुल्डोजर कार्रवाई कर सामान तोड़ने लगे. बीते दिन कार्रवाई के दौरान व्यापारी ने सामान हटाने के लिए समय मांगा तो उसे समय नहीं दिया गया और सीधे बुल्डोजर से उसके सामान (सीमेंट की शीटों) को तोड़ दिया गया. इससे व्यापारी को डेढ़ लाख का नुकसान हुआ है, ऐसी कार्रवाई पर व्यापारी को गुस्सा आना स्वाभाविक है.बता दें, यह पहली बार नहीं है जब तहसीलदार विवादों में आए हैं. बीते सप्ताह अतिक्रमण हटाने के दौरान भी एक व्यवसायी प्रियम केजरीवाल का मोबाइल छीनने का मामला सामने आया था. प्रियम ने तहसीलदार की कार्यवाही का वीडियो बनाते हुए उनसे सवाल किया था, जिससे नाराज होकर तहसीलदार ने उसका मोबाइल छीन लिया था.

बांग्लादेशी मरीजों के इलाज से इंकार

कोलकाता,30 नवंबर। बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमलों के बीच पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में कुछ डॉक्टरों ने बड़ा फैसला किया है। उन्होंने बांग्लादेश से आने वाले मरीजों का इलाज करने से इनकार कर दिया है। कोलकाता के माणिकतला स्थित जेएन रे अस्पताल ने बांग्लादेशी मरीजों के इलाज पर रोक लगाने का फैसला किया है। यह निर्णय बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचार और भारतीय ध्वज के अपमान को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन के बीच लिया गया है। अस्पताल के एक अधिकारी सुभ्रांशु भक्त ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, हमने एक नोटिस जारी किया है कि आज से अनिश्चितकालीन समय तक हम किसी भी बांग्लादेशी मरीज को इलाज के लिए भर्ती नहीं करेंगे। यह निर्णय मुख्य रूप से उनके द्वारा भारत के प्रति दिखाए गए अपमानजनक व्यवहार के कारण लिया गया है। अस्पताल प्रशासन ने कोलकाता के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों से भी इस तरह के कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने इसे बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ हो रहे कथित दुर्व्यवहार और भारत-विरोधी भावनाओं के खिलाफ एक प्रतीकात्मक विरोध बताया। भक्त ने कहा, हमने तिरंगे का अपमान होते देखा और यह बहुत ही दुखद है। भारत ने बांग्लादेश की आजादी में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन इसके बावजूद वहां भारत-विरोधी भावनाएं देखने को मिल रही हैं। हमने यह कदम उठाया है और उम्मीद करते हैं कि अन्य अस्पताल भी हमारा साथ देंगे।

नई दिल्ली। 60 लाख सदस्यता लक्ष्य पूरा होने की घोषणा गुब्बारे उड़ाकर करते हुए राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय सदस्यता सहप्रभारी नरेश बंसल, भाजपा प्रदेश प्रभारी नीतिन नवीन , पर्यवेक्षक गजेंद्र पटेल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिहदेव , सदस्यता प्रभारी अनुराग सिंह देव।

चंद्रचूड़ के गलत फैसलों के कारण मस्जिदों का होने लगा सर्वे

नई दिल्ली,30 नवंबर। संबल और अजमेर शरीफ पर निचली अदालतों के फैसलों ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को निशाने पर ला दिया है। उन पर आरोप लगाया जा रहा है कि उनके फैसले ने देश में धार्मिक स्थलों के सर्वेक्षणों और याचिकाओं के लिए दरवाजे खोल दिए। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और समाजवादी पार्टी के सांसदों ने 2023 में चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर के सर्वे की अनुमति देने वाले फैसले को गलत बताया है। SP सांसद जिया-उर-रहमान बरक और मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा, चंद्रचूड़ का फैसला गलत था। इससे और सर्वे की याचिकाओं का रास्ता खुल गया है। सुप्रीम कोर्ट को इस पर संज्ञान लेना चाहिए और ऐसे सर्वे रोकने चाहिए।पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी बयान जारी कर कहा कि यह फैसला प्लेस ऑफ वर्शिप ऐक्ट, 1991 की भावना के खिलाफ है। बोर्ड ने कहा, बाबरी मस्जिद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इस अधिनियम का हवाला देकर कहा था कि किसी भी पूजा स्थल की स्थिति को 15 अगस्त 1947 के अनुसार बदला नहीं जा सकता। लेकिन ज्ञानवापी मामले में अदालत ने सर्वे की अनुमति देकर अपनी स्थिति नरम कर दी। ज्ञानवापी फैसले के बाद मथुरा के शाही ईदगाह, लखनऊ के टीले वाली मस्जिद और अब संबल की जामा मस्जिद के साथ-साथ अजमेर शरीफ में मंदिर होने के दावों पर याचिकाएं दाखिल हुई हैं।

वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन की पार्किंग में लगी आग

वाराणसी,30 नवंबर। धर्म नगरी कही जाने वाली वाराणसी में आज सुबह आग लगने का मामला सामने आया है। यहां के कैंट रेलवे स्टेशन की पार्किंग में सुबह-सुबह आग लग गई। वहीं पार्किंग एरिया में आग लगने की वजह से करीब 200 से अधिक गाड़ियां जलकर राख हो गईं। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें जली हुई गाड़ियों को देखा जा सकता है। हालांकि इस घटना में किसी के मरने या घायल होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से ये हादसा हुआ। दरअसल, वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन के पार्किंग एरिया में शनिवार तड़के भीषण आग लग गई।

चिंतनीय: 25 वर्षों में हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों ने नहीं बनाई अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

jasclaudius@gmail.com

छत्तीसगढ़ में नई खेलकूद नीति की आवश्यकता

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना के रजत जयंती वर्ष में आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश से अलग होकर एक नवम्बर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ। प्रदेश में इस दौरान जनकल्याणकारी कार्यक्रम के लिए अनेक तरह की नीति बनी। जिससे प्रदेश के निवासियों के दैनिक जीवन में बदलाव की शुरुवात हुई। परंतु खेलकूद के क्षेत्र में कोई प्रभावी, लाभप्रद, ठोस नीति नहीं बनाई गई है। वस्तुतः लगता है खेलकूद के जीवन में महत्व को समझ पाने में नीति बनाने वाले असफल रहे। मानव सभ्यता के विकास के साथ खेलकूद जीवन का अंग बन गया। खेल का मनुष्य के जीवन में सबसे प्रभावी महत्व यह है कि वह शारीरिक रूप से फिट, चुस्त-दुरुस्त रखता है। फिर खेल के मुकाबले अनुशासन, समय की पाबंदी, विजय की रणनीति, पराजय से उबरने की इच्छाशक्ति, सफलता या असफलता में स्वयं पर नियंत्रण रखने का पाठ पढ़ाती है। एक समय में खेलकूद मनोरंजन का साधन हुआ करता था। आज के युग में प्रतियोगिताएं धन कमाने का माध्यम हो गई है। आज खेलकूद कैरियर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है खिलाड़ी ही नहीं स्पर्धाओं से जुड़े आम आदमी या विशेषज्ञों का जीवनस्तर सुधर रहा है जबकि मैदान के बाहर अनेक पढ़े-लिखे बेरोजगारों के लिए सम्मानजनक ढंग से धन कमाने का जरिया बन गया है। खेल की इतनी खूबियां होने के बावजूद छत्तीसगढ़ राज्य में उसके महत्व को अब तक पहचाना नहीं जा सका है। इसके लिए सबसे प्रमुख कारण राजनीतिज्ञों, खेल प्रशासकों, पूर्व खिलाड़ियों, खेल संघ के तमाम पदाधिकारियों, खेल स्पर्धा आयोजनकर्ताओं, खेल से जुड़े विशेषज्ञों, खेल पत्रकारों से सीधा संपर्क, संवाद नहीं बनाया जाना है। पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रौशन करने वाले ओलंपिक और नान ओलंपिक खेलों के खिलाड़ियों को ऊंगलियों पर गिना जा सकता है। इसकी प्रमुख वजह बच्चों, किशोरों में खेलकूद के प्रति लगाव पैदा नहीं कर पाना है। इसके लिए सबसे पहले प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल के लिए अनिवार्य रूप से कम से कम पांच एकड़ भूमि, विकासखंड मुख्यालय में आठ एकड़, जिला मुख्यालय में 12 एकड़ भूमि का आबंटन और उसको चारों तरफ से घेरना अत्यंत आवश्यक है ताकि कोई अवैध कब्जा न जमा सके। इसके साथ ही सड़क किनारे या बाग-बगीचे मेंओपन जिम की व्यवस्था होनी चाहिए। कम से कम पांच पंचायतों में एक प्रशिक्षित व्यायाम शिक्षक होना चाहिए। जैसे पढ़ाई में होशियार विद्यार्थियों तथा उनके माता-पिता/अभिभावकों को आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहन दिया जाता है ठीक उसी तरह जिस विद्यार्थी में खेल के प्रति लगाव नजर आता हो उसको तथा उनके अभिभावकों को सूचित करके ऐसे नन्हें खिलाड़ियों को प्रशिक्षित या खेल शिक्षक की देखरेख में आगे बढ़ने के लिए योजना बनानी होगी और ऐसे खिलाड़ियों को वार्षिक परीक्षा में विशेष अंक दिया जाना होगा। प्रत्येक टूर्नामेंट की जानकारी स्थानीय समाचारपत्र और सोशल मीडिया को देना चाहिए ताकि प्रचार हो सके। बड़े स्टेडियम, खेल परिसर का नामकरण छत्तीसगढ़ के ही प्रमुख/स्थानीय खिलाड़ियों के नाम पर रखा जाना चाहिए। हमारे प्रदेश में कई खेलों के खेल परिसर/स्टेडियम अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट कराने लायक हैं उसमें विशेषकर ओलंपिक खेलों या क्रिकेट/शतरंज/कबड्डी/खो-खो आदि के अंतर्राष्ट्रीय मैच आयोजित किया जाना चाहिए। किसी बहुखेल अंतर्राष्ट्रीय, विश्व या महाद्वीपीय स्पर्धा में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रतियोगिता में भाग लेने के पूर्व ही पुरस्कार दिये जाने की नीति बनाई जानी चाहिए। अभिभावकों को खेल में इस तरह की नीति की जानकारी होने से वे अपने बच्चों को खेलकूद में भाग लेने के लि प्रोत्साहित कर सकेंगे। इस स्पर्धा में शालेय बच्चों के लिए खेल परिसर के क्षमता के अनुसार कम से कम 10 प्रतिशत स्थान निःशुल्क आबंटित रहना चाहिए। शालाओं में सप्ता हमें दो पीरियड खेलकूद के लिए आरक्षित होना चाहिए तथा छत्तीसगढ़ के शालेय पाठ्यपुस्तकों में कम से कम दो खेल और भारत के दो विश्व स्तरीय खिलाड़ी की जीवनी को पढ़ाया जाना चाहिए। लड़कियों की टीम के लिए महिला मैनेजर और खेल प्रशिक्षक रखना चाहिए। उपरोक्त नीति को लागू होने से छत्तीसगढ़ में अनेक खेल प्रतिभाएं सामने आएगी।

एक नजर

49 लाख रुपए की ठगी

भिलाई, 30 नवंबर। भिलाई रश्मि ग्रुप आफ. कंपनी खड़गपुर पश्चिम बंगाल के असिस्टेंट डायरेक्टर इंद्र प्रकाश कश्यप को डिजिटल अरेस्ट कर 49 लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के एक सदस्य बापू श्रीधर भराड़ को पुलिस ने महाराष्ट्र के औरंगाबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने करोड़ों रुपये की मनी लांड्रिंग के मामले में गिरफ्तार जेट एयरवेज के मालिक नरेश गोयल से पीड़ित के कनेक्शन जोड़कर अपना शिकार बनाया था। गिरफ्तार किए गए आरोपित के खाते में ही पीड़ित से रुपये मंगाए गए थे। आरोपित से मिली जानकारी पर पुलिस की टीमें रवाना हुई हैं और जल्द ही पूरे गिरोह का राजफाश होने की उम्मीद जताई जा रही है।एएसपी सुखनंदन राठौर और क्राइम डीएसपी हेमप्रकाश नायक ने बताया कि 40 वर्षीय आरोपित बापू को आरएल 96/01 एमआइडीसी वलूज ब्जाज नगर औरंगाबाद से गिरफ्तार किया गया है आरोपित ग्राम राहेगांव थाना वैजापुर जिला संभाजीनगर महाराष्ट्र का मूल निवासी है उसने आइसीआइसीआइ बैंक औरंगाबाद में वैष्णवी आटो एंड स्पेयर फर्म के नाम पर एक कार्पोरेट खाता खुलाया था, जिसका इस्तेमाल ठगी के लिए किया था। आरोपित ने इस गिरोह को अपना खाता 20 प्रतिशत कमीशन पर दिया था दो दिन में ही उसके खाते में करीब दो करोड़ रुपये आए थे इसके एवज में आरोपित को 40 लाख कमीशन मिलने वाला था आरोपित ने बताया है कि उसने एक दलाल के माध्यम से अपने खाते को ठगी के लिए दिया था पूरा गिरोह है सक्रिय, अलग अलग शहरों को टीमें रवाना आरोपित बापू इस गिरोह की एक छोटी सी कड़ी है। उससे जो जानकारी मिली है, उसके आधार पर पता चला है कि गिरोह में बहुत से लोग हैं मुंबई और चंडीगढ़ के दो लोगों को भी इस गिरोह ने डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की थी जिनसे आरोपित के खाते में रुपये मंगाए गए थे इन दोनों जगह भी इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है अभी टीमें अलग-अलग शहरों के लिए रवाना हो चुकी है और जल्द ही मुख्य आरोपितों की गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है

तीन आरोपी गिरफ्तार

भिलाई, 30 नवंबर। भिलाई खुर्सीपार निवासी आरोपित माजिद खान ने तीन दोस्तों किशन, ढोल, मिथलेश पाठक के साथ मिलकर उज्जवल जायसवाल नाम के युवक से लूटपाट की पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया है मुख्य आरोपित माजिद फरार है, जिसकी तलाश है तीनों आरोपितों ने 25 नवंबर को पीड़ित को फोन कर नवीन कालेज मैदान खुर्सीपार बुलाया था पीड़ित बाइक से. पहुंचा, जहां आरोपित माजिद उसे मिला उसने पीड़ित से 20 हजार मांगे तो मना कर दिया सभी आरोपितों ने पीड़ित को खंजर मारकर घायल कर दिया फिर उसके गले पर खंजर टिका दिया इधर आरोपित माजिद ने पीड़ित की बाइक से चाबी निकाल ली और बोला कि वह घर वालों को फोन कर यूपीआइ पर 20 हजार रुपये मंगवाए ।

सोने-चांदी के आभूषण चोरी

भिलाई, 30 नवंबर। भिलाई जामुल थाना क्षेत्र सतनामी मोहल्ला छावनी बस्ती के एक घर में चोरी हुई है अज्ञात आरोपित ने घर की आलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए जामुल पुलिस ने प्राथमिकी कर आरोपित की तलाश शुरू की है पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता उपेंद्र भेश्राम के बड़े पिता की मृत्यु होने पर वे 24 नवंबर को परिवार सहित ग्राम दर्री डोंगरगांव जिला राजनांदगांव गए थे वहां से 27 नवंबर को वापस लौटे तो घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला अंदर जाकर देखा तो आभूषण गायब थे चोरी गए जेवर की कीमत करीब 50 हजार आकी गई है ।

उर्जा एवं जल संरक्षण के प्रति कृषकों में जागरूकता लाने कार्यशाला का हुआ आयोजन

दुर्ग, 30 नवम्बर। ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसेंसी (बीईई) भारत सरकार द्वारा ऊर्जा एवं जल संरक्षण के प्रति कृषकों में जागरूकता लाने हेतु आज कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा (अ) विकासखण्ड पाटन दुर्ग में अर्द्ध दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।छ.ग.राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यशाला में क्रेडा विभाग के जिला प्रभारी श्री रवीन्द्र कुमार देवांगन द्वारा सोलर पंप एवं अन्य सौर संयंत्रों के सफल संचालन हेतु विस्तृत जानकारी कृषकों को दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं निदेशक डॉ विजय जैन (कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा 'अ') ने अपने अनुभव साझा करते हुये बताया कि वर्तमान में बिजली एवं जल के अत्यधिक दोहन से उत्पन्न ऊर्जा संकट तथा निरंतर गिरते हुये जल स्तर के कारण भविष्य में आने वाली कठिनाईयों के निदान के लिए आज संरक्षण बहुत ही आवश्यक है। उप संचालक कृषि श्री संदीप भोई द्वारा किसानों को जल एवं मृदा संरक्षण हेतु कार्यशाला की उपयोगिता तथा कार्यशाला में दिये जाने वाली जानकारी के प्रयोग द्वारा ऊर्जा संरक्षण किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया। श्री कमल नारायण वर्मा (विषय विशेषज्ञ उद्यानकीय) द्वारा किसानों को अवगत कराया गया कि फसल चक्र परिवर्तन के माध्यम से किस्म के आधार पर पानी की आवश्यकता पड़ती है जिसकी जानकारी होने पर बहुत अधिक मात्रा में जल का संरक्षण किया जा सकता है।रबी के फसल में दलहन तिलहन फसलों का उपयोग मृदा एवं जल संरक्षण दोनों में सहायक है, तथा मिथेन गैस के उत्सर्जन को किस प्रकार कम किया जा सकता है। श्री दिनेश सिन्हा (सोलेक्सी इको पॉवर) द्वारा ऊर्जा दक्ष पंपों का प्रदर्शनीय कर ऊर्जा बजत की जानकारी दिया गया, जिससे कृषकों द्वारा भविष्य में कृषि कार्य के लिए ऊर्जा दक्ष उपकरणों का उपयोग एवं फसल चक्र अपनाते हुये जल संरक्षण हेतु संकल्प लिया गया।

ईपीएस-95 पेंशन में भेदभाव खत्म करें सांसद ने श्रम मंत्री से की कार्रवाई की मांग

भिलाई, 30 नवंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र (सेल) के लगभग 16,000 पूर्व कर्मी, जो ईपीएस-95 योजना के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे हैं, लंबे समय से उच्च पेंशन के लाभ से वंचित हैं। इस गंभीर मुद्दे को लेकर भिलाई के सांसद विजय बघेल ने श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि विगत दिनों भारी संख्या में उच्च पेंशन से वंचित भिलाई इस्पात संयंत्र के भूतपूर्व कर्मी सांसद विजय बघेल से मिल कर ई.पी.एफ.ओ. रायपुर के हीलाहवाली रवैये से अवगत कराते हुए हस्तक्षेप का अनुरोध किया था, जिसे बघेल ने गंभीरता से लेते हुए इसे उच्च स्तर तक उठाने का आश्वासन दिया था । सांसद की मंत्री से इस मुलाकात को इसी कड़ी में देखा जा रहा है । सांसद बघेल ने मंत्री को अवगत कराया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद रायपुर कार्यालय की हीलाहवाली के कारण भिलाई इस्पात संयंत्र के पेंशनधारी कर्मियों को उच्च पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन- सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार अंतिम वास्तविक वेतन को पेंशन गणना का आधार बनाना चाहिए। इसके बावजूद ईपीएफओ रायपुर कार्यालय पुराने प्रावधानों का हवाला देकर उच्च पेंशन से इनकार कर रहा है। पूर्व कर्मियों से ली गई राशि की वापसी- ईपीएफओ रायपुर ने उच्च पेंशन के लिए अंतर राशि (रु 15-30 लाख) जमा करवाई और बाद में इसे वापस करते हुए उच्च पेंशन देने से इनकार कर दिया। सांसद बघेल ने कहा योजना वरिष्ठ नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ईपीएफओ रायपुर की इस कार्रवाई से भिलाई के हजारों पूर्व कर्मी और उनके परिवार प्रभावित हो रहे हैं। सरकार को इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप कर न्याय दिलाना चाहिए। मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व कर्मियों के मामलों को प्राथमिकता से लिया जावेगा।

अपने घर से बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाना शुरू करें मितानिन

भिलाई, 30 नवंबर। 70 प्लस वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम भिलाई क्षेत्र में निरंतर चल रहा है। अभी तक 900 से अधिक 70 प्लस के बुजुर्ग व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसको और गति देने के लिए नगर निगम भिलाई की सभागार में मितानिन बहने, ट्रेनर एवं मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर की गई की ट्रेनिंग आयोजित की गई। उन्हें बताया गया कैसे हम मोबाइल के माध्यम से रजिस्टर्ड करने के बाद हितग्राहियों को घर घर जाकर आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। 70 प्लस आयुष्मान कार्ड सभी वर्ग के लोगों का बन रहा है, इसमें रु. 500000 तक का नेशनल चिकित्सा बीमा प्रदान किया जाता है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा आह्वान किया गया कि सबसे पहले अपने घर के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाना शुरू करें। फिर उसके बाद अपने अड़ोस-पड़ोस, मोहल्ले के घर.घर जाएं आयुष्मान कार्ड बनाएं, हमारे नगर निगम में 26000 से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाना है, इसमें शीघ्रता लाना है। निर्धारित अवधि के अंदर हम सब अपने लक्ष्य को पाना है।

यांत्रिकी सेवा विभाग ने किया संरचनाओं का निरीक्षण और सुधार कार्य

भिलाई, 30 नवंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सौंदर्य में सुधार लाने और महत्वपूर्ण संरचनाओं के जीवन को बढ़ाने के लिए महाप्रबंधक आशीष घोष और उपप्रबंधक महेश कुमार गुहा के मार्गदर्शन में यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा एक व्यापक अनुबंध संचालित किया जा रहा है।

पिछले दो वर्षों में तत्कालीन मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा और तत्कालीन मुख्य महाप्रबंधक एस के गजभिये के नेतृत्व में लगभग 7 लाख वर्ग मीटर की तकनीकी संरचनाओं के सभी ऊंचाई और गहराई को कवर करते हुए 19 विभागों में संक्षारण रोधी पेंट किया गया है। वर्तमान में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बी के बेहरा के कुशल मार्गदर्शन में अगले चक्र (2024-2026) में तकनीकी संरचनाओं, कन्वेयर गैलरी और महत्वपूर्ण गैस पाइपलाइनों की व्यापक पेंटिंग की योजना बनाई गई है।

छग राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर पटेल का भव्य स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,30 नवंबर। गुरुवार को मरार पटेल समाज जिला कबीरधाम की ओर से नवनियुक्त छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल एवं छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री कवर्धा विधायक विजय शर्मा के निज सहायक सचिव रामकुमार पटेल के स्वागत अभिनन्दन कार्यक्रम माँ शाकम्भरी मंगल भवन जिला मुख्यालय भोरमदेव रोड ग्राम समनापुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया । संरक्षक-संतोष पटेल,विजय पाटिल प्रवक्ता तुलसी पटेल,जिला अध्यक्ष भगवानसिंह पटेल ,सचिव राजू पटेल ,जिला मीडिया प्रभारी सैगोना मंडल अध्यक्ष शंकर पटेल,कर्मचारी प्रकोष्ठ धर्मेंद्र पटेल,युवा जिला अध्यक्ष भुनेश्वर पटेल,जिला महामंत्री राजू पाटिल, सहसचिव महेश पटेल,रामाधार पटेल,भगत पटेल,जनपद सदस्य विजय पटेल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि चंदन पटेल,निरंजन पटेल , सतेल पटेल,बिरसिंह पटेल जगेशर पटेल, प्रवक्ता रामावतार पटेल , हुमलाल पटेल, जिला आकेश्वक परशुराम पटेल ,सुरेश पटेल एवं जिलों भर से आए स्वजातीय मरार समाज प्रमुख कुरहा मालिक कड़हार तथा मंडल पदाधिकारी तथा ग्राम अध्यक्षों एवं समस्त ग्रामवासी के द्वारा भव्य रूप से स्वागत अभिनंदन किया गया ।

कलेक्टर ने किसानों से की अपील, पराली(पैरा) न जलाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,30 नवंबर। कबीरधाम जिले के कलेक्टर गोपाल वर्मा ने किसानों से अपील की है कि वे खेतों में पराली (पैरा) जलाने से बचें, क्योंकि यह न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि यह गौवंश के लिए चारे की समस्या को भी बढ़ाता है। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि इस समस्या से निपटने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए और किसानों को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाए। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि धान की कटाई के बाद खेतों में बड़ी मात्रा में पैरा बचता है। कई किसान इसे जलाकर नष्ट कर देते हैं, जिससे न केवल वायु प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि गौवंश के लिए चारे की उपलब्धता में भी कमी होती है। इस स्थिति से बचने के लिए किसानों को पैरा जलाने के बजाय सुरक्षित स्थानों पर एकत्रित करने की सलाह दी गई है, ताकि इसे गौवंश के लिए उपयोग किया जा सके और पर्यावरण में भी सुधार हो। कलेक्टर वर्मा ने बताया कि ग्रामीण परिवारों में गौवंश के लिए सालभर चारे की आवश्यकता होती है। यदि किसान अपने खेतों से निकले पैरा को जलाने के बजाय सुरक्षित स्थानों पर एकत्रित करते हैं, तो यह पैरा गौवंश के लिए बहुत उपयोगी साबित हो सकता है। साथ ही, इससे पर्यावरण में भी सुधार होगा और पशुपालन में मदद मिलेगी। इस अभियान से न केवल गौवंश को चारे की समस्या का समाधान होगा, बल्कि पर्यावरण को होने वाले नुकसान को भी रोका जा सकेगा। सीईओ जिला पंचायत त्रिपाठी ने ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिवों को इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वे किसानों को जागरूक करें और उन्हें पराली जलाने से रोकने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में सीईओ जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने सभी जनपद पंचायतों को पत्र जारी किया है ।

एनसीसी कैडेटों का फायरिंग प्रशिक्षण

भिलाई, 30 नवंबर। 37 सी जी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी के निर्देशानुसार 26 से 30 नवम्बर तक फायरिंग प्रशिक्षण का आयोजन एसटीएफ कार्यालय बघेरा दुर्ग में किया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान 37 सी जी बटालियन एन सी सी दुर्ग के अंतर्गत आने वाले तीस विद्यालय और दस महाविद्यालय से आए हुए कैडेट्स के द्वारा फायरिंग प्रशिक्षण लिया गया। फायरिंग प्रशिक्षण बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल मकसूद अली खान के मार्गदर्शन हुआ। फायरिंग के पहले सभी कैडेट्स को राइफल के विभिन्न हिस्सों की जानकारी एवं राइफल पकड़ना, फायरिंग की पोजीशन एवं निशाने पर लगाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बटालियन की सूबेदार मेजर भूपति थापा ने सभी कैडेट्स को राइफल की सुरक्षा और सटीकता से निशाना लगाने की कला को बताया। फायरिंग स्थल पर सूबेदार अमरिक सिंग, नायब सूबेदार सोनम दुर्गे, बीएच एम टी0 बी0 थापा, सीएचएम दीपक मोहत, हवलदार धुर्वा थापा, हव0 रविन्द्र पोडियाल, हव0 मंगल सिंग, हव0 रविराज, हव0 अमृत थापा, हव0 नरोत्तम सिंह ने फायरिंग प्रशिक्षण के दौरान अपनी देखरेख में दिशा-निर्देश के साथ 600 कैडेटों को फायरिंग करवाई व हथियार खोलना जोड़ना व हथियार की सफाई की भी व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। इस दौरान एनसीसी अधिकारी ले0 हरीश कुमार कश्यप, ले0 प्रशांत दुबे, केयर टेकर फूलेश्वरी साहू, पूजा अवस्थी व सरस्वती बंजारे पूरे समय कैडेटों का हौसला बढ़ाते रहे। विभिन्न संस्थाओं से उपस्थित कैप्टन कृष्णा मंडल, लेo उज्ज्वला, फर्स्ट अफसर रामकृष्ण एवं विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालय से आए एएनओ ने अपनी सहभागिता दी।

कोड़िया में 24 कुण्डीय यज्ञ के लिए भूमिपूजन सम्पन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई,30 नवंबर। शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार ट्रस्ट कोड़िया एवं दुर्ग भिलाई उपजोन गायत्री परिवार दुर्ग के माध्यम से 25 से 28 दिसम्बर तक राष्ट्र जागरण 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन निर्धारित है जिसके यज्ञ स्थल का भूमिपूजन बीते रविवार को गायत्री प्रज्ञापीठ कोड़िया में किया गया। कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व केबिनेट मंत्री रमशीला साहू, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्राकर, जनपद पंचायत कृषि सभापति राकेश हिरवानी, गायत्री परिवार दुर्ग भिलाई उपजोन सह-समन्वयक धीरजलाल टांक, जिला समन्वयक लोकनाथ साहू, ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र सिन्हा, निकुम प्रज्ञापीठ पूर्व ट्रस्टी श्यामलाल मेश्राम, पाऊवारा सरपंच वामन साहू, कोड़िया सरपंच चंद्रभान सारथी, उपसरपंच चंद्रकुमार चंद्राकर, संरक्षक सीएल चंद्राकर, जेपी दीपक, दिनेश दीपक, आंनद चंद्राकर सहित गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित थे। गायत्री परिवार ट्रस्ट कोड़िया प्रमुख उमेश साहू ने बताया राष्ट्र जागरण 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के विराट आयोजन के लिए यज्ञस्थल, मां भगवती भोजनालय, सप्तक्रांति प्रदर्शनी स्थल, साहित्य स्टॉल सहित विभिन्न सुविधा केंद्रों के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। उन्होंने बताया 25 दिसम्बर को 1024 कलशों की भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो तीन निर्धारित केंद्रों कोकड़ी, भानपुरी एवं हनोदा से कोड़िया पहुंचकर कोड़िया में भ्रमण करेगी। 26, 27 एवं 28 दिसम्बर को 300 से ज्यादा विवाहित जोड़ें 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में सम्मिलित होंगे। साथ इन तीन दिनों में महिला सम्मेलन, युवा सम्मेलन, सम्यक स्वास्थ्य शिविर, नशामुक्ति कार्यशाला एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन होगा। यज्ञ में अश्वनी साहू, राकेश निषाद एवं देवेश साहू ने सहपली एवं भूमिपूजन कर्मकांड के लिए जनपद सभापति राकेश-सीमा साहू एवं जितेंद्र-सोनाली सोनी ने यजमान के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संचालन ब्लॉक समन्वयक डॉ नरेंद्र सिन्हा एवं आभार मीडिया प्रभारी आदित्य भारद्वाज ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में गोवर्धन साहू, मलेश निषाद, प्रकाश निषाद, मोहन निषाद, रवि साहू, दीपक यादव, सरोजनी निषाद, गायत्री निषाद, आरती निषाद, ममता साहू, अंजू साहू, गुमिता साहू, सजल साहू, सुलोचना निषाद, सुनीता साहू, देवी साहू, हिमांशु साहू, युवराज साहू, रविन्द्र देशमुख, टालेश्वर साहू, जनार्दन साहू, बुद्धेश्वर साहू, चेतन दीपक, प्रेरणा सहित कोड़िया, हनोदा, धनोरा, पिसेगांव, अंडा, निकुम, कोकड़ी, उतई, कातरो, पुई, खम्हरिया, धनोरा, रिसाली, पोटिया, भानपुरी के गायत्री परिजन एवं ग्रामवासियों का योगदान रहा।

साथी बाजार का होगा संचालन रूआबांधा में, महिलाओं की भी होगी भागीदारी

दुर्ग, 30 नवम्बर । जिले में रूआबांधा बीज निगम प्रक्षेत्र में साथी बाजार का संचालन किया जाना प्रस्तावित है, जिसके भूमि पूजन कार्यक्रम एवं एफ.पी.ओ. फेडरेशन गठन के संबंध में जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की गई।

साथी बाजार का संचालन पूर्ण रूप से एक फेडरेशन के द्वारा किया जाना है।

पीएम आवास योजना के निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: आयुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 30 नवंबर। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नगर निगम भिलाई के विभिन्न हाउसिंग क्षेत्रों में मकान का निर्माण किया जा रहा है। जिनमें मोर मकान-मोर आस, मोर मकान-मोर चिन्हारी एवं बीएलसी मोर जमीन-मोर मकान मकानों में हो रहे निर्माण का आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित एजेंसी चंद्रनिर्मल प्राईवेट लिमिटेड एवं गोयल ट्रेडर्स जिसे मकान निर्माण का काम दिया गया है, उनको निर्माण कार्य समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने हेतु निर्देशित किये। साथ ही कहा कि रोड, नाली, पानी, बिजली की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग से कार्यपालन अभियंता नवीन राठी भी वहां उपस्थित थे, उनको मकान निर्माण के दौरान विद्युत व्यवस्था मार्च में ही पूर्ण करने के बारे में आयुक्त से चर्चा हुई। तो उनको द्वारा बताया गया कि सीएसईबी निविदा प्रक्रिया में विलम्ब होने के कारण ट्रांसफार्मर नहीं लग पाया, जिससे विद्युत व्यवस्था की प्रतिपूर्ति नहीं हो पाई, जिसे शीघ्र पूर्ण करने को कहा। कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा एवं एजेंसी के अभियंता को निर्देशित किये कि समय-समय पर आकर कार्यों का निरीक्षण करें। जैसे-जैसे मकानों का निर्माण पूरा होते जाए, हम लॉटरी के माध्यम से उसको आबंटित करते जाएगें। प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना है। इसको समय अवधि में पूर्ण करना है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी। कुछ मकान जो पूर्व में आबंटित हो चुके हैं, वहां पर निवासरत हितग्राहियों से जानकारी प्राप्त किये। वहां पर रहने पर किसी प्रकार की असुविधा या परेशानी तो नहीं हो रही है। हितग्राही भगवतीन द्वारा बनाया गया कि उन्हें मकान में रहकर बहुत अच्छा लग रहा है। वे बालकनी से खड़े होकर बाहर देखती हैं तो बहुत अच्छा लगता है। कभी नहीं सोची थी कि उनके मकान में भी बालकनी, शौचालय, बाथरूम, किचन होगा। आयुक्त ने सभी से सफाई व्यवस्था बनाये रखने, अपने घरों से निकलने वाली सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग देने कहा। भ्रमण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, सीएलटीसी उत्पल ठाकुर, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय कुमार शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

निधन

एसपी दुबे

भिलाई, 30 नवंबर। अविभाजित मध्य प्रदेश के सेवानिवृत्त आईएएस एस पी दुबे का शुक्रवार सवेरे दुखद निधन हो गया। दिवंगत सुखदेव प्रसाद दुबे सन् 1983 से सन 1985 तक अविभाजित दुर्ग जिले के कलेक्टर रह चुके हैं। दुबे दुर्ग के लोकप्रिय जिलाधीश थे। उनके कार्यकाल में दुर्ग में बी आई टी कॉलेज, महिला महाविद्यालय की स्थापना, दुर्ग बायपास का प्रस्ताव, अंतरराष्ट्रीय कृषि एवं विज्ञान मेला आदि उल्लेखनीय कार्य हुए थे। अपने कार्यकाल में दुबे दमोह के कलेक्टर, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के सचिव, बिलासपुर के संभागायुक्त, मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग के सदस्य रह चुके हैं । भिलाई इस्पात संयंत्र के डीजीएम पुनीत चौबे ने दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए परिजनों को यह महान दुःख सहने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

स्वयं के आवास का सपना साकार करने निगम की टीम ने दिए टिप्स

निवासरत परिवारों को टीम ने बताया कि नाले के किनारे अवैध रूप से निवास करने पर पट्टा नहीं दिया जायेगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 30 नवम्बर। देश के आवासहीन व बेघर सभी जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराने एवं उनके जनजीवन को संवारने के लिए शासन द्वारा प्रधानमंत्री योजना का क्रियान्वयन विगत 9 वर्षों से किया जा रहा है। आवासहीनों के लिये एकमात्र योजना जिसके माध्यम से परिवार अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को शासन के सहयोग से पूरा करता है। उद्देश्य की पूर्ति के लिये नगर निगम का प्रधानमंत्री आवास कार्यालय योजना का लाभ निगम सीमा क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को दिलाने कटिबद्ध है। जिसके तहत अस्थाई रूप से चिन्हांकित झुग्गी बस्तियों में निवासरत परिवारों को मोर मकान मोर चिन्हारी (एएचपी) योजना में व्यवस्थापन के तहत आवास उपलब्ध कराने तथा योजना का एक अन्य घटक मोर जमीन मोर मकान (बीएलसी) जिसके तहत स्वयं की जमीन पर पक्का आवास निर्माण करने हेतु शासन की ओर से स्तरबद्ध निर्माण अनुसार राशि हितग्राहियों के बैक खाते में सीधे राशि जमा करायी जाती है, ताकि उन्हें स्वयं का पक्का आवास मिल सके।

योजना के मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत डबरी पारा, मोती तालाब, बजरंग नगर, शंकरपुर तालाब, इंदिरा सरोवर,पुराना गंज चौक,रेल्वे ओव्हर ब्रिज के नीचे

आदि स्थानों पर अवैध रूप से अस्थाई तौर पर निवासरत 381 परिवारों को लखोली, मोहारा,रेवाडीह में निर्मित सर्वसुविधा युक्त बहुमंजिला आवासों में मात्र 75 हजार के आसान किस्तों में आवास की सुविधा प्रदान की गयी। इसी कडी में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर आज वार्ड क्रमांक 39 गौरव पथ स्थित शासकीय नर्सिंग हास्टल के पीछे जोगी नगर में निवासरत परिवार जो नाले के किनारे सिंचाई की जमीन पर बसे है,नाले के किनारे बस्ती होने के कारण इन्हें स्थाई पट्टे शासन से प्राप्त नहीं होने से यह अस्थाई तौर पर 50 से 60 परिवार आवास निर्माण कर झुग्गी बस्ती के रूप में पिछले 30 से 40 वर्षो से यहां निवास कर रहे हैं। इन्हीं कच्चे झोपड़ी नुमा छोटे असुविधाजनक घरो में निवासरत परिवारों से आज प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर चिन्हारी एचपी के तहत व्यवस्थापन अंतर्गत इनको सुंदर स्वच्छ वातावरण में सर्व सुविधा युक्त अच्छे आवास प्रदान करने के लिए आवास योजना के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता श्री ईमरान खान के नेतृत्व में आवास योजना की टीम इन परिवारों के बीच में जाकर योजना के संबंध में उन्हें जानकारी दी गई एवं अच्छे घर में अच्छे वातावरण में स्वंय के आवास का सपना सकार करने समझाईस दी गयी।

निवासरत परिवारों को टीम द्वारा बताया गया कि नाले के किनारे अवैध रूप से निवास करने पर पट्टा नहीं दिया जायेगा और किसी न किसी दिन यहा से खाली करा दिया जायेगा। उसके पूर्व आप निगम द्वारा निर्मित सर्वसुविधायुक्त बहुमंजिला आवासों में रहकर कच्चे सुविधाहीन अस्थाई आवास को छोड अपने स्वयं के आवास का सपना सकार करे। टीम ने समझाईस दी कि शहर के विभिन्न स्थानो में इसी प्रकार निवास करने वाले परिवार निगम द्वारा निर्मित आवासों में जाकर सर्वसुविधायुक्त आवास में निवासरत है। आप सभी शासन की आवास योजना का लाभ लेकर स्वयं के आवास में निवास करे। आवास योजना की टीम के सहायक दल प्रभारी श्रीमती गरिमा वर्मा वार्ड की प्रभारी अभियंता सुश्री आयुषी सिंह, प्रधानमंत्री आवास योजना के सिविल एक्सपर्ट अंकुर मिश्रा सोशल एक्सपर्ट ललित मानकर सहित निगम का अमला उपस्थित था।

एक नजर

भाजपा की रीति-नीति से जनता खुश: मोरजध्वज देवांगन

राजनांदगांव 30 नवंबर। भाजपा के युवा नेता मोरजध्वज देवांगन ने अपने एक जारी बयान में

कहा कि देश में राजनीतिक स्थिरता देश की जनता की पहली पसंद है और इस राजनीतिक स्थिरता में देशवासी भाजपा को बार-बार चुनने के पक्ष में है। पिछले कुछ चुनाव को छोड़कर अधिकतर चुनाव में भाजपा की जीत होना इस बात का प्रमाण है। कि देश की जनता भाजपा की रीति नीति से बहुत खुश है। वहीं कांग्रेस को सिरे से नकार कर यह बता रही है। कि यह पार्टी राज्यों एवं केंद्र में शासन करने लायक नहीं रह गई है। इसकी पड़ताल करने पर पता चलता है। कि देश की बहुसंख्यक आबादी एक परिवार विशेष की पिछलग्गू नहीं बनना चाहती है। बल्कि जनता यह चाहती है कि योग्यता के आधार पर सबको नेतृत्व का मौका मिले। केंद्र के मोदी सरकार जो 2014 से काबिज है। उसे हटाने के लिए विपक्ष कांग्रेस ने जाने कितने दाव पेज खेले लेकिन समझदार जनता ने कांग्रेस को ऐसी पटकनी दी है। कि केंद्र की सत्ता में वापसी इनका सपना ही रह गया है। इधर छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार अपना 1 साल का कार्यकाल सफलता पूर्वक पूरा करने जा रही हैं। शेष चार वर्षों में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की कड़ी में विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में सतत प्रयास कर रही है। विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार ने आगामी नगरी निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव में फतह हासिल करने के बाद इस दिशा में और तेजी से काम करेगी। श्री देवांगन ने आगे कहा कि डबल इंजन की सरकार आने वाले दिनों में और जनकल्याणकारी योजनाएं लाएंगे। इसके बाद प्रदेश व देश की जनता में पहले से अधिक समृद्धि और खुशहाली आ जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने देखी द-साबरमती स्टोरी

राजनांदगांव 30 नवंबर। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज गंज मंडी राजनांदगांव स्थित सिल्वर स्किन में द-साबरमती स्टोरी शो देखा। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री प्रदीप गांधी, श्री खुबचंद पारख, श्री रमेश पटेल, श्री संतोष अग्रवाल, श्री दिनेश गांधी, श्री कोमल सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

प्रशिक्षु पत्रकारों ने देखी सिरपुर, कोडार डैम और बारनवापारा की खूबसूरती

रायपुर, 30 नवंबर। महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय, रायपुर के पत्रकारिता विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए 22 नवंबर 2024 को एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण विद्यार्थियों को प्रकृति, इतिहास और वन्यजीवन से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। भ्रमण में 24 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभागाध्यक्ष राम प्रसाद दुबे के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा का मार्गदर्शन शिक्षिका धनलक्ष्मी दीवान ने किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने रायपुर के निकट स्थित तीन प्रमुख स्थलों का दौरा किया। इनमें कोडार डैम, सिरपुर का ऐतिहासिक पुरातत्व स्थल और बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य शामिल थे। हर स्थान पर विद्यार्थियों को वहां की विशेषताओं और महत्त्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। भ्रमण की शुरुआत कोडार डैम से हुई, जो अपनी शांतिपूर्ण प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। छात्र-छात्राओं ने डैम के विशाल जलाशय को देखा और पर्यावरण संरक्षण के महत्त्व को समझा। शिक्षकों ने उन्हें जल संसाधन प्रबंधन के महत्व और डैम के निर्माण से जुड़े तकनीकी पहलुओं के बारे में भी बताया। इसके बाद छात्र-छात्राओं का दल सिरपुर के ऐतिहासिक पुरातत्व स्थल पहुंचा। सिरपुर अपने प्राचीन मंदिरों और बौद्ध स्तूपों के लिए प्रसिद्ध है। विद्यार्थियों ने लक्ष्मण मंदिर और अन्य संरचनाओं को देखा, जो छत्तीसगढ़ के गौरवशाली अतीत की झलक प्रस्तुत करते हैं। शिक्षिका धनलक्ष्मी दीवान ने सिरपुर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह स्थल कभी छत्तीसगढ़ का प्रमुख धार्मिक और व्यापारिक केंद्र था। भ्रमण का अंतिम और सबसे रोमांचक पड़ाव बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य रहा। यहां छात्रों ने वन्यजीवन और जैव विविधता को करीब से देखा। अभ्यारण्य में चिंकारा, चीतल, नीलगाय, मोर और अन्य कई जीव-जंतुओं को देखकर छात्रों में प्रकृति के प्रति गहरी रुचि और जागरूकता विकसित हुई।

नाबालिक का दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को भेजा गया जेल

राजनांदगांव 30 नवंबर। 28 नवंबर को प्रार्थी

थाना लालबाग उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 16.08.2023 को दोपहर लगभग 12:00 बजे आरोपी द्वारा इनके घर से इनकी नाबालिग बेटी उम्र 16साल 11 माह को भगाकर ले गया और उससे शादी कर अपने घर मे रखा था और लगातार पीड़िता का शरीरिक शोषण करता रहा जिससे पीड़िता गर्भवती हो गयी जिसे प्रसव हेतु जिला अस्पताल राजनादगाव मे भर्ती कराया गया था, पीड़िता अस्पताल मे बच्चे को जन्म दिया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 538/24 धारा 363,366,376(2)(टु), 376(3) भादवि0, 4,6 पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना की जानकारी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

सुरगी सोसाइटी में लीलाधर साहू ने पदभार ग्रहण किया

राजनांदगांव 30 नवंबर। सुरगी सोसाइटी धान खरीदी केंद्र में लीलाधर साहू ने पदभार ग्रहण किया सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पुजा अर्चना किया एव समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया और स्वगात भाषण समिति प्रबंधक जितेंद्र चन्द्राकार ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सचिन सिंह बघेल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि साय सरकार किसानों की हितैषी है किसानो का धान एक एक दाना सरकार लेगी और जिले में सुरगी सोसायटी को बेहतर सोसायटी माना जाता है पुर्व जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि किसानो की सोसायटी है हम सब को मिल कर काम करना है

कार्यक्रम को जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल कोमल सिंह राजपूत आनन्द साहु मंडल अध्यक्ष रोहित चन्द्राकर ने सम्बोधित किया और समस्त अतिथियों ने लीलाधर साहु को शुभकामनाएं दी सुरगी सोसायटी के निवृतमान बिसेलाल

साहु को शाल और श्रीं फल देकर सम्मानित किया गया

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में कृष्णा तिवारी मनोज साह लेखराम निर्मलकर, नारद साहू, सुकृत साहू,श्रीमती पुष्पा गायकवाड,खिलेश्वर साहू , छबि यदु, योगेश बंजारे,नील निर्मालकर, उपस्थित थे। इस अवसर पर कैलैदी यादव, जितेंद्र साहु,नारायण दास ठाकुर, भुषण साहु, गुरुचरण सिन्हा, खिलेश्वर साहू किसान मित्र,तेजप्रकाश सिन्हा,रैन सिंह साहू, चंद्रप्रकाश साहू, तोमन निषाद नरोत्तम मंडल, शंकर दीपक, बोधा गहने, कमलेश साहू,परदेशी साहू,भुनेश्वर साहू,मेवा साहू,गैंद लाल चंद्राकर कृष्णा, तीरथ,अर्जुन खेमदास साहु मिलनदास साहू,पखव दास साहू,केवल कतलम हुमन साहु मानदास साहु युवराज यादव मानिक साहु खेमुदास जीवन लाल साहू,हेमंत साहू,महेश दिवाकर,श्रीमती मधुसुकृत साहू सदस्य,रूखमणी साहू,लक्ष्मी साहू,अमरीका साहू,पसीका साहू,कोमिन साहू,आदि किसान बंधु समेत अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।कार्यक्रम का मंच संचालन मनोज साहू और आभार लीलाधर साहू ने किया।

प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की घोषणा की

रायपुर 30 नवंबर। नई दिल्ली के भारत मंडपंम में संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन के महासम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया ।साथ ही केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय अमित शाह जी की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया गया। भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने बताया कि सहकारिता सम्मेलन उद्घाटन व 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप मे मनाने की घोषणा भूटान के प्रधानमंत्री, एवम् फिजी के उप प्रधानमंत्री, की गरिमामयी उपस्थित सहित विश्व के 107 देशों से आये हुए सहकारिता क्षेत्र के सम्मानित पदाधिकारियों एवम् प्रतिनिधि मण्डल के सानिध्य में किया गया। इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने का मुझे भी अवसर मिला। इस पावन अवसर पर विदेश से आये हुए मेहमान प्रतिनिधियों मे फिलिपींस, जापान ,तंजानिया, दक्षिण कोरिया ,नेपाल ,भूटान, केन्या , यू के, यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका,रूस,अफ्रीका नाइजीरिया आदि प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत रूप से मुझे भी मिलने का अवसर मिला। इस अवसर पर आईसीए के आयोजक इफको द्वारा की गई विशेष व्यवस्था की देश विदेश से आए प्रतिनिधियों ने भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए इस महासम्मेलन को ऐतिहासिक बताया।

अवैध रूप से धान संग्रहण कर कोचिया बेचने को हो रहे हैं सक्रिय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगाव 30 नवंबर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुसार धान उपार्जन केंद्रों में अवैध धान के विक्रय पर रोक लगाने जिला प्रशासन द्वारा गम्भीरता से कार्यवाही की जा रही है कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में जिले के सहकारी समितियों में अवैध धान के आवक, धान की रिसाइक्लिंग, कोचियों- बिचौलियों के धान की विक्रय एवं राजस्व भूमि पर कब्जाकर लगाए गए धान की बिक्री को रोकने हेतु राजस्व अमला द्वारा मुश्तैदी से कार्य किया जा रहा है। राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र में पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष किसानों को धान की फ़सल में प्रति एकड़ पर नुकसान होने के कारण किसानों के पर्चे में कोचीयाओ के द्वारा बेचे जा रहा है धान

इस वर्ष किसानों को पानी की मार के कारण धान की फ़सल में प्रति एकड़ पर कम से कम 10 किवटल का नुक्सान झेलना पड़ा है जिसके चलते किसानों को सरकार के द्वारा दी जा रही प्रति एकड़ राशि में धान की फ़सल में आई कमी के कारण नुक्सान हो रहा है जिसका पूरा फायदा गाँव में रह रहे कोचीयों को फायदा मिल रहा है कोचीयाओ के द्वारा कृषि उपज मंडी से 50 किवटल का लांयसेंस बना कर 50000 किवटल खरीद कर किसानो के पर्चे में धान खरीदी केन्द्रो में सेटिंग कर अपने धान को खपाया जा रहा है वही दूसरी ओर राजनांदगाव जिले के आस पास लगे राज्यों से अवैध धान गाड़ियों में मंगाकर सोसायटी में खपाने की कोशिश भी की जा रही है !

जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के आदेश पर लगातार डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम के दिशा निर्देश पर टीम तैयार कर बॉर्डर से अवैध रूप से डोंगरगढ़ विकासखंड के बॉर्डर में बने धान खरीदी केन्द्रो में अवैध रूप से आने वाले धान को खपाने का कार्य करने की तैयारी चल रही है जिसको डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम के द्वारा बनाई गई टीम लगातार बॉर्डर में बने धान खरीदी केन्द्रो में जाकर जांच कर अवैध रूप से कोचीयाओ के द्वारा सोसायटी में आने वाले धान की गाड़िया पकड़ रही है जिसके चलते कोचीयाओ में हड़कंप मच गया है ! डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम की टीम के द्वारा लगातार अवैध रूप से सोसायटी आ रहे धान की पकड़ धकड़ चल रही है वही दूसरे राज्यों से बॉर्डर के माध्यम से आने वाले वाहन को भी पूछताछ कर पकड़ा जा रहा है।

स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने चिकित्सा अधिकारियों की संविदा नियुक्ति आदेश जारी

रायपुर 30 नवंबर। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने व स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी हेतु पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता को सुनिश्चित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों व चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति प्रदान करते हुए पदस्थापना आदेश जारी कर दिए गए हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में 09 विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) के साथ बस्तर संभाग के शासकीय अस्पतालों में 10 चिकित्सा अधिकारियों (संविदा) की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा आज इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों और संविदा विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारी व विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना से त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) के जारी आदेश में डॉ. रमन जोगी को जिला अस्पताल बिलासपुर, डॉ. योगेश कुमार शर्मा जिला अस्पताल दुर्ग, डॉ आकांक्षा गुप्ता जिला अस्पताल जांजगीर चांपा, डॉ नवनीत सिंह ठाकुर जिला अस्पताल (एसएनसीयू) कबीरधाम, डॉ. भावना चौरे जिला अस्पताल खैरागढ़-गंडई-छुईखदान, डॉ नीरज कुमार जिला अस्पताल मुंगेली, डॉ अनिल खापर्डे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरमिरी, डॉ उमा खापर्डे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरमिरी, डॉ राजभान प्रजापति जिला अस्पताल सूरजपुर में पदस्थापना की गई है। इसके साथ ही बस्तर संभाग हेतु चिकित्सा अधिकारी (संविदा) के जारी आदेश में डॉ आरूषि शर्मा, डॉ. अंकित सिंह राजपूत, डॉ, भुनेश्वर नेताम, डॉ शिवानी कोर्राम, डॉ, सुब्रत मल्लिक, डॉ. आकांक्षा दारियो, डॉ. रोहिणी रणा, डॉ. यामिनी कांगे, डॉ. अनिल कुमार पटेल व डॉ कुनाल सिंह साहू हो बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में पदस्थ किया गया है।

मामला शासकीय हाईस्कूल बधियाटोला का

शिक्षक की पिटाई से छात्र पहुंचा अस्पताल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 30 नवंबर। 13 वर्षीय छात्र को शिक्षक ने सरेआम खेल के मैदान में दौड़ा दौड़ा कर लात घुंसो से जमकर पिटाई की जिसके बाद छात्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए परिजनों को ले जाना पड़ा. यह पूरा मामला शासकीय हाईस्कूल बधियाटोला का बताया जा रहा है. 28 नवम्बर को लगभग 3 बजे बधियाटोला हाईस्कूल में अध्ययनरत छात्र छात्रायें क्लास के बाहर आंगन में खेल रहे इस दौरान कुछ छात्रों ने खेल खेल में जाकर कम्प्यूटर कक्ष के दरवाजे पर लात मार दी जिससे स्कूल में पदस्थ शिक्षक ओम प्रकाश वर्मा गुस्से में आकर अध्ययनरत छात्र शोभित टंडन पिता संतोष टंडन उम्र 13 वर्ष कक्षा आठवीं के छात्र को खेल ग्राउंड मैदान में सैकड़ो छात्र छात्राओं की उपस्थिति में लात घुंसो से जमकर धुनाई कर दी

जिससे छात्र के गले, हाथ पैर, गाल में गंभीर चोट आया था जिसके बाद स्कूल से घर जाकर छात्र ने इस घटना की जानकारी अपने माता पिता को दी जिसके बाद पिता ने पहले तो छात्र का स्वास्थ केंद्र में इलाज करवाया इलाज के बाद डाक्टरों ने गोली दवा देकर छात्र को घर भेज दिया. घटना व घटना के दूसरे दिन पालक इसकी शिकायत प्राचार्य से की और इस घटना के प्रकाश में आते ही दर्जन भर से अधिक जनप्रतिनिधि व गांव के लोगों ने स्कूल जाकर मामले की जानकारी लेने पहुँचे इस दौरान आरोपी शिक्षक ने जनप्रतिनिधियों से लेकर गांववासियो से अभद्रता करने लगा और आरोप लगाने लगा कि छात्र ने गलती किया था जिसके कारण हमें गुस्सा आ गया और गुस्से के कारण मैने बच्चे की अधिक पिटाई कर दी जिसका हमें अफसोस है. मामले को तुल पकड़ता देख उपस्थित जनप्रतिनिधियों व गांव वासियो ने बीच बचाव कर मामले को शांत करवाने लगे परंतु आरोपी शिक्षक ने अपना

मोबाईल निकालकर उपस्थित जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी,अन्य शिक्षक, पालक सहित उपस्थित पत्रकारों का वीडियो बनाने लगा जिससे विद्यालय में कई घंटे अफरातफरी का माहौल हो गया था. इस मौके पर शाला समिति के अध्यक्ष रामकुमार डडसेना,पूर्व अध्यक्ष दशरथ ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि शंकर चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि कुसुम दीवान, कुसुम दीवान प्राचार्य हाईस्कूल बधियाटोला, शैलेंद्र डोंगरे सहायक प्राचार्य सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

विगत दो दिनों में 107 प्रकरणों में कोटपा अधिनियम के तहत की गई चालानी कार्रवाई

डोंगरगांव 30 नवंबर। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देशन पर जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारियों को अपने-अपने एरिया के अंदर आने वाले शैक्षणिक संस्थान (सरकारी एवं निजी) की आउटर बाउंड्री वॉल के 100 मीटर के अंदर किसी भी तरह के तंबाकू और नशे के समान बेचने वाले दुकानो व ठेले पर वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया था। जिस पर दिनांक 28-29/11/2024, विगत दो दिनों में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 10 प्रकरण, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 05 प्रकरण, थाना लालबाग पुलिस द्वारा 07 प्रकरण, थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा 34 प्रकरण, थाना छुरिया पुलिस द्वारा 04 प्रकरण, थाना घुमका पुलिस द्वारा 10 प्रकरण, थाना गैंदाटोला पुलिस द्वारा 20 प्रकरण एवं ओपी चिचोला पुलिस द्वारा 5 प्रकरण, तुमडीबोड़ पुलिस द्वारा 07 प्रकरण, सुरगी पुलिस द्वारा 5 प्रकरण कुल 107 प्रकरणों में कोटपा अधिनियम के तहत चलानी कार्यवाही कर इस्तागासा तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा। दुकानदार व ठेले वालों को ऐसी आपत्तिजनक सामग्री नहीं बचने की चेतावनी भरी हिदायत भी दी गई। यह अभियान आगे भी जारी रहेगी।

अंजोरा, बघेरा व उपरवाह सोसाइटी कभी भी हो सकती है बंद

राजनांदगांव 30 नवंबर। वैसे तो जिले के अधिकतर सेवा सहकारी समितियां एवं उनके उपार्जन केंद्रो में अवस्था दुर्व्यवस्था का आलम है। जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन अंजोरा बघेरा और उपरवाह समिति के बारे में पता चला है। कि यहां इतनी ज्यादा अव्यवस्था दुर्व्यवस्था है कि यह तीनों समिति कभी भी बंद हो सकती है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पिछले पंचवर्षीय में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नीत कांग्रेस की सरकार थी। तब जिले सहित पूरे प्रदेश में किसानों को सोसाइटी में समर्थन दर पर धान बेचते कोई तकलीफ नहीं होती थी। उस समय समय पर टोकन मिलता था। समय पर धान किसानों को। वरदानों की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था थी। परिवहन भी बराबर हो रहा था। बफर लिमिट की समस्या परिवहन बढ़ाकर हल कर दिया जाता था। किसानों को घूम घूम कर पानी पिलाने वाले भी हुआ करते थे। अस्थाई प्रसाधनकक्षों की व्यवस्था सहकारी समितियां में हुआ करती थी लेकिन अब देखा जा रहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार में किसानों को सेवा सहकारी समितियां उनके उपार्जन केदो में धान बेचने के लिए काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार किसान हितैषी नहीं है। यदि किसान हितैषी होती तो 1 नवंबर को धान खरीदी शुरू करती लेकिन दो हफ्ता लेट करके शुरू की गई। इससे किसानों को कोचियों के पास और मंडी तक में अवने पौने दाम में धाम बेचकर दिवाली माननी पड़ी है। मजदूरों की मजबूरी देने छोटे-मोटे दुकानों में भी उन्हे धान बेचने की मजबूरी हुई यही धान अगर सोसाइटी में बिका होता तो किसानों को बड़ा घाटा सहना नहीं पड़ता दूसरा यह है कि किसानों को टोकन लेने के लिए भटकाया जा रहा है। ऑनलाइन और ऑफलाइन का चक्कर चलाकर सर्वर डाउन की समस्या बताई जा रही है। कुल मिलाकर राज्य सरकार की मानसिकता किसानों से समर्थन दर पर धान लेने की नहीं है। बल्कि इसे वह वादा निभाने की मजबूरी समझ रही है। श्री साहू ने कहा कि शासन के अधीन सहकारिता और विपणन संघ के माध्यम से यह व्यवस्था होती है। लेकिन देखा जाए तो दोनों में सामंजस्य का अभाव है। सोसाइटी में बारदाने की कमी है आध बारदाना किसानों से लेकर आने कहा जा रहा है। ऐसी जानकारी मिल रही है तीसरी बात यह है कि किसानों से खरीदे गए धान का जाम सोसाइटी के उपार्जन केदो में रखा है। जिला विपणन संघ द्वारा उचित परिवहन नहीं किए जाने से सोसाइटियों में और किसानों से धान लेने के बाद उन्हें जमा कर रखने के लिए जगह की कमी पड़ रही है। अगर परिवहन करके कस्टम मीनिंग के तहत राइस मिलर को तथा संग्रहण केदो में धान का परिवहन किया जाता तो सोसाइटी में जाम की स्थिति नहीं बनती कुल मिलाकर या सरकार किसान हितैषी कतई नहीं है। भाजपा के नेता बोलते कुछ हैं और करते कुछ हैं धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्था सुधारने इस उद्देश्य से कांग्रेस ने बड़ी चिंता की है। निगरानी समिति का गठन किया जा रहा है। जो किसानों की समस्याओं को सुनेगी देखेगी और व्यवस्था सुधारने सरकार पर दबाव बनाएगी।

संपादकीय

उनको लग रहा है कि गलत हो रहा है

माना जाता है अगर किसी समाज ने बरसों पहले किसी की जगह पर कब्जा कर लिया है तो वह जगह उसकी नहीं हो जाएगी। कब्जे से किसी संपत्ति या जगह का फैसला थोड़ी होता है कि जिससे कब्जा कर लिया, जगह उसकी हो गई। समाज के लोगों को बरसों बाद किसी दस्तावेज, किसी किताब से प्रमाण मिलता है कि यह जगह उसके समाज की थी जिस पर बरसों पहले किसी और समाज ने कब्जा कर लिया है। वह तो कोशिश करेगा कि वह जगह समाज को वापस मिलनी चाहिए। अगर वह आस्था का केंद्र है तो समाज तो उस जगह को वापस पाने के लिए कानून का रास्ता अपनाएगा ही। अगर कानून का रास्ता अपनाता है तो इसमें किसी को बुरा क्यों लगना चाहिए। एक समाज ने बरसों पहले उसके आस्था केंद्र में तोड़फोड़ कर वहां अपनी मस्जिद या दरगाह बना ली है तो यह मानना चाहिए गलत हुआ है,एक समाज जब उसे वापस पाने की कोशिश करता है तो उसे गलत क्यों समझा जाता है। वह किसी और की जगह को पाने की कोशिश नहीं कर रहा है, वह तो अपने पुरखों के आस्था केंद्र को वापस पाना चाहता है। बिलकुल शांतिपूर्ण तरीके से कानून के रास्ते,वह आज उस जगह पर जबरन कब्जा करने की कोशिश नहीं कर रहा है कि यह जगह अब हमारी है, आप यह जगह खाली कर दो। अयोध्या एक समाज का आस्था का केंद्र है,उसको पता चला कि रामजन्मभूमि पर एक ढांचा बना हुआ तो उसने उस पर कब्जा नहीं कर लिया। उसके लिए पांच सौ साल लड़ाई लड़ी, कानूनी लड़ाई लड़ी तब जाकर एक समाज उसकी आस्था का केंद्र मिला है। वहां समाज ने राम लला का भव्य मंदिर बनवाया है।रामजन्मभूमि पर कोई समाज कब्जा कर ले तो वह उसकी कैसे हो जाएगी। वह तो उसी समाज की रहेगी जिसके लिए वह आस्था का केंद्र है।जब इस देश पर मुस्लिम आक्रांताओं ने इस देश पर हमला किया था उन्होंने हजारों मंदिरों को तोड़कर मंदिर या दरगाह बना दिया था, यह ऐतिहासिक सच है। जिस समाज को यह दहगाह व मस्जिद विरासत में मिले हैं,उनको यह सच स्वीकारना चाहिए और जो समाज उसके सबूत पेश कर वापस मांग कर रहा है कि यह जगह हमारी है, यह हमारी आस्था का केंद्र रहा है। खुशी खुशी वापस करना चाहिए तो दूसरे समाज के लोगों को लगता है कि हमारी मस्जिद व दरगाह पर दूसरे समाज के लोग कानून का सहारा लेकर कब्जा करना चाहते हैं। कानून ही तो तय करेगा कि वह जगह किसकी है। बिना अदालत के इस बात को कोई फैसला कैसे हो सकता हैकि यह जगह किसकी है। क्या जिस समाज ने अयोध्या में रामजन्मभूमि पर कब्जा कर रखा था,उसने कभी कहा कि यह आपकी आस्था का केंद्र है, हम इसे आपको वापस करते हैं। एक वक्त था जब एक समाज के लोग मांग करते थे कि हमको हमारी आस्था के तीन केंद्र अयोध्या,काशी, मथुरा दे दो। बाकी को हम भूल जाएंगे। तब दूसरे समाज के लोगों ने क्या बड़ा दिल दिखाया, वह भी जानते हैं कि उनकी बहुत सारी मस्जिदें मंदिरों को तोड़कर बनाई गई हैं लेकिन वह उस जगह को अपना मानते हैं, वह उस जगह को छोड़ना ही नहीं चाहते हैं, दूसरे लोगों के अपेक्षा करते हैं कि वह अपने आस्था केंद्र के लिए क्यों कानूनी लड़ाई लड़ रहे हो। अदालत क्यों सर्वे का आदेश दे रही है। टीम क्यों जाकर मस्जिद में सर्वे कर रही है। चाहे अयोध्या की बात हो, चाहे ज्ञानवापी की बात है,एक समाज ने वहां दावा किया कि वहां मंदिर को तोड़कर मस्जिद बनाई गई है तो उसके सबूत भी तो सर्वे में मिले हैं, वहां वह सारे निशान मिलते हैं जो मंदिरों में मिलते हैं। इससे साबित होता है कि एक समाज अगर कहीं दावा कर रहा है तो वह सबूत व दस्तावेजी प्रमाण के साथ दावा कर रहा है, सर्वे वह सब प्रमाण मिल भी रहे हैं। इससे क्या संकेत मिलता है, इससे तो यही पता चलता है कि मस्जिद मंदिर तोड़कर बनाई गई है।एक समाज को यह बात बहुत बुरी लग रही है कि राजस्थान के अजमेर स्थित अजमेर शरीफ दरगाह में हिंदू सेना ने संकट मोचक महादेव मंदिर होने का दावा किया है,जिला न्यायालय में याचिका दायर की गई है। बेंच ने याचिका को सुनने योग्यम माना है और अल्पसंख्यक मंत्रालय ,दरगाह कमेटी,एएसआई को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा है। इस मामले में अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी। इस मामले में सुनवाई के दौरान 38 पेज का वाद दायर किया गया है जिसमें बताया गया है कि अजमेर शरीफ दरगाह में शिवमंदिर है।दरगाव की बनावट और शिवमंदिर के प्रमाण के संबंध में सबूत भी पेश किए गए हैं। यह तो कानूनी मामला हो गया है तो इसमें दरगाह वंशजों को अदालत में अपना पक्ष रखना चाहिए, इस तरह का बयान नहीं देना चाहिए कि इसका मकसद सिर्फ देश के सांप्रदायिक सद्भाव को खतरे में डालना है।वही मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने विभिन्न अदालतों में मस्जिदों व दरगाहों पर हाल में किए जा रहे दावों पर चिंता जाहिर की है और सीजेआई संजीव खन्ना से स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने व ट्रायल कोर्ट को निर्देश देने का आग्रह किया है।उनका कहना है कि न्यायालयों को अधिक विवादो का दरवाजा खोलने से बचना चाहिए। इस तरह के दावे कानून व संविधान का घोर मजाक है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड तब संविधान व कानून मजाक नहीं लगता है जब कहा जाता है कि संसद भवन वक्फ की जमीन पर बनी है। वक्फ जिस संपत्ति पर दावा कर देता है कि यह वक्फ की संपत्ति है। तब पर्सनल बोर्ड को लगता है कि यह तो उनका अधिकार है। वह किसी की संपत्ति को अपना कह दें तो वह उनकी हो जाएगी और एक समाज के लोग अदालत में सबूत पेश कर दावा करें कि दरगाह में मंदिर है तो यह संविधान व कानून का मजाक हो जाता है, भई यह भी दूसरे पक्ष का कानूनी अधिकार है, वह इसका इस्तेमाल कर रहा है, आप भी कानूनी लड़ाई कानूनी तौर पर लड़िए।

संविधान

ममीडाला जगदीश कुमार

2047 की ओर: संविधान की सक्रिय भूमिका

तीन अर्थशास्त्रियों को राष्ट्र की समृद्धि में संस्थानों के गठन और भूमिका पर उनके अभूतपूर्व शोध कार्य के लिए 2024 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिला। भारत में, हमारे संविधान ने भारत की प्रगति की आधारशिला रखते हुए संसद, लोकतंत्र, न्यायपालिका और मीडिया जैसी संस्थाओं को स्वरुप प्रदान किया और उन्हें मजबूत किया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020एक परिवर्तनकारी फ्रेमवर्क है, जिसका उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली को नया स्वरुप प्रदान करना है, ताकि हमारे युवा छात्रों की आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके और हमारे देश की प्रगति को साकार किया जा सके। एनईपी 2020 भारतीय संविधान में निहित मूल्यों पर आधारित है, जो शिक्षा में पहुँच, समानता, गुणवत्ता, जवाबदेही और किफायती होने पर जोर देता है। यह संवैधानिक आदर्शों और एक प्रगतिशील, समावेशी, सतत भारत की आकांक्षाओं के बीच एक सेतु है।

एनईपी 2020 समानता और समावेशिता पर जोर देते हुए और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच में असमानताओं को दूर करते हुए, सामाजिक न्याय प्रदान करने के भारतीय संविधान के उद्देश्य को समर्थन प्रदान करता है। एनईपी 2020,हमें अनुच्छेद 46 के अनुरूप अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) सहित सभी वंचित समूहों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है। छात्रवृत्ति और शैक्षिक ऋण का प्रावधान, ज्ञान-प्राप्ति के संयुक्त प्रारूप को बढ़ावा देना, डिजिटल ज्ञान-प्राप्ति पहल, बहु-नामांकन और बहु-बहिर्गमन योजनाएं, डिग्री कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में कौशल शिक्षा की शुरूआत और शिक्षण के माध्यम के रूप में भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन आदि उपाय सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने परध्यान केंद्रित करते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी छात्र पीछे न छूट जाए।

हाल ही के दो उदाहरण लें, जो उच्च शिक्षा में एनईपी2020 के दृष्टिकोण को सक्षम बनाते हैं झपहली, एक करोड़ छात्रों के लिए पीएम इंटर्नशिप योजना और दूसरी, पीएम विद्यालक्ष्मी ऋण योजना। ये दोनों योजनाएँ निम्न-आय वर्ग के छात्रों पर ध्यान केंद्रित करती हैं तथा संवैधानिक मूल्यों, यानि समानता, समावेश और आर्थिक सशक्तिकरण (अनुच्छेद 15 और 16) से गहराई से जुड़ी हैं। वे उच्च शिक्षा तक पहुँच को सार्वभौमिक और लोकतांत्रिक बनाती हैं। ये योजनाएँ युवा भारतीयों को उनकी सामाजिक या वित्तीय पृष्ठभूमि को ध्यान में रखे बिना राष्ट्रीय विकास में भाग लेने के अवसर प्रदान करती हैं - वंचितों के उत्थान के लिए उच्च शिक्षा में ऐसे लक्षित उपाय, भारतीय संविधान के मूल्यों के अनुरूप हैं। निर्देशक सिद्धांत सामाजिक-आर्थिक न्याय, शैक्षिक अवसरों की गारंटी देने और लोगों के कल्याण को बढ़ावा देने में राज्य का मार्गदर्शन करते हैं। ये दोनों योजनाएँ, हमारे संविधान के इन सिद्धांतों की व्यावहारिक अभिव्यक्ति हैं।

भारतीय संविधान भाषाई विविधता को रेखांकित करता है और अपने प्रावधानों और नीतियों के माध्यम से भारतीय भाषाओं के संरक्षण और उन्नति का समर्थन करता है। अनुच्छेद 350ए मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर देता है, ताकि बहुभाषावाद शैक्षिक परिदृश्य में परिलक्षित हो सके।



संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 अनुसूचित भाषाओं की सूची शामिल है और अनुच्छेद 29 और 30 के साथ संरेखित करते हुए इन भाषाओं के विकास को आधिकारिक मान्यता दी गई है। उदाहरण के लिए, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर 22 भारतीय भाषाओं में 22000 पुस्तकें तैयार करने की परियोजना शुरू की है। यह परियोजना एनईपी2020 में अनुशंसित भारतीय भाषाओं को समृद्ध करने पर आधारित है और हमारे संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप है।

एनईपी2020 का विशेष ध्यान फोकस हमारे छात्रों को अनुभवात्मक शिक्षा, कौशल और व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करना है, ताकि उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित किया जा सके और उभरते क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया जा सके। एनईपीकी यह प्राथमिकता सीधे अनुच्छेद 41 के साथ जुड़ी है। संवैधानिक मूल्यों के साथ तालमेल बिठाते हुए, एनईपी2020 को लागू करने से भारत के बड़े विकास लक्ष्य हासिल होंगे और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के निर्माण को गति मिलेगी। पीएम ई-विद्या और दीक्षा, स्वयंप्रभा, स्वयं जैसे डिजिटल पहलों की शुरूआत, जिनमें हजारों पाठ्यक्रम और वर्चुअल लैब हैं,से छात्रों को एक साथ दो डिग्री - एक भौतिक प्रारूप में और दूसरा ऑनलाइन प्रारूप में -पूरा करने की सुविधा मिलती है। अकादमिक क्रेडिट बैंक खासकर ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के छात्रों को शिक्षा तक समान पहुँच की सुविधा प्रदान करते हैं।

भारतीय संविधान की भावना का पालन करते हुए, एनईपी2020 छात्रों में भाईचारे और एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए समग्र शिक्षा पर जोर देता है तथा उन्हें वैश्विक नागरिक बनने के लिए तैयार करता है। पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली और भारतीय लोकाचार को समाहित करते हुए, एनईपी2020 भारत की समृद्ध विरासत में गर्व और एकता की भावना को बढ़ावा देने की कोशिश करता है।

भारतीय संविधान गतिशील है। उदाहरण के लिए, हमारा संविधान अनुच्छेद 368 के तहत संशोधन के लिए एक व्यवस्था प्रदान करता है, जो हमारी संसदीय प्रणाली को समय के साथ विकसित होने की सुविधा देता है। उदाहरण के लिए, संसद ने शासन को विकेंद्रीकृत करने और लोकतंत्र को लोगों के करीब लाने के लिए 73वें और 74वें संशोधन पारित किए, जो पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकायों से संबंधित हैं। इसी तरह, संसद द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की शुरूआत, नीति निर्माण में इसकी अनुकूल होने की क्षमता को दशार्ती है। हमारी संसदीय प्रणाली ने आर्थिक लैंगिक प्रतिनिधित्व के लिए महिला आरक्षण विधेयक पारित करके अपना प्रगतिशील दृष्टिकोण प्रदर्शित किया।

हमारा संविधान नागरिकों की भागीदारी तथा भारत की स्वतंत्र मीडिया व गतिशील न्यायिक प्रणाली समेत मजबूत संस्थाओं के कारण फल-फूल रहा है और सशक्त है। हमारा संविधान भारत के शासन का आधार है और हमारे सामाजिक-सांस्कृतिक-सभ्यतागत मूल्यों को प्रतिबिंबित करता है।

उच्च शिक्षण संस्थानों को अपने पाठ्यक्रम में कर्तव्यों पर पाठों को शामिल करके तथा छात्रों को राष्ट्र के लिए योगदान देने पर गर्व करने के लिए प्रेरित करके छात्रों में उनके संवैधानिक कर्तव्यों की समझ पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। आइए हम अपने संविधान का उत्सव मनाएं और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र तथा एक सामंजस्यपूर्ण वैश्विक शक्ति बनाने के लिए संविधान से प्रेरित होते रहें।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। यदि कोई समस्या लंबे समय से चली आ रही थी, तो वह दूर होगी। संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपने यदि किसी से कोई कर्जा लिया था, तो वह भी काफी हद तक पूरा होगा। किसी अजनबी पर आप भरोसा न करें, नहीं तो नुकसान हो सकता है। आपकी यदि कोई संपत्ति संबंधित डील अटकी हुई थी, तो वह भी फाइनल हो सकती है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए मुश्किलों भरा रहने वाला है। काम को लेकर यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह दूर होगी। आपको किसी प्रकार की कोई एलर्जी या इन्फेक्शन था, तो वह लापरवाही से बढ़ सकता है। घर परिवार में भी आपसे लड़ाई झगड़े बढ़ेंगे, जिसमें आप दोनों पक्षों की सुनकर कोई बात कहें। आपको अपने लेनदेन से संबंधित मामलों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

मिथुन- आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। पार्टनरशिप में की गई डील आपको थोड़ी समस्या दे सकती है। आपको अपने पार्टनर पर भरोसा करने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का बोझ थोड़ा अधिक रहेगा। नौकरी बदलने का यदि आप प्रयास कर रहे थे, तो उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपका कोई लेनदेन से संबंधित मामला आपको परेशान कर सकता है। आपको अपने पिताजी से किसी काम को लेकर सलाह मश्वरा करना बेहतर रहेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपने दिनचर्या को बेहतर रखें। आप कामों को लेकर व्यस्त रहेंगे, लेकिन आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों पर भी पूरा ध्यान देंगे। नौकरी में आप अपने बॉस से किसी बात को लेकर उलझ सकते हैं। आपको अपनी जरूरतों पर पूरा ध्यान देना होगा। धार्मिक गतिविधियों पर भी आपका पूरा ध्यान रहेगा। राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों को उनकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको अपने मन में चल रही उलझनों को दूर करना होगा। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपनी कला व कौशल से काम करके अधिकारियों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे। आपके कुछ नए विरोधी हो सकते हैं। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आप किसी कानूनी मामले को लेकर आप थोड़ा परेशान रहेंगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। भविष्य को लेकर आपको यदि कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। जो युवा रोजगार को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर मिल सकता है। व्यवसाय में आपको अपनी निर्णय क्षमता पर भरोसा रखना होगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपके घर किसी पूजा पाठ का आयोजन होने से परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। आपको प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट थोड़ा सोच समझकर करना होगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। योग्यता अनुसार काम मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके आसपास में यदि कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें पूरा ध्यान दें। भविष्य को लेकर आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे। नौकरी वाले लोगों के ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा। आपको काम को लेकर थकान अधिक रहेगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर बुद्धि व विवेक से काम लेना होगा। यदि कोई काम रुका हुआ था, तो उसे पूरा करने के लिए आपको मेहनत अधिक करनी होगी। आप अपने घर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देंगे। जीवनसाथी से भी किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है। आप किसी निर्णय को जल्दबाजी में लेकर समस्या में आ सकते हैं। यदि आपने काम के साथ-साथ आराम के लिए समय नहीं निकला, तो आपकी सेहत गड़बड़ा सकती है।

धनु- आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहेगा। आपको अपनी पुरानी गलतियों से कुछ सीख लेने की आवश्यकता है और आप किसी विरोधी की बातों में ना आएं। आप धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़-चढकर हिस्सा लेंगे। व्यवसाय से जुड़े लोगों को अपनी वाणी की मधुरता को बनाए रखना होगी। आपका कोई प्रोजेक्ट यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी शुरू हो सकता है।

मकर- आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। आपको किसी काम को लेकर यदि टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी और आप किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। जो आपके लिए अच्छी रहेगी। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं उनके लिए समय शुभ है। आपको अपनी मेहनत का कार्यक्षेत्र में पूरा फल मिलेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप किसी पर भरोसा बहुत ही सोच समझकर करें, नहीं तो वह आपके उस भरोसे को तोड़ सकता है। संतान के करियर को लेकर आप परेशान रहेंगे। राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों को थोड़ा ध्यान देना होगा, नहीं तो उन्हें कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपने यदि बिजनेस में बिना सोचे समझे इन्वेस्टमेंट किया, तो उससे आपको नुकसान होने की संभावना है।

मीन- आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। आपको अपनी योग्यता अनुसार काम मिलने से कला क्षेत्र में खुशियां मिलेंगी। आपको अपनी संतान की तरक्की के लिए कुछ नई प्लानिंग करनी होगी। यदि आपके मन में किसी बात को लेकर कोई उलझन चल रही है, तो उसे दूर करने के लिए आप अपने भाइयों से बातचीत कर सकते हैं। आपका बिजनेस पहले से तरक्की करेगा। आपको किसी सहयोगी से काम को लेकर सलाह लेनी होगी।

व्यंग्य

विकास की रफ्तार, भले हो गड्ढों की भरमार

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

गांव में नलों से पानी की बहार आई है। ऐसा कोई चश्मदीद नहीं जो नलों से गिरती बूंदों को देख न उत्साह से भरा हो। नल खुलते ही धारा ऐसे बहती है मानो वर्षों की आस पूरी हो रही हो। लेकिन ये पानी नहीं, कोई अदृश्य तरल है, जो दिखता पानी की तरह है, पर असल में हवा का वो प्रवाह है जो कागज पर बहता है। सरकार ने कहा कि हर घर में पानी पहुंचेगा, और सचमुच पहुंचा भी, बस फर्क इतना है कि पानी की जगह दावे और आंकड़े बह रहे हैं। सत्य तो यह है कि हर किसी ने अपने घर के नल के सामने बैठकर घंटों इन अदृश्य धाराओं का अध्ययन किया है। बच्चे तो इसमें नए खेल ही ढूंढ लाए हैं - ह्लकौन कितनी देर सांस रोक सकता हैह्व का खेल। कई बार ऐसा लगता है कि एकाध बूंद गिर जाएगी, लेकिन फिर वो उत्साह भी उसी हवा के साथ उड़ जाता है। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि ये तो वही स्थिति है जब शादी में वादा किया जाता है ह्यसुख के सात वचनह्व, और निभाए जाते हैं ह्यदुःख के दसह्व। सरकारी अफसर हर महीने गांव आकर सभाएं करते हैं और बताते हैं कि पानी के संकट का समाधान हो चुका है। उन्होंने नए-नए पंप लगाए हैं, और वो तो बिल्कुल ह्यचाँद पे पानी ह्वह्व की तर्ज पर बताते हैं कि ह्लअब हर घर में पानी पहुँचा ही समझो, बाकी आपके विश्वास की कमी है जो पानी को देखने नहीं दे रही।ह्व जनता भी इस अदृश्य जल के गुणगान में फूली नहीं समाती। चाय के ठेले पर चचाएँ होती हैं कि ये विकास कैसा है भई! नल खुले हैं, पानी की बूंदें कल्पना में हैं, और आंकड़े आसमान में। फिर बात हुई तालाबों की सफाई की। शहर से कुछ अफसर आए, साथ में एक प्रकृति प्रेमी टीम थी। उन्होंने बड़ी-बड़ी मशीनें मंगवाईं और तालाब की ओर बढ़े। पहले तो चारों ओर तस्वीरें खींची गईं, देखो, हम अपने पुरखों की धरोहर को साफ करने आए हैं! तालाब की गंदगी देखकर सबका मन व्यथित हो गया। फोटो खिंचाने के बाद वापस मशीनों में चढ़कर टीम शहर चली गई, और तालाब आज भी अपने हाल पर करुणापूर्ण आंसू बहा रहा है। फिर आया सड़क निर्माण का मुद्दा। गांव की कच्ची सड़कें बारिश में ऐसे टूटतीं, जैसे किसी टॉपर की मार्कशीट देख कईयों के सपने टूटते हैं। सरकार ने कहा, अब इस बार पक्की सड़क बनेगी। लेकिन, सड़क बनी और तीन महीने में फिर से खड्डों का साम्राज्य स्थापित हो गया। ऐसा लगा मानो सड़क के नीचे से कोई गड्ढा सृजन मशीन लगा दी हो, जो रात में गुपचुप सारे गड्ढों का पालन-पोषण करती हो। अफसरों ने कहा, ह्लहमारा लक्ष्य था सड़कें इतनी ठोस बनाना कि वो आम जनता के कष्टों को भी झेल लें,ह्व और सड़क ने भी यही साबित किया - कष्टों को समेट कर, जनता को गड्ढों में झोंक कर। गांव वालों का भी मन अब इस विकास की कथा से ऊब चुका है। बच्चों ने अपनी साइकिलों को गड्ढों के हिट-एंड-फ्लाई गेम में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। घर में बड़ों को अब इन गड्ढों का खौफ नहीं रहा। वे कहते हैं, गड्ढे, सड़क के स्पाई हिस्से हैं। इनसे डरना छोड़ो, विकास का आदर करो। विकास की गंगा में अब गांव बहता है, हर कोई इस नवीन गंगा प्रवाह का आनंद उठा रहा है।

सर्दियों में ज्यादा ठंड लगना इस विटामिन की कमी का है संकेत, भूलकर भी न करें इसे नजरंदाज...वरना

देश के कई राज्यों में सर्दी की शुरूआत हो चुकी है. इस मौसम में खुद को ठंड बचाए रखना बेहद जरूरी होता है. लेकिन यह सामान्य बात है कि सर्दी के मौसम में ठंड लगना. वहीं, अगर सर्दी के मौसम में आपको अधिक ठंड महसूस हो रहा है, तो यह स्वास्थ्य के लिए के सही नहीं है. ज्यादा ठंड महसूस होना इस बात का संकेत है कि आपके शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की कमी हो रही है. सर्दी के मौसम में आपके शरीर में विटामिन-डी अहम भूमिका निभाता है, जिसकी कमी होने से शरीर में ज्यादा ठंड लगने लगती है. स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि विटामिन डी हमारे शरीर के लिए एक आवश्यक पोषक तत्व है. इसकी कमी से रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है. इस विटामिन की कमी से जोड़ों में कमजोरी का कारण बनता है. इस विटामिन की कमी से शरीर में ठंड अधिक लगती है. विटामिन-डी की कमी के शुरूआती लक्षण थकान, कमजोरी, जोड़ों में दर्द, जोड़ों में दर्द और ऐंठन के साथ-साथ लगातार ठंड लगना और सिरदर्द जैसे समस्याओं होता हैं.

विटामिन बी-12-विटामिन बी-12 एक ऐसा तत्व है, जिसकी वजह से शरीर में खून की कमी हो जाती है. विटामिन बी-12 की कमी से डीएनए के विकास में भी बाधा आती है. साथ ही शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति भी प्रभावित होती है. अगर शरीर में विटामिन बी-12 की कमी हो जाए तो इसकी वजह से भी सर्दी के मौसम में आपको अधिक ठंड लगती है.

आयरन-हमारे शरीर में आयरन हीमोग्लोबिन बढ़ाने का भी काम करता है.विशेषज्ञों का कहना है कि खून की कमी के कारण व्यक्ति को सबसे ज्यादा सर्दी महसूस करता है. आयरन की कमी से भी रक्त संबंधी रोग हो सकते हैं.

चुनौती

सिविल जज परीक्षा की बढ़ गई चुनौतियां

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

किसी भी देश में न्याय के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे लोगों को अलग सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है ।इस सेवा में आने की इच्छा रखने वाले कानून के स्नातकों को सिविल जज (सी जे) की परीक्षा अलग ही सामाजिक स्थिति से जोड़ती रही है । यह परीक्षा प्रतिवर्ष न्यायालयों में जजों (न्यायाधीशों) की नियुक्ति हेतु आयोजित की जाती है ।संभवतः न्यायाधीश के पद पर आसीन होने के लिए यह मुख्य परीक्षा मानी जाती है । इसके बाद उत्तरोत्तर पदों की प्राप्ति प्रमोशन के माध्यम से होती है । सिविल जज की परीक्षा अब 1 जुलाई 24 के बाद पहले की तुलना में कठिनाई के स्तर के साथ सामने आएगी । अब प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने से पूर्व हाड़ - तोड़ मेहनत की जरूरत महसूस की जानी चाहिए । कारण यह कि 1 जुलाई 24 से अंग्रेजों द्वारा लादे गए तीन कानून बदल दिए गए हैं । सबसे बड़ी चुनौती यह है कि 1860 में लागू की गई भारतीय दंड संहिता सहित अन्य दो कानून भी बदल दिए गए हैं । 164 साल पुराने कानून को पढ़ते - पढ़ते और उनमें समाई धाराएं न्यायविदों के मस्तिष्क में स्थाई हो चुकी थीं । अब नई धाराओं के साथ बदली हुई परिस्थिति में थानों में शिकायतों की दशा भी बदल चुकी है । सिविल जज परीक्षा के लिए अपना भाग्य आजमाने वाले हमारे देश के विधि स्नातकों को अब सभी कानूनों की बारीकी जानने के लिए कहीं अधिक परिश्रम करना होगा ।



अपने भविष्य का लक्ष्य तय करने के उद्देश्य से हमारे देश के युवा क्षेत्र का चयन कर उसमें सफलता पाने प्रयास में लगे रहते हैं । आज मैं विधि स्नातकों के भविष्य पर बदली हुई परिस्थिति के चलते कुछ सावधानी परक चर्चा करना चाहता हूं ।सदियों से कानून की धाराओं को सुनते - सुनते और समाचारों के माध्यम से पढ़कर धाराएं एक आदमी के मन - मस्तिष्क में स्थाई हो चुकी हैं । धारा 302 बोलते ही एक कम पढ़ा - लिखा व्यक्ति भी कह उठता है - कहां हत्या हो गई ? इसी तरह धारा 420 धोखाधड़ी और 357 , 480 चोरी की वारदात से अवगत कराती रही है । कुछ धाराओं को मै खुद यहां नहीं लिखना चाह रहा हूं ।कारण यह कि वे वीभत्स घटनाओं से संबंध रखती हैं । मेरा इशारा मेरे पाठक आसानी से समझ चुके होंगे । आखिर मैं क्यों यह कह रहा हूं कि विधि स्नातक , सिविल जज बनने की तमन्ना रखने वाले सचेत हो जाएं ! 1 जुलाई 24 से हमारे देश में आपराधिक कानून से लेकर बैंकों के कानून में भी बदलाव कर दिया गया है ! निः संदेह आने वाली सी. जे . की प्रतियोगी परीक्षा में अलग तरीके से मेहनत करनी होगी । अंग्रेजों के समय लागू किए गए भारतीय दंड संहिता , दंड प्रक्रिया संहिता एवं साक्ष्य अधिनियम अब भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) , भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बी एन एस) तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बी एस ए) के रूप में हमारे सामने हैं । स्वाभाविक रूप से कानून बदलने के साथ धाराएं भी बदल दी गई हैं !

यह पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय करने की सीमा भी सुनिश्चित करता है । साथ ही दुष्कर्म के मामलों में पीड़िता का बयान महिला पुलिस अधिकारी , अभिभावक या रिश्तेदारों की उपस्थिति में दर्ज कर सकेंगी । पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट भी सात दिन भीतर देनी होगी । नए कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद के कृत्यों को परिभाषित किया गया है ।

परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों में अब नई धाराओं को उतर रूप में लिखना होगा । यह उतना आसान नहीं होगा जितना पहले था। इसलिए भविष्य को सी जे परीक्षा के साथ उच्चवल शिखर पर पहुंचाने का लक्ष्य रखने वालों को कहीं अधिक परिश्रम की जरूरत होगी । नए कानूनों के तहत अब धोखाधड़ी की धारा 420 के बदले 316 और हत्या की धारा 302 के बदले 101 जुर्म के साथ दर्ज की जाएगी । इसके अलावा आत्महत्या का प्रयास , लोक सेवकों द्वारा अवैध व्यापार , छोटी - मोटी चोरी , सार्वजनिक नशा और मानहानि जैसे मामलों में सामुदायिक सेवा के प्रावधान शामिल किए हुए हैं ।

सामुदायिक सेवाएं ऐसी सेवाएं हैं जो अपराधियों को सुधरने का अवसर प्रदान करती हैं । इसी तरह बैंकों के कानून में एक बड़ा परिवर्तन भी किया गया है । 9 अगस्त 2024 को सरकार ने बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया । इस विधेयक का मकसद प्रति बैंक खाते में नामांकित व्यक्तियों के विकल्प को पहले से लागू एक नामांकित व्यक्ति से बढ़ाकर चार कर दिया गया है । इसके साथ इस विधेयक में बैंकों को यह अधिकार दिया गया है कि वह अपने ऑडिटर्स (अंकेक्षक) का पारिश्रमिक तय कर सके । नए कानूनों के तहत अब प्राथमिकी दर्ज कराने की स्वतंत्रता भी प्रदान कर दी गई है , अर्थात पीड़ित अपनी सुविधानुसार किसी भी थाने में एफ आई आर दर्ज करा सकता है ।₹ जीरो एफ आई आर ₹ के आधार पर अब कोई भी पीड़ित अथवा पारिवारिक सदस्य किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने स्वतंत्र है । भले ही अपराध उस थाना क्षेत्र की परिधि में आता हो या न आता हो ! नए कानून से मिले अधिकार का एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि गिरफ्तारी की सूरत में व्यक्ति को अपनी पसंद के किसी व्यक्ति को अपनी स्थिति के विषय में सूचित करने का अधिकार होगा । इसका बड़ा लाभ यह होगा कि गिरफ्तार किए ग

एक नजर

दलपत सागर में दीपोत्सव 7 का तैयारी के संबंध में हुई बैठक

जगदलपुर 30 नवंबर। दलपत सागर में प्रतिवर्ष की भांति इस बार 7 दिसम्बर को दीपोत्सव किया जायेगा। इस दीपोत्सव के सफल आयोजन हेतु जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में महापौर श्रीमती सफीरा साहू, कलेक्टर श्री हरिस एस के द्वारा चेंबर ऑफ कॉमर्स, रोटरी क्लब, विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों, समाजसेवी संस्था, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के प्रमुखों और शहर के प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक लेकर दीपोत्सव कार्यक्रम में आवश्यक सहयोग करने की अपील की गई। कलेक्टर ने कहा कि शहर के समाजसेवी संस्था, सर्व समाज प्रमुखों और शहर के प्रबुद्ध नागरिकों से अपील है कि तैयारी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में सहयोग करें। इस दीपोत्सव में लगभग तीन लाख से अधिक दीप प्रज्वलित किया जाएगा। गत वर्ष दो लाख 51 हजार दिया जलाया गया था। इसके लिए दीपों, तेल और बाती की व्यवस्था हेतु कलेक्शन सेंटर, पार्किंग व्यवस्था, दलपत सागर परिसर में कार्यक्रम उपरांत सफाई सहित अन्य व्यवस्था के संबंध में चर्चा किया गया। दीपों के कलेक्शन हेतु राम मंदिर परिसर और दलपत सागर को चिन्हांकित किया गया जहां पर नागरिक स्वेच्छा से दीप, तेल, बाती आदि दे सकते हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिंहा, नगर निगम आयुक्त श्री निर्भय साहू, एमआईसी के गणमान्य सदस्य सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

11 कर्मचारियों को पीपीओ प्रदान कर उनको सम्मानित किया

जगदलपुर 30 नवंबर। प्रत्येक माह सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को माह के अंतिम कार्य दिवस में पेंशन प्राधिकार पत्र का प्रदान करने संबंधी राज्य शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं द्वारा नवम्बर माह में जिला बस्तर अंतर्गत सेवानिवृत्त हो रहे 18 में से 11 कर्मचारियों को पीपीओ प्रदान कर उनको सम्मानित किया गया । इस अवसर पर संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन श्री कमलेश रायस्त, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

एनआरएलएम की सहायता से छापर भानपुरी की नीलावती मौर्य बनी लखपति दीदी

जगदलपुर 30 नवंबर। स्वयं के परिवार में कम कृषि भूमि के चलते परिवार की माली हालत को देखकर छापर भानपुरी निवासी नीलावती मौर्य राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गांव की स्व सहायता समूह से जुड़कर फर्नीचर एवं बर्तन दुकान के जरिए अब आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो चुकी हैं। करीब पांच साल पहले गांव की दीदियों के साथ दुर्गा महिला स्व सहायता समूह गठित कर थोड़ी-थोड़ी बचत एवं आपसी लेनदेन के द्वारा समूह के सदस्यों ने गांव के समीप लगने वाले हाट बाजार में साग-सब्जी विक्रय और चाय-नाश्ता की दुकान जैसी छोटी-छोटी आर्थिक गतिविधियों से समूह को सक्षम बनाया। वहीं समूह से आर्थिक मदद लेकर सदस्यों ने स्वयं का व्यवसाय करना भी शुरू किया। इन्हीं में से एक नीलावती मौर्य ने गांव के आसपास शादी-ब्याह तथा अन्य अवसरों पर फर्नीचर और बर्तन की मांग को देखते हुए छापर भानपुरी में फर्नीचर एवं बर्तन दुकान खोलने के लिए समूह से 50 हजार रुपए की सहायता ली और घर की बचत राशि मिलाकर गत 2022 में छोटी सी बर्तन दुकान शुरू किया। जिसे अपनी लगन और मेहनत के जरिए अब विस्तार कर चुकी हैं। उन्होंने बताया कि जगदलपुर-चित्रकोट मेनरोड में दुकान स्थित होने के कारण अच्छा विक्रय हो रहा है। इस कारोबार में नीलावती को पति नरपत मौर्य का पूरा सहयोग मिल रहा है। पति करीब डेढ़ एकड़ भूमि में खेती-किसानी करते हैं और अतिरिक्त समय में नीलावती को मदद करते हैं। इस व्यवसाय के जरिए नीलावती दीदी हर महीने 15 से 20 हजार रुपए का सामान बेच लेती हैं और सीजन में 70 हजार रुपए की घरेलू सामग्री विक्रय कर लेती हैं। जिसकी आय से अपने चार सदस्यीय परिवार का समुचित भरण-पोषण कर रहे हैं। नीलावती अपने दोनों बच्चों की शिक्षा के लिए भी सजग होकर बेटी लवली मौर्य को 6 वीं में पढ़ा रही हैं और बेटा भोलेन्द्र को नर्सरी में प्रवेश दिलाया है। नीलावती मौर्य ने बताया कि घरेलू उपयोग की सोफा, पलंग, आलमारी आदि फर्नीचर सहित बर्तनों की डिमांड शादी के सीजन में बहुत ज्यादा रहती है। इसे ध्यान रखते हुए अब बैंक से दो लाख रुपए ऋण लेने के लिए आवेदन किया है, जिसे भारतीय स्टेट बैंक द्वारा स्वीकृति देने आश्वस्त किया गया है। इस ऋण राशि से आने वाले शादी-ब्याह के सीजन में फर्नीचर एवं बर्तन का अच्छा कारोबार कर सकेंगी। ज्ञात हो कि महिला उद्यमियों एवं कारोबारियों को उनकी जरूरत के अनुसार व्यवसाय विस्तार के लिए राज्य सरकार के सहयोग से भारतीय स्टेट बैंक द्वारा स्वयं सिद्धा योजना संचालित किया जा रहा है। जिसमें महिला उद्यमियों एवं स्वयंसहायियों को एक से 10 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान किया जाता है। इसी तरह छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक द्वारा स्वयं सिद्धा प्रबल योजना चलाया जा रहा है। इस योजना में भी महिला उद्यमियों को 10 लाख रुपए तक का ऋण सुलभ कराया जाता है।

पक्का आवास बनने से मौसमी परेशानियों से मिलेगी निजात: मेशिया पद्दा

- माओवाद प्रभावित गांवों में योजनाओं की पैठ हो रही मजबूत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उत्तर बस्तर कांकेर,30 नवंबर। प्रधानमंत्री आवास योजना से जिले के गरीब परिवारों का पक्के आवास का सपना मूर्तरूप ले रहा है। जीवन में प्रत्येक व्यक्ति का सपना होता है कि उसका अपना पक्का घर हो, जिसमें वह अपने परिवार को स्थायी रूप से सुरक्षा दे सके और पृथक रसोई कक्ष, शयन कक्ष, शौचालय की सुविधा के साथ सुखमय जीवन व्यतीत कर सकें। ऐसे में गरीबों के लिए पक्का घर का सपना प्रधानमंत्री आवास योजना से साकार हो रहा है।

माओवाद प्रभावित एवं दुर्गम सुदूर क्षेत्र कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम कन्दाड़ी निवासी श्री मेशिया पद्दा भी उनमें से एक हैं जिन्होंने अपने सपने को जीवंत करने का हौसला रखते हैं। उनके इस सपने को आकर देने का काम कर रही है प्रधानमंत्री आवास योजना। श्री पद्दा ने बताया कि उनका परिवार सालों से कच्चे मकान में निवासरत है, जिसके चलते हर मौसम में अलग-अलग तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में कच्चे, खदरनुमा एवं खपरैल का घर होने के कारण जगह-जगह पानी टपकना, जमीन में सीलन आना, सांप बिच्छू का डर सताते रहता है। वहीं सर्दी के मौसम में शीत और ठण्ड बढ़ जाने से तबीयत बिगड़ने का भय बना रहता है। कच्चे घर वन्य जीवों व कीड़े-मकोड़ों के प्रवेश करना भी आम बात है। श्री पद्दा ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् अब पक्का मकान बनने के बाद इन सभी परेशानियों से निजात मिलेगी।

हितग्राही श्री मेशिया ने बताया कि शासन की जनकल्याणकारी योजना के तहत इस सुदूर क्षेत्र में आवास स्वीकृत होने से जीवन में आशातीत परिवर्तन आया है। प्रशासन की मदद से तत्काल आवास का ले-अॅउट करवाकर निर्माण सामग्री पहुंचाने में मदद मिली है, जिससे वर्तमान में नींव खुदाई कर कॉलम की ढलाई की गई है। हितग्राही ने कहा कि उनका स्वयं का पक्का मकान बनाने का सपना पूरा होने जा रहा है। नवीन आवास निर्माण से वे अत्यंत खुश एवं उत्साहित हैं कि अब मकान बनने से परेशानियां दूर होंगी और उनका परिवार पक्के मकान में निश्चिंत व निर्भीक होकर आराम के साथ रहेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास मिलने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट किया।

टेंट व्यवसायियों से साठगांठ की शिकायत जिपं सीईओ तक पहुंची

- मेगा ओलंपिक के खिलाड़ियों को 49 में तो बैडमिंटन खिलाड़ियों को खिलाया जाएगा 600 रु थाली में भोजन
- दंतेवाड़ा के टेंट व्यवसायी का डबल स्टेंडर्ड देख हर कोई हैरत में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 30नवंबर। दंतेवाड़ा में टेंट व्यवसायी आपस में सांठगांठ कर प्रशासन को अर्से से तगड़ा चूना लगा रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस हो, गणतंत्र दिवस हो अथवा कोई भी सरकारी कार्यक्रम हो। सभी कार्यक्रम में टेंट, नाश्ता, भोजन की व्यवस्था का ठेका घुमफिरकर दंतेवाड़ा के टेंट व्यवसायी राधिका टेंट, विनोद इवेंट अथवा पूजा टेंट को ही मिलता है यूं कहें कि टेंट ठेका के मामले में एक ही परिवार का यहां वर्चस्व है तो गलत नहीं होगा। गौरतलब है कि अभी हाल ही में जिला प्रशासन द्वारा ब्लाक एवं जिला स्तर पर मेगा ओलंपिक खेलों का आयोजन किया गया। इसमें भी टेंट एवं भोजन नाश्ता का ठेका राधिका टेंट हाउस वालों को ही मिला था। बताते चलें कि ओलंपिक खेलों में स्कूल आश्रमों में पढ़ने वाले खिलाड़ी छात्रों को भोजन एवं नाश्ता राधिका टेंट हाउस के संचालक ने 49 रूपए में करवाया था। इसमें 2 टाइम भोजन, नाश्ता, चाय सभी शामिल था। ओलंपिक खेलों का आयोजन अब समाप्त हो चुका है और अब दंतेवाड़ा के इंडोर स्टेडियम में 2 दिसंबर से राज्य स्तरीय बेडमिंटन स्पर्धा का आयोजन शुरू होने जा रहा है। इस आयोजन में भी राधिका टेंट के संचालक को खिलाड़ियों को लंच, डिनर, नाशता, एवं लाईट डेकोरेशन आदि का ठेका मिला है। मिली जानकारी के मुताबिक जहां राजकुमार टेंट हाउस को टेंट का ठेका मिला है तो वहीं राधिका का भोजन, नाश्ता का टेंडर पास हुआ है और रेट है 600 रू0। याने एक खिलाडी के लिए 2 समय भोजन, नाश्ता एवं चाय के लिए 600 रूपए खर्च किए जाएंगे। राधिका टेंट ने तो 999 रूपए का टेंडर भरा था बाद में इसे कम करके 600 रूपए किया गया है। सूत्र तो यह भी बता रहे हैं कि कुछ और टेंट वालों ने भी टेंडर फार्म भरा था लेकिन बाद में आपस में रिंग बनाकर आपसी सांठगांठ कर बाकी टेंट वालों ने सरेंडर कर दिया और अंत में सबसे कम दर याने 600 रूपए में राधिका टेंट संचालक का टेंडर पास हो गया। अब ये दोहरा स्टेंडर्ड नहीं तो और क्या है कि एक तरफ ग्रामीण आदिवासी खिलाड़ियों को आप 49 रूपए में भोजन करवा रहे हो वहीं बेडमिंटन खिलाड़ियों को वहीं भोजन 600 रूपए में देने की तैयारी उसी टेंट हाउस के संचालक द्वारा की जा रही है। मानते हैं मीनू में कुछ बदलाव हो सकता है मगर फिर भी 10 गुना अंतर कैसे आ सकता है। टेंट व्यवसायी के द्वारा घालमेल से असंतुष्ट होकर एक जागरूक नागरिक ने राधिका टेंट हाउस का ठेका निरस्त कर फिर से नए सिरे से टेंडर की मांग करते हुए जिला पंचायत सीईओ को शिकायत पत्र दिया है अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन को इसमें कुछ गलत दिखाई पड़ता है या नहीं। यह तो आने वाले दिनों में ही स्थिति साफ हो पाएगा।

धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ बोलकर कांग्रेस किसानों को गुमराह कर रही: किरण सिंह देव

रायपुर 30 नवंबर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ फैलाने और तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पर जमकर निशाना साधा है। श्री देव ने कहा कि बैज समेत सभी कांग्रेस नेता धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ बोलकर प्रदेश के किसानों को गुमराह करने और प्रदेश में येन-केन-प्रकारेण अराजकता फैलाने के टूलकिट एजेंडा पर चल रहे हैं। भाजपा प्रदेशअध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि सत्ता के लिए बौखलाती कांग्रेस ने पहले महतारी वंदन योजना को लेकर लगातार झूठ बोला। जब भाजपा सरकार ने तथ्यों के साथ कांग्रेस के झूठ की धज्जियाँ उड़ाई तो अपराध और कानून-व्यवस्था को लेकर नया टूलकिटिया एजेंडा चलाया। जब कांग्रेस के लोग ही अमूमन हर बड़े अपराध में संलिप्त पाए जाकर बेनकाब होने लगे, कानून के शिकंजे में जब खुद कांग्रेसी या उनके करीबी आने लगे तब अपने ही बुने षड्यंत्रों के जाल में फँसकर कांग्रेस छटपटाने लगी। महतारी वंदन और कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर मुँह की खाने के बाद भी कांग्रेस अपनी ओछी और साजिशाना राजनीति से बाज नहीं आ रही है और अब वह धान खरीदी के मुद्दे पर फिर झूठ की राजनीति करने पर आमादा है। श्री देव ने कहा कि धान खरीदी को लेकर किसी भी बिंदु पर प्रदेश की भाजपा सरकार पर उंगली उठाने का नैतिक अधिकार कांग्रेस को नहीं रह गया है। कांग्रेस को कोई भी आक्षेप लगाने से पहले अपने गिरेबाँ में झाँकना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि कांग्रेस ने वादाखिलाफी करके अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में लगातार किसानों को प्रताड़ित करने का काम किया। किसानों को इन 5 वर्षों में धान बेचने के लिए सोसाइटियों में बारदाने की समस्या से लगातार जूझना पड़ा। भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों को कभी गिरदावरी के नाम पर कटौती कर किसानों को परेशान किया तो कभी बारदाने नहीं है, कहकर किसानों को बारदाने खरीदने के लिए कहा और बाहर से बारदाने लाने का पैसा स्वयं देने का भी वादा किया लेकिन आज तक उन किसानों को बारदाने के पैसे का भुगतान नहीं किया गया। श्री देव ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के किसानों को लगातार 5 वर्षों तक धान खरीदी का पैसा हमेशा किश्तों में दिया जाता था। कभी भी किसानों को उनकी उपज का एकमुश्त भुगतान पिछली भूपेश सरकार ने नहीं किया जिसकी वजह से किसान कोई बड़ा काम नहीं कर पाता था। श्री देव ने कहा कि आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी कर रही है और 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान का भुगतान किसानों को एकमुश्त किया जा रहा है जिससे आज प्रदेश का किसान खुशहाल है।

भाजपा का बूथ गठन प्रक्रिया प्रारंभ

रायपुर 30 नवंबर। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान के पश्चात बूथ कमेटी गठन 15 तारीख से 30 नवंबर तक हम सबको करनी है जिसके तहत जिला अध्यक्ष श्री रमेश पटेल , जिला चुनाव अधिकारी श्री संतोष अग्रवाल, मंडल प्रभारी श्री सावन वर्मा एवं मंडल अध्यक्ष श्री रोहित चंद्राकर के नेतृत्व में आज टेडेसरा शक्ति केंद्र के ग्राम टेड़ेसरा में बूथ कमेटी का गठन किया गया जिसमें बूथ क्रमांक 214 में श्री फूल किशोर चौधरी ,बूथ क्रमांक 215 में श्री अवधेश मिश्रा ,बूथ क्रमांक 216 में श्री श्यामलाल गुप्ता और बूथ क्रमांक 217 में श्री जगदेव साहू बूथ कमेटी के नवीन अध्यक्ष चुने गए सभी नए अध्यक्षों को चुनाव अधिकारी मनोज साहू (मंडल महामंत्री) ने निर्वाचन का प्रमाण पत्र दिया साथ में बूथ कमेटी के कुल 12 सदस्यों का निर्वाचन भी किया गया।

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उत्तर बस्तर कांकेर, 30 नवंबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन- 2024-25 से संबंधित विभिन्न निर्वाचन दायित्वों के निर्वहन हेतु अधिकारियों को नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने कानून व्यवस्था एवं व्ही.एम., सिक्युरिटी प्लान के लिए पुलिस अधीक्षक कांकेर को नोडल अधिकारी तथा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार जाबो कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को नोडल अधिकारी तथा जनपद पंचायत के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरपालिका, नगर पंचायत के सीएमओ और बीईओ को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा मतदाता सूची, नक्शा एवं रूट चार्ट हेतु अपर कलेक्टर कांकेर को नोडल अधिकारी तथा प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख कांकेर श्री रामचन्द्र मंडावी को सहायक नोडल अधिकारी, मतदान दल मानव संसाधन प्रशिक्षण हेतु जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर को नोडल अधिकारी और समस्त खंड शिक्षा अधिकारी को सहायक नोडल, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर, प्रशिक्षक हेतु शासकीय स्नातकोत्तर भानुप्रतापदेव महाविद्यालय कांकेर के सहायक प्राध्यापक श्री एन.आर. साव को नोडल अधिकारी तथा पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविन्दपुर के प्राचार्य श्री आर.पी.एस. ठाकुर और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिदेसर के प्राचार्य श्री रोशन वर्मा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने मीडिया प्रमाणन एवं पेड न्यूज (एम.सी.एम.सी.) हेतु जिला जनसम्पर्क कार्यालय के सहायक संचालक श्री ताराशंकर सिन्हा को नोडल अधिकारी और नगर एवं ग्राम निवेश के सहायक संचालक को सहायक नोडल अधिकारी, नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत शाखा हेतु डिप्टी कलेक्टर कांकेर श्री टी.आर. देवांगन को नोडल अधिकारी एवं प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री हिमालय सेठिया को सहायक नोडल अधिकारी, मतपेटी हेतु कृषि के प्रभारी उप संचालक श्री जितेन्द्र कोमरा को नोडल एवं उद्यानिकी के सहायक संचालक श्री करन सोनकर को सहायक नोडल अधिकारी, निर्वाचन सामग्री, सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु जिला अंत्यावसायी प्रभारी कार्यपालन अधिकारी श्री आर.एस. कमल को नोडल, श्रम पदाधिकारी श्री सुदेश गोटी, समस्त तहसीलदार और समस्त मुख्य कार्यपालन जनपद पंचायत को सहायक नोडल, यातायात व्यवस्था एवं वाहन हेतु जिला परिवहन अधिकारी , प्रेक्षक हेतु उप संचालक पंचायत श्री कमल सिदार को नोडल अधिकारी, जिला पंचायत लेखाधिकारी श्री अजय कुमार को सहायक नोडल, मतपत्र मुद्रण, निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र हेतु वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी श्री रामानंद कुंजाम को नोडल एवं सहायक कोषालय अधिकारी सुश्री संगीता कावड़े और समस्त उप कोषालय अधिकारी को सहायक नोडल को नियुक्त किया है।

महिला नक्सली पर 2 लाख रुपये का इनाम घोषित

महिला नक्सली समेत तीन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 30 नवंबर। जिले के क्षेत्रान्तर्गत नक्सल संगठन में सक्रिय 01 महिला सहित 03 नक्सलियों के द्वारा किया गया आत्मसमर्पण। महिला नक्सली पर छ0ग0 शासन द्वारा पद के अनुरूप 02 लाख रूपये का ईनाम घोषित है। छत्तीसगढ़ शासन की ÷छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति'' एवं ''नियद नेल्ला नार'' योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव से आत्मसमर्पण किया गया। महिला नक्सली को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में डीआईजी ऑफिस एवं आरएफटी सुकमा तथा शेष नक्सलियों को समर्पण के लिए प्रोत्साहित जिला बल एवं डीआरजी कार्मिकों की विशेष भूमिका रही है। जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति'' एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''नियद नेल्ला नार'' योजना से प्रभावित होकर तथा अति-संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव व नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में 01 महिला सहित 03 नक्सलियों की आत्मसमर्पण। कुमारी सोड़ी मुके पिता स्व. हिड़मा (कोंटा एरिया कमेटी अंतर्गत केएमएस उपाध्यक्षा ईनामी 02 लाख) उम्र लगभग 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी अरलमपल्ली थाना पोलमपल्ली जिला सुकमा मड़कम वेदा पिता स्व. मड़कम गंगा (पूर्वती आरपीसी मिलिशिया सदस्य) उम्र लगभग 33 वर्ष जाति मुरिया निवासी पूर्वती मड़कमपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा द्वारा नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा मे जुड़ने के उद्देश्य से 29 नवंबर 2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला सुकमा में निरीक्षक रोशन सिंह राजपूत, प्रभारी नक्सल सेल सुकमा एवं उप निरीक्षक सरजीत आलम, डीआईजी ऑफिस सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। महिला नक्सली सोड़ी मुके अनिता को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में डीआईजी ऑफिस सुकमा आरएफटी टीम, नक्सली माड़वी कोसा पिता माड़का को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में थाना पोलमपल्ली पुलिस बल तथा नक्सली मड़कम देवा पिता स्व. गंगा को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में डीआरजी किलो कार्मिकों की रही है विशेष भूमिका। उपरोक्त सभी सदस्यों प्रतिबंधित नक्सल संगठन में जुड़कर विभिन्न नक्सली गतिविधियों जैसे पुलिस गस्त पार्टी की रेकी कर हमला करना, पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्गों पर स्पाईक/बम लगाना, मुख्य मार्गों को खोदकर मार्ग अवरूद्ध करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध बेनर, नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाने एवं अन्य घटनाओं में शामिल रहे है। इसके अतिरिक्त आत्मसमर्पित नक्सली माड़वी कोसा पिता माड़का उर्फ बोसी के विरूद्ध थाना पोमलपल्ली में अपराध क्रमांक 03/2016 धारा 147, 148, 149, 307 भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध है।

समाचार संक्षेप

लोगों को नशा मुक्ति के लिए किया जा रहा जागरूक

सुकमा, 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली के आदेशानुसार सुकमा जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत लोगों में नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को ग्राम पंचायत पुसपुल के हाट बाजार में नशा मुक्ति के लिए सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बाजार आने वाले लगभग 230 ग्रामीणों को पम्पलेट बाँटकर और मौखिक जानकारी देकर नशा से दूर रहने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही अन्य लोगों को भी नशा मुक्ति के लिए शपथ भी दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री देवेश ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में जिले में नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत अंतर्विभागीय समन्वय से संयुक्त जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया जा रहा है। राज्य शासन के मंशानुसार अभियान चलाकर कोटपा एक्ट के तहत सभी स्कूल परिसरों तथा उसके आसपास के क्षेत्र को टोबैको फ्री घोषित किया जा रहा है।

मुस्लिम समाज के युवाओं ने मानवता का परिचय दिया

सुकमा, 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । जिले के कोण्टा में मुस्लिम समाज के युवाओं ने जरूरत मंदो को ठंड से बचने की सामग्री वितरण किया जो कि राजस्थान से आकर कोण्टा में सड़क किनारे लोहे के औजारों की दुकान लगाकर जीवन यापन कर खुले में रह रहे दर्जन भर लोगो को कंबल,स्वेटर, तिरपाल व अन्य जरूरी सामग्री दिया गया कोण्टा मुस्लिम समाज के युवाओं द्वारा मुस्लिम समाज के वरिष्ठ शेख़ नवाब जानी ने अपने हाथों से जरूरत मंदों को कड़ाके की ठंड में जरूरी सामग्री देने पर खुशी जाहिर करते हुए मुस्लिम समाज को धन्यवाद दिया इस नेक कार्य में लोक निर्माण विभाग के कर्मचारिय अनिल कुमार यादव सहायक ग्रेड - 3, लिपिक शाखा लोक निर्माण विभाग कोंटा ने भी अहम योगदान दिया। सहायता अभियान के दौरान जरूरतमंदों की मदद का जज्बा और समर्पण देखने को मिला। सर्दी में राहत पहुंचाने की यह कोशिश सामाजिक एकता और इंसानियत का बेहतरीन उदाहरण है जिसमें मुख्य रूप से मुस्लिम युवा समिति के अध्यक्ष आसिफ खान, सैफ अली, शेख़ समीर, शेख नईम, शेख शाबीर, सोहेल अली, साहिल मोहम्मद, फ़राज़ अली,अब्बास अली, हुमायूं खान, रेहान खान, नामीर अली, अशरफ, आफताब यासीन एवं अनिल यादव अन्य युवा साथी एवं मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

कमिश्नर और आईजी ने की बस्तर ओलंपिक के संभाग स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा

जगदलपुर 30 नवंबर। बस्तर ओलपिंक 2024 के तहत जगदलपुर में दिसंबर माह में आयोजित की जाने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा बैठक कमिश्नर श्री डोमन सिंह और आईजी श्री सुंदरराज पी. द्वारा किया गया। जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में प्रतियोगिता की रूपरेखा, प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र, मेडल और शील्ड और अन्य आवश्यक व्यवस्था का आंकलन किया। कमिश्नर श्री सिंह ने सभी जिलों के बस्तर ओलंपिक के नियुक्त नोडल से समन्वय कर खिलाड़ियों को लाने, ठहरने और भोजन व्यवस्था के संबंध में चर्चा करने के निर्देश दिए। बस्तर ओलंपिक के संभाग स्तरीय आयोजन में उद्घाटन और समापन समारोह की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था, ब्रांडिंग की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा किए। इसके उपरांत सभी अधिकारियों ने इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में पहुंचकर मुख्य मंच सहित अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों का अवलोकन किया।

पांच दिवसीय संभाग स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर 4 दिसम्बर तक

उत्तर बस्तर कांकेर,30 नवंबर। कमिश्नर श्री डोमन सिंह के निर्देशानुसार बस्तर संभाग के वनांचल आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में पांच दिवसीय संभाग स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 30 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में किया जाना प्रस्तावित है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी ब्लॉक में योग के विषय में शैक्षणिक योग्यता रखने वाले तथा योग के प्रति रूचि रखने वाले जनसामान्य को उक्त योग प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हेतु अपील की है।

एक नजर

बालक छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

रायगढ़, 30 नवम्बर। जिला न्यायालय के प्रधान जिला न्यायाधीश श्री जितेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन एवं न्यायाधीश/सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में मैट्रिक शास.कम.पूंर्व बालक छात्रावास रायगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में श्री जितेन्द्र कुमार जैन द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति के व्यक्तियों/बच्चों को मौलिक अधिकार, बच्चों की शिक्षा का अधिकार, मोटर व्हीकल एक्ट, बच्चों के सामाजिक विकास एवं अन्य दायित्व के संबंध में बताते हुए अन्य कानूनी जानकारी जिसके अंतर्गत चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस होने की अनिवार्यता पर बल देते हुए बच्चों को जिनकी उम्र 18 साल से कम हो उनका वाहन चलाना प्रतिबंधित होने के बारे में भी बताया गया। साथ ही साइबर क्राईम से होने वाले अपराध की जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी कम्प्यूटर का अपराध स्थान पर मिलना या कम्प्यूटर से कोई अपराध करना कम्प्यूटर अपराध कहलाता है। किसी की निजी जानकारी कम्प्यूटर से निकाल लेना भी साईबर अपराध है। अन्त में विधिक सहायता एवं सलाह के संबंध में तथा नालसा हेल्प लाईन नं 15100 के विषय में जानकारी दिया गया।न्यायधीश/सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के द्वारा विधिक सहायता के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा गया कि विधिक सहायता एवं सलाह निःशुल्क प्राप्त करना तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा प्रदान किये जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता की पात्रता के संबंध में विस्तार से जिसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों को उनके मामले में निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकने तथा उनके मामले में पृथक अधिवक्ताओं का एक विशेष पैनल होने की भी जानकारी दी गई। शिविर में विद्यार्थियों को बच्चों के प्रति होने वाले अपराध के संबंधित शार्ट फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में छात्रावास के अधीक्षक श्री अनुराग नामदेव एवं श्री राजेन्द्र सिंह सिदार के साथ पैरालीगल वॉलेंटियर की भी उपस्थिति रही।

10 वीं एवं 12 वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों की सूची जारी

रायगढ़, 30 नवम्बर। क्षितिज अपार संभावनाएं योजनान्तर्गत जिले के माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्र तथा छात्राओं को क्रमशः 2 हजार एवं 5 हजार रुपये एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदाप किए जाने का प्रावधान है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्राप्त कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की प्रावीण्य सूची में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों की सूची जारी की गई है। जिसमें माध्यमिक परीक्षा कक्षा 10 वीं में शा.उ.मा.शा.महलोई, विकासखण्ड तमनार से कु.अमीषा नायक 90.33 प्रतिशत एवं 77.16 प्रतिशत अंक के साथ श्री रोहन चौहान शामिल है। इसी तरह उच्चतर माध्यमिक परीक्षा 12 वीं में जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती हा.से.स्कूल किरोड़ीमल नगर रायगढ़ से श्री रविशंकर पटेल 70.2 प्रतिशत एवं शा.उ.मा.वि.खड़गांव विकाखण्ड धरमजयगढ़ से कु.रिंकी राठिया 69.2 प्रतिशत शामिल है। इस संबंध में यदि किसी दिव्यांग छात्र-छात्रा को आपत्ति हो तो वे समुचित प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण रायगढ़ में 5 दिसम्बर 2024 तक कार्यालयीन समय में दावा-आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

इंसेंटिव एन्ट्री के संबंध में आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

रायगढ़, 30 नवम्बर। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में इंसेंटिव एंट्री का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय और मेडिकल कालेज के कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यशाला में आयुष्मान से संबंधित इंसेंटिव एंट्री के संबंध में समस्त जानकारी दी गई। साथ ही वय वंदन योजना के अंतर्गत 70 से अधिक बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के संबंध में भी जानकारी दिया गया हैं। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र से आये हुए अधिकारी/कर्मचारियों को अस्पतालों में लगाए जाने के लिए बैनर आयुष्मान भारत संबंधित प्रदाय किया गया।

भाजपा सरकार किसानों से धान नहीं खरीदने का षडयंत्र कर रही है: विक्रम मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 30 नवंबर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों से धान नहीं खरीदने का षड्यंत्र कर रही है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है।विक्रम मंडावी ने कहा कि इस बार 160 लाख मिट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है. इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है. शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को घटाकर कुल 47 दिन मिल रहे हैं।इसका मतलब यह है कि प्रति दिन सरकार को लगभग साढ़े तीन लाख मिट्रिक टन की खरीदी प्रति दिन करनी होगी, तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा। वर्तमान में जिस रफ्तार से धान खरीदी हो रही है उसमें लक्ष्य प्राप्त करना असंभव लग रहा। विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि सोसाइटियो को निर्देश है कि एक दिन में अधिकतम 752 क्विंटल यानी 1880 कट्टा धान ही खरीदा जाना है। ऐसे में एक किसान का शेष धान के लिये उसको आगामी दिनों की तारीख दी जा रही है।

सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग 14 नवंबर को धान बेचे थे, उनके खाते के रकम नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुस्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रू. प्रति क्विंटल ही आ रहा है। (जो समर्थन मूल्य है उतना) अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानो से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जायेगा। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में बारदानों को लेकर कहा कि सोसायटी में बारदाना की कमी है किसान परेशान है। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बरदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। आगे उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रो में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है किसान घंटो खड़े रहते है। आनलाईन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को 15 दिन बाद का भी टोकन नही मिल रहा है।

विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि धान की कीमत का भुगतान 3217 रू. में करे क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रू. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रू. में धान खरीदी किया था। धान उपार्जन की कांग्रेस सरकार की नीति को भाजपा सरकार ने बदल दिया है। नई नीति के अनुसार 72 घंटे में बफ स्टॉक के उठाव की नीति को बदल दिया है। पहले इस प्रावधान के होने से समितियों के पास ये अधिकार होता था कि वे समय सीमा में उठाव न होने पर चुनोती दे सकें।

अब जो बदलाव हुआ है उसके बाद बफ स्टॉक के उठाव की कोई सीमा ही नहीं है। धान खरीदी केन्द्रो में जगह की कमी आ रही है। पहले मार्कफेड द्वारा समस्त धान का निपटान 28 फरवरी तक कर देने की बाध्यता रखी गई थी, अब इसे बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है। जबकि धान खरीदी 31 जनवरी तक होगी उसके बाद धान खरीदी बंद हो जाएगी, यानी समितियों / संग्रहण केंद्रों में धान अब दो महीने तक रखा रह रहेगा। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में कहा कि धान मिलिंग के लिए कांग्रेस सरकार ने प्रति क्विंटल 120 रुपए देने का निर्णय लिया था जिसका परिणाम यह हुआ था कि प्रदेश भर में 700 नई राइस मिलें खुली थीं।अब सरकार ने मिलर के लिए 120 रुपए को घटाकर 60 रुपए कर दिया है। इस कारण राईस मिलर हड़ताल पर है धान सोसायटी में जाम है। मिलरों को 120 की जगह 60 रुपए देने के फैसले के बाद विभिन्न जिलों में राइस मिलर एसोसिएशन धान की मीलिंग करने में असमर्थता व्यक्त करने लगे हैं। प्रेस वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्या श्रीमती नीना रावतिया उद्दे,नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया,पार्षद प्रवीण डोंगरे,पार्षद जितेंद्र हेमला,पार्षद श्रीमती कविता यादव,पार्षद साहिल तिग्गा,वरिष्ठ कांग्रेसी वेणुगोपाल राव,सुनील उद्दे,सुरेश सोढ़ी,इदरीश खान,युवा कांग्रेस एजाज खान,रहे मौजूद।

अवैध रेत खनन की जांच के लिए पीसीसी ने 7 सदस्यीय समिति का किया गठन

बीजापुर, 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस ने शुक्रवार की बीजापुर जिले के भोपालपट्टनम विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत-तरलागुड़ा, भद्रकाली, अट्टुकापल्ली, चंदुर एवं तिमेड़ में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा रेत माफियाओं से मिलकर कर रेत की अवैध तस्करी किये जाने व ग्राम पंचायतों पर रेत माफियाओं को ठेका देने का दबाव बनाये जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मान. श्री दीपक बैज जी ने क्षेत्रीय विधायक श्री विक्रम मंडावी के संयोजकत्व में सात सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है, जो निम्नानुसार है श्री विक्रम मंडावी विधायक-बीजापुर, श्रीमती नीना रावतिया महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी, श्री लालू राठौर अध्यक्ष-जिला कांग्रेस कमेटी, श्री शंकर कुडियाम अध्यक्ष जिला पंचायत श्री बसंत ताटी सदस्य-जिला पंचायत, श्रीमती सरिता चापा सदस्य-जिला पंचायत, श्री कामेश्वर गौतम पूर्व अध्यक्ष-कृषि उपज मंडी, श्री रमेश पामभोई अध्यक्ष-ब्लाक कांग्रेस कमेटी आदि शामिल हैं। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने जांच समिति के सदस्यों से आग्रह है किया कि, वे अविलंब प्रभावित गांवों का दौरा कर पंचायत प्रतिनिधियों व स्थानीय ग्रामवासियों से भेंट / चर्चा कर प्रकरण की वस्तुस्थिति से अवगत होकर - अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें।

बीयर बोतल में लगाए 2-2 किग्रा के 2 आईईडी बरामद

बीजापुर, 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सर्चिंग से वापसी के समय डी-माईनिंग के दौरान बीडीएस बीजापुर की टीम द्वारा 02-02 किग्रा का 02 आईईडी बरामद किया गया, जिसे माओवादियों के द्वारा बीयर की बोतल में लगाया गया था । यह पहली बार है जब गंगालूर क्षेत्र में माओवादियों के द्वारा बीयर की बोतल में कार्डेक्स, स्प्लींटर का उपयोग कर सुरक्षा बलो को नुकसान पहुचाने के लिये लगाया गया था । माओवादियों के द्वारा बीयर बोतल को डायरेक्शनल बम के तरह पगडंडी कच्चे मार्ग पर रोड के दोनो ओर लगाये गये थे । आईईडी प्रेशर स्विच सिस्टम से लगाया गया था, बीडीएस टीम द्वारा बरामद कर मौके पर किया गया निष्किय (माओवादियों के द्वारा सुरक्षा बलो को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी लगाया गया था । सुरक्षा बलो की सतर्कता एवं सूझबूझ से आईईडी बरामद कर सुरक्षित निष्किय किया गया ।

रेडक्रॉस जिला शाखा की सभापति बनी मधुबाला रात्रे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

फिंगेश्वर, 30 नवंबर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा के निर्देशानुसार रेडक्रास जिला शाखा गरियाबंद के अध्यक्ष एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में रेडक्रास जिला शाखा के प्रबंध समिति का गठन किया गया एवं कलेक्टर द्वारा मनोनीत निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम गरियाबंद द्वारा रेड क्रॉस प्रबंध समिति की प्रथम बैठक में प्रबंध समिति के सभी निर्वाचित सदस्यों नथमल शर्मा, बैसाखूराम साहू, संजय नेताम, देव सिंह राज़े, मनोज कुमार ,चंद्रशेखर साहू, खिरलाल नागेश, देवकी साहू, विजय कश्यप ,मो. फारूक मेमन ,संतोष साहू की उपस्थिति में उनके द्वारा रेडक्रास जिला शाखा गरियाबंद के प्रबंध समिति के सभापति के लिए श्रीमती मधुबाला रात्रे, उपसभापति श्रीमती पुष्पा साहू ,कोषाध्यक्ष बोधन साहू एवं राज्य प्रतिनिधि के लिए रोमन लाल साहू निर्वाचित किए गए। निर्वाचित पदाधिकारीयो की घोषणा विधिवत निर्वाचन के पश्चात निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा संयुक्त कलेक्टर के द्वारा किया गया एवं सभी सदस्यों को रेडक्रास का शपथ दिलाया गया। निर्वाचन पश्चात कलेक्टर एवं अध्यक्ष दीपक अग्रवाल रेड क्रॉस जिला शाखा गरियाबंद द्वारा निर्वाचन अधिकारी सहित सभापति एवं सभी निर्वाचित पदाधिकारीयों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान किया गया। और उन्होने कहा पदाधिकारी एवं सदस्य गण रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा गरियाबंद द्वारा रेड क्रॉस के उद्देश्य एवं सिद्धांत एवं मानवता की सेवा के लिए लोगों को प्रेरित करेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा कलेक्ट भवन के नीचे एक स्वतंत्र रेड क्रॉस जिला शाखा का कार्यालय भी दिया गया है। उक्त निर्वाचन के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव रेडक्रास जिला शाखा गरियाबंद डॉक्टर गार्गी यदुपाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत विशेष रूप से उपस्थित रहे इस कार्य में सी एच ओ डॉ लक्ष्मीकांत जांगड़े जिला संगठक रोमन लाल साहू ,स्टेनो सोमेश्वर ठाकुर प्रतीक चंद्रवंशी एवं अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का विशेष योगदान रहा।उक्त जानकारी जिला मिडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

टीबी मरीजों को गोद लेकर फूड बास्केट का किया गया वितरण

रायगढ़, 30 नवम्बर। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आज सिविल अस्पताल खरसिया में खरसिया ब्लॉक के टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया।उल्लेखनीय है टीबी रोग को जड़ से समाप्त करने के लिए शुरू किए गए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान अंतर्गत वर्ष 2025 तक भारत देश से टीबी को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और एकजुटता का परिचय देते हुए अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनकर दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता को पूरा करने के उद्देश्य से जिले के श्री पूर्णेंदु कुमार सीएसआर हेड एवं विवेक पांडे प्रोग्राम मैनेजर अदाणी पावर लिमिटेड रायगढ़ के एस.आर.विभाग के द्वारा खरसिया ब्लॉक के 60 मरीजों को गोद लेकर फूड बास्केट का वितरण किया गया। इस दौरान सभी टीबी मरीजों को नियमित दवाई के साथ अतिरिक्त पोषण लिए जाने हेतु आग्रह किया गया।

कोटपा एक्ट 2003 अंतर्गत चालानी कार्रवाई

बीजापुर, 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में तम्बाकू सेवन उपयोग के नियंत्रण एवं धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम हेतु राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला प्रवर्तन दल के द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत चालानी कार्यवाही किया गया।।उक्त कार्यवाही कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बीआर पुजारी के मार्गदर्शन में किया गया । थाना बीजापुर कोतवाली के सहयोग व प्रवर्तन दल के सभी औषधी निरीक्षक के द्वारा स्कूल के पास स्थित पान ठेलो में तम्बाकू, सिगरेट के बिक्री पर चलानी कार्यवाही किया गया। कार्यवाही अंतर्गत धारा 04 के तहत सार्वजनिक स्थान में धूम्रपान सेवन प्रतिबंधित है। धारा 06 अ के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के अंतर्गत तम्बाकू उत्पाद बेचने व खरीदने पर प्रतिबंध धारा 06 ब तहत स्कूल के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंध है। तम्बाकू उत्पादों का सेवन करते पाये जाने पर समझाईश देने के साथ-साथ धूम्रपान रहित क्षेत्र व नाबालिग बच्चों के खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध का बोर्ड लगाते हुए औषधी निरीक्षक प्रशांत शिवान, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. मनोज लम्बाड़ी, राजा मड़वी द्वारा चालानी कार्रवाई किया गया।

तारलागुडा नदी से अवैध रेत खनन व भंडारण पर जिला प्रशासन की कार्रवाई

भोपालपटनम, 30 नवंबर। तारलागुडा नदी से तेलंगाना के ठेकेदार द्वारा अवैध रुप से रेत खनन करने के मामले की लगातार शिकायतो के बाद जिला प्रशासन के निर्देश पर एस डी एम एवं तहसीलदार ने मौके पर पहुंच कर 72 टिप्पर रेत जप्त कर मामला वन विभाग को सौंपा है इसके अलावा निजी जमीन पर लगभग 30 बडे साजा .तेंदू मोयन सागौन के पेड़ काटकर रेत भंडारण के लिए समतलीकरण किया गया है इसका भी पंचनामा तैयार कर.विधिवत कार्य वाही की जा रही है यहाँ विदित हो भोपाटपनम का यह क्षेत्र तेलंगाना से लगा हुआ है इसका फायदा उठा कर तेलंगाना के ठेकेदार स्थानीय लोगों से सांठगांठ कर नदी से भारी मात्रा मे रेत का अवैध परिवहन करते रहे है इसकी लगातार शिकायत के बाद जिला प्रशासन के निर्देश के बाद भोपापटनम राजस्व विभाग हरकत में आया और रेत जप्ती की कार्यवाही की है इससे अवैध रूप से खनन माफियाओ मे हडकंप मच गया है।

छपोरा में संकुल स्तरीय राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृति परीक्षा के लिए कार्यशाला संपन्न

रायगढ़, 30 नवम्बर। विकासखंड पुसौर जिला रायगढ़ अंतर्गत संकुल केंद्र छपोरा के शासकीय माध्यमिक शाला छपोरा में संकुल स्तरीय राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृति परीक्षा 2024-25 हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा आठवीं के पात्र छात्र-छात्राओं हेतु राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृति परीक्षा होती है। जिसमें परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को कक्षा 9 वीं से कक्षा 12वीं तक प्रति माह एक हजार की अतिरिक्त छात्रवृति शासन द्वारा प्रदान की जाती है।जिला शिक्षा अधिकारी श्री राव के निर्देशन में बीईओ दिनेश पटेल ने कार्यशाला की शुरुआत में उपस्थित सभी शिक्षकों पालकों तथा छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृति परीक्षा के बारे में विस्तार से बताते हुए उपस्थित शिक्षकों को किस तरह फार्म भरना है कैसे तैयारी कराना चाहिए आदि जानकारी देते हुए अपने-अपने विद्यालय में प्रतिदिन अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित कर इस पर अध्यापन कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी पालकों से अपने बच्चों को अतिरिक्त समय देकर उनके अध्यापन कार्य में मदद करने को कहा। उन्होंने बच्चों को मार्गदर्शन करते हुए नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा पर भी चर्चा करते हुए जानकारी दी।विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए प्रोत्साहित किया। साथ ही उपस्थित हायर सेकेंडरी स्कूल झलमला के प्राचार्य कांतानाथ तिवारी बच्चों को परीक्षा के समय सरल सवालों को पहले तथा कठिन सवालों को बाद में हल करने का तरीका बताते हुए यह भी समझाया कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलना भी कितना जरूरी है। तत्पश्चात संकुल प्राचार्य विजय साव ने बच्चों को प्रोत्साहन के साथ आशीर्वाद दिया ।

जिले के अति सुदूर अंचल में पुलिस सुरक्षा कैम्प स्थापित

बीजापुर, 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के दिशा-निर्देश और विकास की अवधारणा और संकल्प से बीजापुर जैसे सुदूर माओवाद प्रभावित क्षेत्र में लगातार बुनियादी सुविधाओं की सौगात ग्रामीणों को दी जा रही है जहां प्रशासन की पहुंच नहीं होने के ग्रामीण आदिवासी विकास की मुख्य धारा से दूर थे वहां पुलिस सुरक्षा कैम्प की स्थापना कर शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ अंदरुनी क्षेत्रों के ग्रामीणो को दी जा रही है इसी कड़ी में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में नवीन स्थापित सुरक्षा कैम्प जीडपल्ली में 27 नवंबर 2024 को राजस्व विभाग पंचायत विभाग कृषि एवं उद्यानिकी विभाग स्वास्थ्य शिक्षा विभाग के ब्लॉक स्तरीय जनसुविधा एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया । जिसमें 10 आधार कार्ड ,4 पी एम किसान ,12 जाति प्रमाण पत्र बनाया गया तथा 10 राशन कार्ड में नाम जोड़ने एवं एवं वनाधिकार के आवेदन प्राप्त हुए। तथा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 112 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण, गर्भवती महिला 1, सिकलसेल जांच 22 टीबी स्क्रीनिंग 19, एनीमिया जांच 18,टीकाकरण 6,मलेरिया जांच 112 जिसमे एक पॉजिटिव निकला ,की जांच की गई।शिविर में अनुविभागीय दंडाधिकारी उसूर श्री भूपेन्द्र गावरे सीईओ उसूर श्री प्रभाकर चंद्राकर तहसीलदार उसूर कृषि विभाग एवं उद्यानिकी के अधिकारी सीएसी तथा बासागुड़ा से डॉ हर्षवर्धन एवं पामेड़ के चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रेम वेंकट नर्सिंग स्टॉफ सहित उपस्थित रहे।

विस्फोटक व भाकपा माओवादी संगठन के प्रतिबंधित साहित्य बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 30 नवंबर। थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत बुड़गीचेरू के जंगल रास्ते से 2.00 लाख रुपए के ईनामी जगरगुण्डा एरिया कमेटी पार्टी सदस्य सहित 03 माओवादी गिरफ्तार, कब्जे से विस्फोटक बरामद, थाना तर्रेम, एसटीएफ एवं कोबरा 210 की संयुक्त कार्यवाही ।थाना आवापल्ली क्षेत्रान्तर्गत चाटलापल्ली के जंगलों से 05 माओवादी गिरफ्तार, कब्जे से विस्फोटक, प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के साहित्य बरामद, थाना आवापल्ली कोबरा 210 एवं केरिपु 211/एफ की संयुक्त कार्यवाही ।थाना जांगला क्षेत्र में एरिया डॉमिनेशन के दौरान जांगला मल्लमपारा जाने के रास्ते से विस्फोटक, प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन की प्रचार प्रसार की सामग्री साहित 05 माओवादी जन मिलिशिया सदस्य गिरफ्तार, थाना जांगला एवं डीआरजी की संयुक्त कार्यवाही । जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना तर्रेम, एसटीएफ एवं कोबरा 210 की कार्यवाही में बुड़गीचेरू के जंगल से विस्फोटक सहित 03 माओवादियों को पकड़ा गया । जिनके कब्जे से 05 किग्रा का टिफिन बम मय फ्यूज, कार्डेक्स वायर बरामद किया गया । 1.कोसा पूनेम ऊर्फ हड़मा (जगरगुण्डा एरिया कमेटी पार्टी सदस्य)पिता बुधरू पूनेम उम्र 40 वर्ष निवासी चिपुरभट्टी स्कूलपारा थाना बासागुड़ा, ईनाम - 02.00 लाख रूपये 2.मड़कम हुंगा (मिलिशिया सदस्य) पिता हिड़मा निवासी बुड़गीचेरू थाना तर्रेम 3.लक्ष्मण तलेम (मिलिशिया सदस्य)पिता कोवा तेलम निवासी चिपुरभट्टी थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर दिनांक 28/11/2024 को थाना आवापल्ली, कोबरा 210 एवं केरिपु 211/एफ की संयुक्त टीम गश्त सर्चिंग पर पुतकेल, चाटलापल्ली की ओर निकली थी । अभियान के दौरान पुतकेल के जंगल में संदिग्ध व्यक्ति नजर आये जो पुलिस पार्टी को देखकर छुपने, भागने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर 05 संदिग्धों को पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्धों के कब्जे से टिफिन बम, एक्साईड बैटरी, कार्डेक्स वायर, इलेक्ट्रीक वायर मय फ्यूज, प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के साहित्य बरामद किया गया। पुलिस पार्टी द्वारा बरामद सामग्री को विधिक कार्यवाही करते हुए कब्जे में लिया गया। पूछताछ पर संदिग्ध व्यक्तियों ने अपना नाम -1.मोड़ियम जोगा (जनमिलिशिया सदस्य)पिता भीमा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम छुटवाई चिटेमपारा थाना तर्रेम जिला बीजापुर 2.मड़कम जोगी(जनमिलिशिया सदस्य) पिता बुदरा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम पूवर्ती नयापारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा 3.नंदा माड़वी (जनमिलिशिया सदस्य)पिता देवा उम्र 25 वर्ष निवासी छुटवाई मझारपारा थाना तर्रेम जिला बीजापुर 4.मोड़ामी हड़मा (जनमिलिशिया सदस्य) पिता स्व0 जोगा उम्र 22 वर्ष निवासी छुटवाई थाना तर्रेम जिला बीजापुर 5.चापा कृष्णराव (जनमिलिशिया सदस्य) पिता बाबू चापा उम्र 34 वर्ष निवासी जिनिप्पा पंगलवाया थाना ईलमिड़ी जिला बीजापुर थाना जांगला क्षेत्रान्तर्गत मल्लमपारा के जाने के रास्ते से थाना जांगला एवं डीआरजी के संयुक्त बल द्वारा 05 माओवादी जन मिलिशिया सदस्यों को पकड़ा गया। पकड़े गये माओवादियों के कब्ज़े से विस्फोटक सामग्री, प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन में प्रचार-प्रसार की सामग्री बरामद किया गया । पकड़े गये माओवादियों से विधिवत उक्त सामग्री बरामद कर कब्जे में लिया गया। पकड़े गए व्यक्तियों ने अपना नाम- 1.चैतु राम वेको (जनमिलिशिया सदस्य) पिता सुको वेको ऊर्फ सौको उम्र 29 वर्ष निवासी बड़े फुल्लोड़ थाना जांगला 2.सुखराम पोयाम (जनमिलिशिया सदस्य) पिता भुरसु राम पोयाम उम्र 26 वर्ष निवासी जैगुर डोसलपारा थाना जांगला 3.सुखराम बेंजामी (जनमिलिशिया सदस्य) पिता पंडरू बेंजामी उम्र 25 वर्ष निवासी जैगुर डोसलपारा थाना जांगला 4.सुखराम कवासी (जनमिलिशिया सदस्य) पिता बोमड़ा कवासी उम्र 29 वर्ष निवासी जैगुर डोसलपारा थाना जांगला 5.लक्ष्मण बेंजामी (जनमिलिशिया सदस्य) पिता मुगडू ऊर्फ मुण्डा राम बेंजामी उम्र 21 वर्ष निवासी कोण्ड्रोजी मांझीपारा थाना जांगला पकड़े गये माओवादियों के विरुद्ध थाना तर्रेम, थाना आवापल्ली एवं थाना जांगला में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

जिले के 5 जरूरतमंदों के लिए स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत

महासमुंद 30 नवंबर। आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वेच्छानुदान मद से जिले के 5 जरूरतमंदों के लिए राशि स्वीकृत की है। इनमें ग्राम बागबाहरा, वार्ड क्र. 04 के श्री संतोष यादव, श्री मालिकराम, श्री चन्दू यादव एवं श्री महेश यादव, तथा ग्राम बागबाहरा, वार्ड क्र. 03 के श्री राजू यादव शामिल हैं।स्वीकृत राशि का भुगतान लाभार्थियों को आर टी जी एस के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए लाभार्थियों को मतदाता फोटो परिचय पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, राशन कार्ड, स्वयं की दो पासपोर्ट साइज फोटो, यदि संस्था से संबंधित हो, तो संस्था का पंजीयन प्रमाण पत्र अपने संबंधित क्

गैरकानूनी कृत्य पर पुलिस अपराध दर्ज नहीं कर रही

सीसीटीवी कैमरा लगाकर निजता का उल्लंघन कर रहा पड़ोसी

✍ भुवनेश्वर प्रसाद साहू

कसडोल, 30 नवम्बर। भारत में अविवाहित जोड़ों या 18 वर्ष से अधिक उम्र के कपल का होटल, लॉज या धरमशाला में ठहरना गैरकानूनी नहीं है। देश में ऐसा कोई कानून नहीं है जो अनमैरिड कपल को होटल, लॉज या धरमशाला में ठहरने से रोकता हो।

अनमैरिड कपल जिस तरह लिव इन रिलेशनशिप में रह सकते हैं, उसी तरह होटल, लॉज या धरमशाला में भी रह सकते हैं। कमरे के भीतर कपल सहमति से क्या करते हैं यह उनका निजी मामला है। इसमें कानून कोई हस्तक्षेप नहीं करता है। ऐसा जरूर है कि कुछ होटल, लॉज व धरमशाला अनमैरिड कपल को कमरा नहीं देते हैं और कुछ देते हैं। यह होटल, लॉज व धरमशाला के मालिकों के निजी निर्णय का मामला है। कोई व्यक्ति किसके साथ रह रहा है यह राइट टू चॉइस और कहां रह रहा है यह राइट टू मूवमेंट के अंतर्गत आता है। यह राइट टू लाइफ और लिबर्टी का भी पार्ट है। जब तक आप किसी अश्लील या अवैध गतिविधि में शामिल नहीं होते हैं तब तक पुलिस आपको होटल, लॉज व धरमशाला या किसी सार्वजनिक स्थान पर होने के कारण गिरफ्तार नहीं कर सकती। वैध पहचान पत्र होना ही पर्याप्त है। आप जिस व्यक्ति के साथ रह रहे हैं उसके साथ संबंध दिखाने के लिए आपको अन्य सबूत प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

आजकल लोगों के मकान, दुकान की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा का आविष्कार किया गया है ताकि जीवन में घटित होने वाले किसी अप्रत्याशित घटना को वहां पर उपस्थित न होने के बावजूद भी हम देख सकें और उसका उपयोग सुरक्षात्मक उपायों को बढ़ाने के लिए कर सके। पर आजकल इसका दुरुपयोग कर कुछ लोग कानून का उल्लंघन कर रहे हैं क्योंकि पुलिस एफआईआर दर्ज करने में आना -कानी करती है।

अगर किसी पड़ोसी का सीसीटीवी कैमरा सीधे आपके घर की तरफ है तो इसे निजता का हनन माना जा सकता है। अगर कोई कैमरा सीधे आपकी संपत्ति की तरफ है जबकि ऐसा करने का कोई कारण स्पष्ट नहीं है तो निगरानी स्थापित करने के पीछे की मंशा के बारे में चिंताएं पैदा हो सकती है। सीसीटीवी कैमरा किसी की निजी संपत्ति के आसपास निगरानी के लिए नहीं लगा सकते।

किसी व्यक्ति की निजता का हनन करने वाले सीसीटीवी कैमरे लगाना दंडनीय अपराध हैं। अधिनियम की धारा 66 ई निजता के उल्लंघन से संबंधित है और इसमें 3 साल तक की कैद और जुर्माने का प्रावधान है।

पर कुछ लोग कानून को अपनी जेब में रखकर चलते हैं ऐसा लगता है। शायद इसीलिए बलौदाबाजार जिला कसडोल नगर के बलार रोड में एक मकान में रहने वाले परिवार के लोगों व मकान के नीचे संचालित जगन्नाथ लॉज व धरमशाला में आने-जाने वाले लोगों की निगरानी के लिए बद्री प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, रामप्रसाद, अनीता, ललिता, लक्ष्मी और उनकी मां सावित्री बाई उर्फ शहरमति द्वारा सामूहिक रूप से एक राय होकर सीसीटीवी कैमरा अपने मकान में लगाया गया है जिसमें सीसीटीवी कैमरा का मूवमेंट्स उनके मकान के सामने के निजी मकान (भुवनेश्वर प्रसाद साहू मकान मालिक) की ओर है। जिसमें नीचे में जगन्नाथ लॉज व धरमशाला संचालित है और ऊपर में मकान मालिक के परिवार व अन्य (फैमिली) रहते हैं।

27 नवंबर को अपने घर के बाजू, दूसरे के घर के सामने नीम के पेड़ पर सीसीटीवी कैमरा लगवाया था जो कि सामने जगन्नाथ लॉज व धरमशाला और इसके ऊपर में रहने वाले मकान मालिक के परिवार और अन्य लोगों को पूरी तरह कवर करता है और जगन्नाथ लॉज व धरमशाला में आने-जाने वाले लोगों का वीडियो रिकॉर्डिंग और आवाज कैप्चर करता है। जो कि पूर्णता अवैधानिक कृत्य है और यह संविधान द्वारा लोगों को दिए गए निजता के अधिकारों का उल्लंघन है। संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुसार लोगों की निजता को भंग करने के लिए कोई भी व्यक्ति अपने घर में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा सकता है, अपने घर में लगाए निजी सीसीटीवी कैमरा से अपने पड़ोसी के मकान को नहीं देख सकता।

इसकी तत्काल शिकायत जगन्नाथ लॉज व धरमशाला के संचालक और ऊपर में रहने वाले मकान मालिक व परिवार के लोगों ने बलौदाबाजार पुलिस अधीक्षक को व्हाट्सएप के जरिए की। जिस पर अधिकारी द्वारा कसडोल पुलिस टीआई रितेश मिश्रा को तत्काल निर्देश दिया गया और उन्होंने आकर तत्काल पेड़ पर लगे सीसीटीवी कैमरे को निकलवा दिया और समझाईश दी कि आप अपने मकान में लगा सकते हैं पर इन बातों का बद्री प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, राम प्रसाद और उसके सहयोगियों ने अलग ही अर्थ लगाया और पुनः जो सीसीटीवी कैमरा पेड़ पर लगवाया था उसे अपने मकान पर लगाकर सीसीटीवी कैमरे का मूवमेंट पहले की तरह पुनः जगन्नाथ लाज व धरमशाला और उसके ऊपर में रहने वाले मकान मालिक व परिवार के लोगों की ओर कर दिया क्योंकि दुर्गा प्रसाद साहू का कहना है कि उसका साढ़ू (साली का पति) पुलिस में डीएसपी है इसलिए कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता ?

क्या सचमुच ऐसा ही कानून है हमारे देश में? कोई लगातार कानून का उल्लंघन करें और पुलिस उसके खिलाफ एफआई आर भी दर्ज न कर सके? अपराध की गंभीरता को अनदेखा करने से यही अपराध आगे चलकर गंभीर रूप ले लेता है और किसी की जान पर बन आती है। लोग क्षणिक आवेश में आकर एक दूसरे की जान ले लेते हैं। इसलिए कसडोल पुलिस को गंभीरता के साथ इन अपराधियों पर एफआईआर दर्ज करना चाहिए।

अब देखने वाली बात यह है कि इस समाचार प्रकाशन के बाद बद्री प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, राम प्रसाद, अनीता, ललिता, लक्ष्मी और उसकी मां सावित्रीबाई पर कसडोल पुलिस सीसीटीवी कैमरा के मूवमेंट्स को जगन्नाथ लॉज धरमशाला और उनके परिवार की ओर करने के लिए धारा 66 ई और अन्य धाराओं के अंतर्गत कब तक अपराध दर्ज कर पाती है और इन्हें कब गिरफ्तार करती है?

एक नजर

20 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर दी जान

भखारा, 20 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर पंचायत भखारा की वार्ड क्रमांक-3 निवासी रोशन साहू पिता प्रेमलाल साहू उम्र - 20 वर्ष ने गुरुवार की दोपहर तकरीबन 2 बजे अपने घर के कमरे के सीलिंग फैन में प्लास्टिक के रस्सी में फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक के चाचा धामू साहू एवं उनके पिता प्रेमलाल साहू ने युवक को फंदे से लटका देख तुरंत उतारा और फिर उन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया पश्चात उक्त घटना की सूचना मृतक के चाचा धामू साहू ने भखारा पुलिस को दिया। परिजन की सूचना पर भखारा पुलिस ने मर्ग कायम कर शुक्रवार को युवक की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तत्पश्चात परिजनों को शव सौंप दिया गया भखारा पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

रजिया देवरी में श्रीमद्भागवत कथा का श्रीगणेश 4 से

तिल्दा-नेवरा, 20 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। तिल्दा नेवरा से लगे ग्राम रजिया में 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रही है. यह आयोजन रजिया देवरी 4 दिसम्बर से 12 दिसम्बर 2024 तक किया जाएगा. श्रीमद् भागवत कथा का वाचन कथावाचक पंडित अशोक कृष्ण शर्मा जी करेंगे. आपको बता दे की स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद वर्मा की प्रथम वार्षिक श्राद्ध में मद भगवत महापुराण सप्ताह ज्ञान कथा का आयोजन उनके परिवार के द्वारा किया जा रहा है। 4 दिसम्बर को कलश यात्रा के साथ गणेश पूजन व कथा का शुभारंभ होगा। कथा का शुभारंभ 4 दिसम्बर 2024को दोपहर 11 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश कथा स्थल से शुरू होकर गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंचेगी। दोपहर2 बजे से 05 बजे तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का वाचन होगा। वर्मा परिवार ने आम लोगों के साथ विशेष रूप से महिलाओं को शाम के समय में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में शामिल होने की अपील की है. बताया कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मन का शुद्धिकरण होता है और जीवन में शांति बनी रहती है.

ओडिशा सीमावर्ती के गांव चुरकीदादार में योग शिविर

शरीर में जमा विजातीय तत्व ही रोग का कारण: सिन्हा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 30 नवंबर। ओडिशा सीमावर्ती के गांव चुरकीदादार में शासकीय कचना धुर्वा महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिन की विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमे प्रतिदिन कालांश की शुरुवात योग सत्र से होती है जिसमें योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा के द्वारा शिविरार्थियों एवं ग्राम वासी को योग कराया जा रहा है।योगसत्र का प्रारंभ योगाचार्य मिथलेश ने सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम पूरे शरीर के एक एक अंग को खोल कर विधिवत योगाभ्यास प्रारम्भ करना चाहिए। योगाचार्य मिथलेश ने बताया कि हमारे बीमार होने की प्रमुख वजह है शरीर में जमा विजातीय तत्व। शरीर में विजातीय तत्व की मात्रा बढ़ने की वजह से कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसके कारण शरीर में हार्मोन्स का संतुलन प्रभावित होता है, शरीर में चर्बी बढ़ती है, त्वचा और बालों से जुड़ी समस्याएं होती हैं और कैंसर जैसे गंभीर रोगों का जोखिम भी बढ़ता है। यह हमारे रक्त में विषाक्तता का कारण भी बनता है। साथ ही किडनी, लिवर और शरीर के अन्य महत्वपूर्ण अंगों के संचालन को भी प्रभावित करता है। इन सभी रोगों से बचने के लिए हमें प्राकृतिक चिकित्सा से शरीर शोधन कर योगाभ्यास करना चाहिए। सत्र के दौरान अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, वज्रासन, मंडूकासन, सुप्त वज्रासन आदि का अभ्यास कराया। शिविर में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनित कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक सुश्री मधु दुबे, समयदानी प्राध्यापक शीतल ध्रुव, संतोष सोरी, ओंकार निषाद, चांदनी ठाकुर, चांदनी मरकाम, नीलकमल, ओम आर्यन, लेखराज, संजू, बालेश्वरी एवं ग्राम वासी उपस्थित थे।

सम्मानित होकर दिल्ली से लौटने पर संतोष यदु समेत पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत

यादव भारत रत्न से सम्मानित संतोष का बिलासा एयरपोर्ट व बलौदाबाजार में समाज के लोगों ने किया अभिनंदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा नेवरा, 30 नवम्बर। अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु कों यादव समाज का सर्वोच्च सम्मान दूसरी बार यादव भारत रत्न एवं प्रदेश उपाध्यक्ष खोमलाल यदु, किरण यदु का यादव गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित होकर दिल्ली से वापस अपने कर्मभूमि छत्तीसगढ़ के बिलासा देवी एयरपोर्ट पहुंचने पर यादव समाज एवं संतोष यदु सेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने फूल मलाओ के साथ जोरदार स्वागत करते हुए बलौदाबाजार प्रदेश मुख्यालय पहुचे जहाँ पर यदु के समर्थन में यादव समाज के लोगों ने गर्मजोशी से सबका स्वागत किया संतोष यदु ने सबका आभार भी जताया और अपने सम्बोधन में बताया की यह सम्मान उनके अकेले की नहीं हैं ये उन कार्यकर्ताओं का हैं जिन लोगों ने यदु के साथ मिलकर दिन रात बिना डरे बिना थके लगातार आम जनो की सेवा करने में हमेशा साथ रहे उन सबके प्रेरणा से ही यहां तक पहुँच हु मेरे समर्थक मेरे कार्यकर्ता मेरा समाज ही मेरी जान है

स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव ओंकार सिंह, अभा यदुवंशी प्रदेश महासचिव भीखम, प्रदेश सचिव गीता यादव, प्रदेश सलाहकार अमित यादव, कमलेश्वर यदु, जिलाध्यक्ष इंद्रजीत यदु, जिला महासचिव दिनेश यदु, उपाध्यक्ष रेशम यदु, लक्ष्मीनारायण यदु, अशोक यदु, ओमप्रकाश यदु, पप्पू यदु, फागु ध्रुव, प्रकाश पाल, शंकर ध्रुव, मनीष पांडेय, तिलक यादव एवं प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए।

कलेक्टर ने आदेश जारी कर 2 अपराधियों को किया जिला बदर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 30 नवंबर। कलेक्टर दीपक सोनी ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर अपराधियों को जिला बदर करने के आदेश जारी किया है। जिला बदर होने वालों में गुलशन वर्मा पिता सोनाराम वर्मा थाना कसडोल अंतर्गत ग्राम खर्री एवं चिंताराम पटेल पिता तेरस राम पटेल थाना राजादेवरी अंतर्गत ग्राम चांदन शामिल है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 ख के तहत किया गया है। जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

समाचार संक्षेप

कामता प्रसाद साहू ने ग्रहण किया प्राधिकृत अधिकारी का पदभार

भखारा, 20 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्राथमिक कृषि साख सरकारी समिति अंवरी पंजीयन- क्रमांक 227 में शुक्रवार को कामता प्रसाद साहू ने प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सभी ऑफिस स्टाफ एवं कृषकों की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम किसानों के साथ मिलजुल कर कार्य रहेंगे किसी किसान को अगर धान बिक्री में परेशानी हो तो हमसे संपर्क कर सकते हैं हम सब मिलकर उसका निराकरण करेंगे। मुख्य अतिथि लेखराम साहू ने कहा कि किसान साफ-सुथरा धान लाएं एवं प्राधिकृत अधिकारी किसानों के साथ मिलकर रहने की बात कही। इस अवसर पर हनुमान प्रसाद सिन्हा, कुलंजन सिंह ठाकुर, सेवक राम तारक, बालाराम ध्रुव, टिकुराम यादव, पवन यादव, रंजीत जांगड़े, फत्तेन्द्र ध्रुव, परस निर्मलकर, देवानंद साहू, चिंता मरकाम, शिवकुमार साहू, पुनाराम साहू, पूनम जांगड़े, नंदकुमार, राधेश्याम जांगड़े, युगल किशोर सेन, ताराचंद सोनवानी, समेंस साहू, होमेंद्र कुमार, दुष्यंत कुमार, गणेश साहू, रामस्वरूप साहू आदि उपस्थित थे।

जिला परिवहन कार्यालय, बरदेभाटा कांकेर, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक 2152/जि.प.अ./2024 कांकेर दिनांक 28.11.2024

सूचना

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि जिला उत्तर बस्तर कांकेर में छत्तीसगढ़ मोटर प्रदूषण जाँच केन्द्र 2001 के तहत् प्रदूषण जांच केन्द्र स्थापना किया गया है। जिसमें से निम्नानुसार आवेदकों द्वारा प्रदूषण जांच केन्द्र नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। नवीनीकरण हेतु प्राप्त आवेदकों का सूची निम्नानुसार है-

1) क्रियेटिव प्वॉईट प्रदूषण जांच केन्द्र, पता-मेन रोड, ज्ञानी चौक कांकेर
2) कौशिक पाल्यूशन टेस्टिंग सेंटर, पता-महुबंद पारा कांकेर
3) साई कृपा मोबाईल वैन पाल्यूशन टेस्टिंग सेंटर-जवाहर वार्ड कांकेर

उपरोक्त प्रदूषण जांच केन्द्रों की नवीनीकरण हेतु प्राप्त आवेदन पत्र के संबंध में अगर कोई आपत्ति हो तो दिनांक 13.12.2024, दिन शुक्रवार तक जिला परिवहन कार्यालय कांकेर में स्वयं उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

जिला परिवहन अधिकारी
कांकेर (छ.ग.)

जी- 242504208/3

जिले में धान की बंपर आवाक, अब तक 11 लाख 9855 क्विंटल हुई खरीदी

20 हजार 162 किसानों को 162 करोड़ का भुगतान

■ 26 हजार से अधिक किसानों ने बेचे अपने धान, माईक्रो एटीएम की सुविधा से किसानों को बैंक की भीड़ से मिल रही राहत, समय की हो रही बचत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 30 नवंबर। प्रदेश सहित जिले में 14 नवंबर से धान खरीदी सुचारू रूप से शुरू हो चुकी है। धान का सही मूल्य मिलने से किसानों के चेहरे पर साफ तौर पर खुशी देखी जा सकती है। जिले में इस वर्ष धान की बम्पर खरीदी हो रही है। मिली जानकारी अनुसार जिले में गत वर्ष की तुलना में दुगुनी गति से इस वर्ष खरीदी की जा रही है। अब तक जिले के 26 हजार 374 पंजीकृत किसानों द्वारा कुल 11 लाख 9 हजार 855 क्विंटल 60 किलोग्राम धान का विक्रय किया गया, इसके एवज में 20 हजार 162 किसानों को 162 करोड़ 18 लाख रूपये का भुगतान को किया जा चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के हित में लिए गए बड़े फैसले और प्रशासनिक व्यवस्था की सराहना करते हुए किसान खुश हैं। इन समन्वित प्रयासों के चलते जिले में धान खरीदी का यह खरीफ सीजन संतोषजनक साबित हो रहा है।

अब तक हुई धान की खरीदी: खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले में 26 हजार 374 किसानों से 11 लाख 9855.60 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसके तहत 4 लाख 50 हजार 412.42 क्विंटल, 8151. 20 क्विंटल पतला, 6 लाख 51 हजार 292 क्विंटल सरना शामिल है। जिसके एवज में लगभग 20 हजार 162 किसानों को 162 करोड़ 18 लाख रूपये का भुगतान आंनलाईन माध्यम से आज दिनांक तक किया जा चुका है। गौरतलब है कि जिले में 1 लाख 67 हजार 787 किसान पंजीकृत है। जिसके तहत इस वर्ष 9 लाख 62 हजार 910 में.टन खरीदी अनुमानित है। शासन की मंशानुरूप धान खरीदी केन्द्रों में धान का विक्रय करने के लिए आने वाले किसानों को सभी सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है, जिसमें किसानों को माईक्रो एटीएम की सुविधा सहित पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता, सही नापतौल के लिए इलेक्ट्रानिक तराजू, पेयजल, छाया, बिजली, शौचालय आदि की व्यवस्था की गयी है। माईक्रो एटीएम के जरिए किसान खरीदी केन्द्रों में 10 हजार रूपये तक की राशि आहरित कर सकते हैं साथ ही राशि जमा भी किया जा सकता है, इससे बैंकों में होने वाली अनावश्यक भीड़ से राहत मिल रही है और समय की भी बचत हो रही है। जिले में इस बार भी बेहतर प्रबंधन और किसानों के हित में उठाए गए कदमों के चलते किसानों में उत्साह है।

मुख्यमंत्री का जताया आभार : जिले के ग्राम भरसेला के किसान रमेश कुमार साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के लिए शुरू की गई माइक्रो एटीएम सुविधा का लाभ उठाया। लाहोद सोसायटी में धान बेचने गए रमेश कुमार को सोसायटी में ही 10 हजार रुपए तक की राशि तुरंत मिल गई। रमेश ने बताया कि इस सुविधा से अब बैंक में लंबी कतारों में खड़े होने की जरूरत नहीं पड़ती। माइक्रो एटीएम से राशि सीधे सोसायटी में ही मिल जाने से समय की बचत होती है और काम भी आसान हो गया है। यह पहल किसानों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। रमेश कुमार साहू ने कहा, मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए जो यह सुविधा शुरू की है, वह सराहनीय है।

कार्यालय, नगर पंचायत-भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Phone & Fax No. 07705-296755 Email-cmobhakhara.613@rediffmail.com

क्रमांक/1681/न.पं./निविदा/लोनिवि/2024-25 भखारा, दिनांक 29/11/2024

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत भखारा के अधीन निम्न निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से त्रि-लिफाफा पद्धति से निविदायें आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि/समय :- दिनांक 06.12.2024 शाम 5:00 बजे
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि/समय :- दिनांक 13.12.2024 शाम 5:00 बजे
3. नगर पंचायत में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि/समय :- दिनांक 23.12.2024 दोप. 2.00 बजे
4. निविदा खोलने की तिथि/समय :- दिनांक 23.12.2024 शाम 4.00 बजे से

सं. क्र.	कार्य का नाम	निविदा राशि (लाख में)		अमानत राशि (रू. में)	प्रपत्र	निविदा प्रपत्र शुल्क (रू. में)	कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि
		SOR	NON SOR				
3	अटल परिसर निर्माण कार्य नया बस स्टैण्ड के पास वार्ड क्र. 07	7.64	11.96	14700.00	"A" & "B"	750.00	02 माह

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत-भखारा

एक नजर

छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में बारिश के आसार

रायपुर 30 नवंबर। छत्तीसगढ़ में इन दिनों मौसम का मिजाज बदलने की संभावना है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई हिस्सों में आज सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। घना कोहरा छाया हुआ है। चक्रवाती तूफान की वजह से प्रदेश में भरपूर मात्रा में नमी का प्रवेश हो रहा है। इससे ठंड बढ़ने लगी है। आज शनिवार से प्रदेश के कई जिलों में हल्की मध्यम बारिश के आसार हैं। वहीं अंबिकापुर में सबसे ज्यादा ठंड रहा। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान 'फेंजल' दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और 30 नवंबर की दोपहर उत्तरी तमिलनाडु तट को पार करने की संभावना है। इसके प्रभाव से आज शनिवार को छत्तीसगढ़ में एक-दो जगह पर हल्की मध्यम बारिश हो सकती है। साथी आगामी कुछ दिनों तक सुबह के समय घना कोहरा और बादल छाए रहने की संभावना है।

हॉस्टल से दो नाबालिग का अपहरण, जुर्म दर्ज

रायपुर 30 नवंबर। कार्डिनल वारियर स्कूल माना के हॉस्टल से अज्ञात व्यक्ति ने दो बच्चों को बहला फुसलाकर ले गया। पीड़ित की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 36 वर्षीय पीड़ित ने माना थाना में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने कार्डिनल वारियर स्कूल के हॉस्टल में रहने वाले 15 और 14 वर्षीय दो बच्चों को बहला फुसलाकर ले गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मोपेड में आग लगाने वाले दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर 30 नवंबर। विजय नगर के पास खम्हारडीह में खड़ी टीवीएस जूपिटर को आग के हवाले कर दिया। जिससे वाहन जलकर खाक हो गई। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नीलकंठ निषाद 31 वर्ष बीएसयूपी कालोनी सड्डू का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी टीवीएस जूपिटर मोपेड को विजय नगर खम्हारडीह के पास खड़ी किया था, तभी आरोपी अमन सागर और विनोद नाग ने उसकी वाहन को आग के हवाले कर दिया। जिससे वाहन जलकर खाक हो गया और प्रार्थी को 80 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अस्पताल के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर 30 नवंबर। सुयश अस्पताल के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सिद्धांत सोनवानी 20 वर्ष कसडोल का रहने वाला है। प्रार्थी ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 11 बीडी 0647 को सुयश अस्पताल के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अफीम के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर 30 नवंबर। डीडीनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जगवार शोरूम के पास एक कार से 44 ग्राम अफीम जब्त किया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना सरोना के सर्विस रोड में दबिश देकर जगुआर शोरूम के पास खड़ी कार क्रमांक सीजी 04 पीआर 5213 की तलाशी लिए तो उसमें 445 ग्राम अफीम मिला और नकदी 20 हजार रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने कार सवार आरोपी अमृक सिंह 60 वर्ष और किशोर दमामी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 49 गिरफ्तार

रायपुर, 30 नवम्बर। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्र में सरेआम शराब पीते 49 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी जगदीश जगत 26 वर्ष, लखन बघेल 24 वर्ष, साहिल पंजवानी 22 वर्ष, सुमीत नामवानी 24 वर्ष व गोपाल तांडी 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार सोम 38 वर्ष एवं गंज थाना पुलिस ने आरोपी पियूष शर्मा 28 वर्ष व पिंटू साहू 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मुजगहन पुलिस ने आरोपी हेमंत सोनवानी 32 वर्ष व गणेशराम बघेल 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी प्रेम रजक 22 वर्ष एवं घरसींवा पुलिस ने आरोपी कुमारी पाटिल 35 वर्ष, उमाशंकर वर्मा 49 वर्ष व कामता धृतलहरे 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी शिवम पंसारी 28 वर्ष, रोहित निर्मलकर 29 वर्ष व हरीश निर्मलकर 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। आरंग पुलिस ने आरोपी आकाश पटेल 27 वर्ष, मुन्ना धीवर 60 वर्ष, पुरूषोत्तम ढीढी 40 वर्ष व जगदीश साहू 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

60 साल से अधिक उम्र के लोग भाजपा में नहीं बन पाएंगे जिला अध्यक्ष

मंडल अध्यक्ष के लिए 45 तक मौका

रायपुर 30 नवंबर। भाजपा संगठन चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ में तैयारियां तेज हो गई है। संगठन चुनाव में युवाओं को मौका देने के लिए भाजपा ने बड़ा फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि पार्टी ने मंडल अध्यक्ष और जिला अध्यक्षों के चुनाव के लिए आयु सीमा तय कर दी है। जबकि छ्ढ्ढरू जिलाध्यक्ष के लिए भी उम्र की सीमा हटाई गई है। आयु सीमा तय किए जाने को लेकर छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी नितिन नबीन ने कहा है कि भाजपा युवाओं को ज्यादा से ज्यादा मौका देना चाहती है इसलिए ऐसा किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार भाजपा ने मंडल अध्यक्ष के लिए 45 वर्ष की आयु और जिला अध्यक्ष के लिए 60 वर्ष की उम्र तय की है। यानि 45 साल से अधिक आयु वाले कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष नहीं बन सकेंगे। बात करें भारतीय जनता युवा मोर्चा की तो यहां उम्र की सीमा घटा दी गई है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष के लिए 32 वर्ष की आयु तय की गई है। बता दें कि पहले भाजयुमो जिलाध्यक्ष के लिए अधिकतम 35 साल की उम्र थी।

आयु सीमा तय किए जाने को लेकर प्रदेश भाजपा प्रभारी नितिन नबीन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भाजपा युवाओं को ज्यादा से ज्यादा मौका दे रही है। भाजपा और कांग्रेस में जमीन-आसमान का अंतर है, कांग्रेस में केवल गांधी परिवार को मौका मिलता है। भाजपा में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को समान अवसर मिलता है।

गौरतलब है कि बीजेपी ने प्रदेश में संगठनात्मक चुनाव का ऐलान कर दिया है। बीजेपी ने संगठनात्मक चुनाव के लिए नई नियमावली जारी की है, जिसके तहत मंडल अध्यक्ष के लिए निर्धारित आयु सीमा 35 से 45 वर्ष होगी, जबकि जिलाध्यक्ष के लिए आयु 40 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

मुझे बदनाम करने अतिक्रमण विरोधी अभियान : ढेबर

रायपुर 30 नवंबर। महापौर एजाज ढेबर ने कहा है कि चूंकि मैं कांग्रेस से जुड़ा हुआ महापौर हूं इस कारण मुझे बदनाम करने राजधानी के 70 वार्डों में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। महापौर ने आज एक पत्रवार्ता में कहा कि इस अभियान में छोटे व्यवसायियों व गरीबों को निशाना बनाया जा रहा है। ऐसा दिखाया जा रहा है कि महापौर के निर्देश पर अवैध कब्जे हटाए जा रहे हैं। गुमटियों व ठेलों पर कार्रवाई करना उचित नहीं है। यही उन लोगों की रोजी-रोटी के साधन हैं। चूंकि इनको संरक्षण देने वाला कोई नहीं है साथ ही ये एप्रोच भी नहीं लगावा सकते इस कारण इन पर कार्रवाई की जा रही है। जबकि जनविरोध के बाद भी बूढ़ापारा में डबल मंजिल चौपाटी का निर्माण किया जा रहा है। इस चौपाटी से निजता का उल्लंघन होगा। यहां से कालेज, स्कूल व हास्टल का व्यूह नजर आएगा। स्कूल कालेज का दरवाजा बूढ़ातालाब की ओर खोल दिया गया है। सरकार का काम पल में माशा पल में तोला जैसे चल रहा है। ढेबर ने कहा कि फूलचौक व एनआईटी के सामने अपनी रोजी-रोटी चलाने वाले अति छोटे व्यवसायियों के अतिक्रमण हटाकर उनके पेट पर लात मारी गई है। ढेबर ने कहा कि क्या यही साय-साय काम करने वाली सरकार है। आगामी महीनों में नगर निगम के चुनाव होने वाले हैं। भाजपा सरकार अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर नगर निगम में कांग्रेस की सरकार को बदनाम करना चाहती है।

चाकू लहराते युवक पकड़ाया

रायपुर 30 नवंबर। मौदहपारा पुलिस ने चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कछू गैरेज के पास चाकू लेकर आतंक फैलाते आरोपी मोहम्मद यासीम 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है।

शरारती तत्वों ने आठ गाड़ियों को किया आग के हवाले

रायपुर 30 नवंबर। राजधानी रायपुर के आरडीए कॉलोनी, बोरियाखुर्द में बीती रात अज्ञात लोगों ने एक के बाद एक आठ गाड़ियों में पेट्रोल डालकर आग लगा दी. आगजनी में 7 दो पहिया और एक ऑटोरिक्शा जलकर खाक हो गए. आगजनी इतनी भयावह थी कि आग से आस-पास के घर तक जा पहुंची. पीड़ित परिवारों ने जानबूझकर आग लगाए जाने की आशंका जताई है. वहीं इस मामले में पीड़ित परिवारों के लोगों ने बताया कि घटना रात करीब 3 बजे की है. जब स्कूटी में ब्लास्ट होने की आवाज़ से कॉलोनीवासियों को आग लगने का पता चला और देखते ही देखते 4 परिवारों के 6 दो पहिया वाहन और एक ऑटो आग की चपेट में आ गए. पीड़ित संतोष सिन्हा, डॉ राजेंद्र साहू और नितिन सिंह ने मामले की शिकायत टिकरापारा थाने में की है. वहीं इस घटना के पीड़ितों ने साज़िश के तहत इस घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है. उन्होंने बताया बीते शाम कॉलोनी में पीड़ितों का कुछ लोगों से विवाद हुआ था, जिसमें शिकायत न करने की धमकी भी मिली थी. जिसके बाद ये घटना हुई है. स्थानीय लोगों ने बताया कि बोरियाखुर्द में देर रात तक नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है. आए दिन अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जाता है. इसके बावजूद इलाक़े में पुलिस गंभीरता से गश्त नहीं करती लोग दहशत में जीने के लिए मजबूर है।

विकास उपाध्याय ने रेल राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

रायपुर 30 नवंबर। रेल राज्यमंत्री वी सोमन्ना के रायपुर आगमन के अवसर पर, पूर्व विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर रायपुर रेलवे स्टेशन और इससे संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने रेलवे स्टेशनों के विस्तार, नई ट्रेनों के संचालन और स्टॉपेज की मांग की।

उपाध्याय ने ज्ञापन में विशेष रूप से सरोना रेलवे स्टेशन के विस्तार और वहां अम्बिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस, सारनाथ और अमरकंटक एक्सप्रेस सहित इंटरसिटी ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की। इसके अलावा, उन्होंने रायपुर से नया रायपुर तक रेल पटरी तैयार कर अभनपुर तक ट्रेन चलाने की भी अपील की। साथ ही, नया रायपुर में ट्रेनों के मेंटेनेंस के लिए कोचिंग डिपो बनाने और रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनाने की आवश्यकता भी जताई।

पूर्व विधायक ने यह भी सवाल उठाया कि दुर्ग, बिलासपुर और रायपुर के विस्तारीकरण के लिए स्वीकृत 12.5 सौ करोड़ रुपये का इस्तेमाल क्या निजी हाथों में सौंपने की तैयारी है, जबकि यह राशि जनहित में उपयोग होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों से छत्तीसगढ़ की जनता के साथ सौतेला व्यवहार किए जाने की भी आलोचना की।

विकास उपाध्याय ने रायपुर से नई ट्रेनों जैसे रायपुर से बैंगलोर, रायपुर से अयोध्या और रायपुर से हरिद्वार की शीघ्र शुरुआत की मांग की। इस मौके पर कांग्रेस के अन्य नेताओं जैसे संजय अवस्थी, रामदास कुर्रे, प्रकाश माहेश्वरी, विमल गुप्ता और कई अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

प्रेस क्लब में लगेगा आयुष्मान कार्ड शिविर

रायपुर 30 नवंबर। रायपुर प्रेस क्लब द्वारा जल्द ही पत्रकारों और उनके परिजनों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने का शिविर लगाया जाएगा। आयुष्मान कार्ड बनवाने 70 या 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ पत्रकारों को केवल आधार कार्ड लेकर शिविर में आना होगा। शिविर में न आ पाने की स्थिति में किसी परिजन या परिचित के हाथों आधार कार्ड की छायाप्रति, एक पासपोर्ट साइज फ़ोटो के साथ शिविर में भेजना होगा। हालांकि मोबाइल नम्बर उन्हीं का लगेगा, जिसमें ओटीपी आएगा। 70 वर्ष से कम उम्र के प्रेस क्लब सदस्य और परिजनों को आधार कार्ड की छाया प्रति और राशन कार्ड अनिवार्य रूप से लेकर आना होगा। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने सदस्यों से अनुरोध किया है कि जिन सदस्यों के आधार और राशन कार्ड अपडेट नहीं हैं, वे अपडेट करवा लें, ताकि शिविर में उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब अपने सदस्यों की सुविधाओं और जरूरतों का पूरा ख्याल रख रहा है। विगत दिनों प्रेस क्लब में आयोजित ड्रायविंग लाइसेंस शिविर में 300 से अधिक पत्रकार और उनके परिजनों ने लर्निंग लायसेंस बनवाया और अपडेट करवाया। श्री ठाकुर ने कहा की ड्रायविंग लायसेंस का शिविर जल्द ही फिर लगाया जाएगा। जो प्रेस क्लब सदस्य और उनके परिजन किसी कारणवश ड्रायविंग लायसेंस नहीं बनवा पाए, वे अगले शिविर में उसे बनवा सकेंगे।

अकलतरा गेट 2 से 4 दिसंबर तक रहेगा बंद

रायपुर, 30 नवम्बर । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले अकलतरा गेट में आवश्यक मरम्मत कार्य के लिए सड़क यातायात 2 दिसंबर सुबह 8 बजे से 4 दिसंबर को शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। रेलवे सूत्रों ने बताया कि रेलवे समपार क्रमांक 380 अकलतरा गेट निपनिया-भाटापारा में रेल मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात 2 दिसंबर से 4 दिसंबर से बाधित रहेगा। इस दौरान यहां आवश्यक रख-रखाव और मेंटनेंटस के साथ ही मरम्मत आदि का कार्य पूर्ण किया जाएगा। सड़क आवागमन सुबह 2 दिसंबर को सुबह 8 बजे से 4 दिसंबर से शाम 6 बजे तक पूरी तरह से बंद रहेगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना: दस्तावेजों की पूर्ति के लिए हितग्राहियों को समय देने निर्देश

रायपुर 30 नवंबर। नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने नगरीय निकायों को हितग्राहियों के आवश्यक प्रमाण पत्रों के लिए संबंधित राजस्व कार्यालयों से व्यक्तिगत समन्वय बनाने कहा है नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव ने हितग्राहियों के राजस्व कार्यालयों में लंबित जाति प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करने राजस्व विभाग को पत्र लिखा है। उन्होंने नगरीय निकायों को हितग्राहियों के जाति प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र जैसे अनिवार्य दस्तावेजों के लिए संबंधित राजस्व कार्यालय से व्यक्तिगत समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव के निर्देश पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के हितग्राहियों के राजस्व कार्यालयों में लंबित जाति प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करने के लिए राजस्व विभाग को पत्र प्रेषित किया है। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरी क्षेत्रों में 'सबके लिए आवास' मिशन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 (पीएमएवाई-यू 2.0) का क्रियान्वयन 1 सितम्बर 2024 से किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में योजना को सभी नगरीय निकायों में लागू करते हुए भारत सरकार के यूनिफाइड वेब पोर्टल पर हितग्राही सर्वेक्षण कार्य (रैपिड असेसमेंट सर्वे) 15 नवम्बर से प्रारंभ कर दिया गया है। सर्वेक्षण के दौरान हितग्राहियों की जानकारी भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज की जा रही है। इसके लिए हितग्राही परिवार का आधार कार्ड, बैंक खाता, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, भूमि के दस्तावेज इत्यादि की प्रविष्टि भारत सरकार द्वारा अनिवार्य की गई है।उप मुख्यमंत्री अरुण साव को कुछ हितग्राहियों के माध्यम से यह पता चलने पर कि वांछित दस्तावेजों में से मुख्यतः राजस्व संबंधी दस्तावेजों की कमी के कारण पोर्टल पर हितग्राहियों की जानकारी दर्ज नहीं हो पा रही है, श्री साव ने हितग्राहियों की असुविधा को देखते हुए और योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा परिवारों तक पहुंचाने के लिए सहानुभूतिपूर्वक कार्यवाही करते हुए सभी नगरीय निकायों को तत्काल निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी नगरीय निकायों में योजना के अन्तर्गत प्रक्रियाधीन हितग्राही सर्वेक्षण कार्य (रैपिड असेसमेंट सर्वे) में प्राप्त हो रहे आवेदनों में अनिवार्य दस्तावेजों की कमी के कारण आवेदनों को तत्काल निरस्त न करते हुए संबंधित हितग्राहियों को दस्तावेजों की पूर्ति के लिए यथोचित समयावधि प्रदान करने को कहा है, जिससे अधिकतम हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदान किया जा सके। श्री साव ने हितग्राहियों के जाति प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र जैसे अनिवार्य दस्तावेजों के लिए संबंधित राजस्व कार्यालय से व्यक्तिगत समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश नगरीय निकायों को दिए हैं, जिससे कि संभावित हितग्राहियों को दस्तावेज प्राप्त करने में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा सके।

राहुल द्रविड़ ने शुरू किया प्रेरक कैंपेन

रायपुर, 30 नवंबर। देश की प्रमुख वित्तीय सेवा प्रदाताओं में से एक, श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस ने 'मटुगेदर, वी सोअर' शिर्षित, एक बेहद प्रेरक ब्रांड कैंपेन प्रारंभ किया है. यह कैंपेन, परस्पर संबंध और एकता की ताकत पर प्रकाश डालते हुए, श्रीराम फाइनेंस की भारत की उम्मीदों के साथ साझेदारी की प्रतिबद्धता दर्शाता है। आज, कई भारतीय 'तो क्या?' के सिद्धांत को अपना रहे हैं, जो सफलता की अपनी यात्रा में किसी भी चुनौती को पार करने की आकांक्षा को दर्शाता है। संदेश स्पष्ट है, 'टुगेदर, वी सोअर' अपने ग्राहकों के साथ संबंधों को मजबूत बनाकर, हम उन्हें अपनी शक्ति को पहचान कर, अपने सपनों को हासिल करने में उनकी मदद करते हैं। कैंपेन में क्रिकेट के दिग्गज राहुल द्रविड़ ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल हैं।

नगर निगम के नियमों का उल्लंघन करने वाले अब ई-चालान के दायरे में

रायपुर 30 नवंबर। आज नगर पालिका निगम रायपुर के जोन क्रमांक 8 से ई-चालान सिस्टम का विद्यिवत शुरूआत किया गया। शहर में गंदगी फैलाने वाले लोगों और निर्माण कार्य के नियमों के उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जाती रही है। यह चालानी कार्यवाही दुकानदारों, होटल, रेस्टोरेंट, बाजारों में गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों, कचरा को एकत्रित न कर इधर-उधर फेंकने वालों, गिला-सूखा कचरा अलग-अलग न करने वालों, खाली भूखंडों में कचरा फेंकने और उसे जलाने वालों, खुले स्थान पर शौच और पेशाब करने वालों पर नगर निगम के स्वास्थ विभाग द्वारा जुर्माना लगाया जाता रहा है। इसके साथ-साथ कंस्ट्रक्शन वेस्ट फैलाने, मकान निर्माण के दौरान सड़क पर निर्माण सामग्री रखने वालों, निर्माण में नियमों का उल्लंघन करने वालों तथा ग्रीन नेट न लगाने वालों पर नियमानुसार चालान की कार्यवाही निगम की नगर निवेश विभाग द्वारा जुर्माना लगाया जाता था। नगर निगम के इस चलानी कार्यवाही में मौके पर भुगतान राशि को किसी कारण से न भुगतान कर पाने की स्थिति अथवा संपत्तिधारक के अनुपस्थिति में चलानी कार्यवाही में बाधा आती थी जिससे कई बार कार्यवाही को रोकना भी पड़ जाता था।

ऑनलाइन ई-चालान सिस्टम में न केवल नगर निवेश और स्वास्थ्य की टीम बल्कि निगम के सभी कर्मचारी अधिकारी को जोड़ा गया है जो कहीं और कभी भी इन नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर मौके पर ही चालानी कार्यवाही कर सकते हैं। इसके लिए निगम के अधिकारी और कर्मचारियों को ई-चालान सिस्टम हेतु तैयार मोबाइल एप्लीकेशन में खुद का रजिस्ट्रेशन करना होगा। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर मौके पर फोटो लेकर, स्थल का जियो टैगिंग करते हुए ई-चालान की कार्रवाई करेंगे। इसके साथ ही जुर्माने राशि की गणना नियमानुसार सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा।

इस दौरान मौके पर भुगतान की सुविधा नागरिकों को दी जाएगी। नागरिक पॉस मशीन से कैश अथवा यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन चालान का भुगतान कर सकते हैं। यदि भुगतान मौके पर नहीं किया जाता है तो संबंधित संपत्ति के आईडी पर बकाया के रूप में चालान की राशि ऑनलाइन एसएमएस और ईमेल के माध्यम से भेजी जाएगी।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास से सामाजिक अंधविश्वास हटेंगे: दिनेश मिश्र

रायपुर 30 नवंबर। किसी भी व्यक्ति को बचपन से ही अक्षर ज्ञान के साथ सामाजिक अंधविश्वासों व कुरीतियों के संबंध में सचेत किया जाना चाहिए। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास से विभिन्न अंधविश्वासों व कुरीतियों का निर्मूलन संभव है, व्यक्ति को अपनी असफलता का दोष ग्रह-नक्षत्रों पर न थोपने की बजाय स्वयं की खामियों पर विश्लेषण करना चाहिए, उक्त विचार दौलत राम शर्मा शासकीय महाविद्यालय कसडोल द्वारा आयोजित व्याख्यान में अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र ने व्यक्त किये।

डॉ. मिश्र ने अंधविश्वास एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आयोजित कार्यक्रम कहा हमारे देश के विशाल स्वरूप में अनेक जाति, धर्म के लोग हैं जिनकी परंपराएँ व आस्था भी भिन्न-भिन्न है लेकिन धीरे धीरे कुछ परंपराएँ, अंधविश्वासों के रूप में बदल गई है। जिनके कारण आम लोगों को न केवल शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना से गुजरना पड़ता है बल्कि ठगी का शिकार होना पड़ता है। कुछ चालाक लोग आम लोगों के मन में बसे अंधविश्वासों, अशिक्षा व आस्था का दोहन कर ठगते हैं। उन अंधविश्वासों व कुरीतियों से लोगों को होने वाली परेशानियों व नुकसान के संबंध में समझा कर ऐसे कुरीतियों का परित्याग किया जा सकता है। विभिन्न सामाजिक व चिकित्सा के संबंध में व्याप्त अंधविश्वासों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा देश के विभिन्न प्रदेशों में अनेक प्रकार के अंधविश्वास प्रचलित हैं जो न केवल समाज की प्रगति में बाधक हैं बल्कि आम व्यक्ति के भ्रम को बढ़ाते हैं, उसके मन की शंका-कुशंका में वृद्धि करते हैं। डॉ. मिश्र ने कहा छत्तीसगढ़ में टोनही के नाम पर महिला प्रताड़ना की घटनाएँ आम है जिनमें किसी महिला को जादू-टोना करके नुकसान पहुँचाने के संदेह में हत्या, मारपीट कर दी जाती है जबकि कोई नारी टोनही या डायन नहीं हो सकती, उसमें ऐसी कोई शक्ति नहीं होती जिससे वह किसी व्यक्ति, बच्चों या गाँव का नुकसान कर सके। जादू-टोने के आरोप में महिला प्रताडऩा रोकना आवश्यक है। अंधविश्वासों के कारण होने वाली टोनही प्रताडऩा/बलि प्रथा,तथा सामाजिक बहिष्कार जैसी घटनाओं से भी मानव अधिकारों का हनन हो रहा है। अंधविश्वासों एवं सामाजिक कुरीतियों के निर्मूलन के लिये प्रदेश में पिछले 29 वर्षों से कोई नारी टोनही नहीं अभियान चलाया जा रहा है। डॉ. मिश्र ने कहा कि समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास अतिआवश्यक है। कई बार लोग चमत्कारिक सफलता प्राप्त करने की उम्मीद में ठगी के शिकार हो जाते हैं, जबकि किसी भी परीक्षा, साक्षात्कार, नौकरी प्रमोशन के लिए कठोर परिश्रम व सुनियोजित तैयारी आवश्यक है। तुरन्त सफलता के लिए किसी चमत्कारिक अँगूठी, ताबीज, तंत्र-मंत्र कथित बाबाओं के चक्कर में फँसने की बजाय परिश्रम का रास्ता अपनाना ही उचित है।

ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारी

रायपुर 30 नवंबर। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के संयुक्त तत्वाधान में 1 दिसम्बर, प्रातः 11 बजे से श्री दूधाधारी सत्संग भवन, रायपुर में होने वाले सर्व ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारी बैठक श्री जगन्नाथ मंदिर, टूरी हटरी, पुरानी बस्ती में सम्पन्न हुई। बैठक में अब तक आये लगभग 350 पंजीयन और प्राप्त हो रहे नवीन पंजीयन, अतिथि स्वागत, मिलन-2024 स्मारिका विमोचन, युवक-युवतियों का परिचय, भोजन व्यवस्था आदि विषयों पर चर्चा कर कार्यभार तय किया गया. ज्ञात हो कि सांसद बृजमोहन अग्रवाल , रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा , नपानि सभापति प्रमोद दुबे , नपानि लोनिवि अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा , भाजपा पार्षद दल प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे , समाजसेवी राजीव वोरा ने आतिथ्य हेतु अपनी सहमति प्रदान कर चुके हैं. आज की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा, कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा, स्मारिका सम्पादक रज्जन अग्निहोत्री, राष्ट्रीय सचिव सुरेश मिश्रा, प्रदेश महासचिव अजय अवस्थी, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, मिथिलेश रिझारिया, विद्या भट्ट, बबीता मिश्रा, सुमन पाण्डेय, प्रीति मिश्रा, सतीश शर्मा, राघवेन्द्र पाठक, उमेश शर्मा, रवि शर्मा, वीणा मिश्रा, सुरभि शर्मा, कल्पना मिश्रा, अनिता राव सहित काफी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26